दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — राजधानी में कांग्रेस से महापौर बनना तय...
4 रविवारीय — स्ट्रॉबेरी और ब्लूबेरी- दोनों सेहत के...
9 मनोरंजन/व्यापार — परिणीति चोपड़ा नहीं, 'भुजः द प्राइड ऑफ....
11 खेल — बुमराह की वापसी, विश्वकप से पहले...

www.navpradesh.com
रायपुर, रविवार 5 जनवरी, 2020, पौष शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-321 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पिछले कई सालों से लोग पानी पी-पी कर गर्मी को कोसते थे लेकिन इस बार ठंड ने ऐसा कहर बरपाया है कि सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई है। ऊपर से बेमौसम बारिश और कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि ने दुबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत चरितार्थ कर दी है। ये प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही दुष्परिणाम है कि कभी प्रचंड गर्मी तो कभी भारी बाढ़ और अब हाड़ कंपाने वाली कड़ाके की ठंड के रूप में प्रकृति का प्रकोप टूट रहा है। यदि हम प्रकृति को छेड़ने से बाज नहीं आए तो वह हमें छोड़ेगी नहीं।

भाजपा ने नहीं उतारा प्रत्याशी, कांग्रेस के रामशरण निर्विरोध मेयर निर्वाचित

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर नगर निगम के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

- कांग्रेस के ही नजीरुद्दीन सभापति, इस पद के लिए भी नहीं हुआ चुनाव
- क्रॉस वोटिंग के डर से दोनों पदों के मुकाबले से पीछे हट गई भाजपा

बिलासपुर। बिलासपुर नगर निगम के महापौर व सभापति शनिवार को निर्विरोध चुन लिए गए। क्रॉस वोटिंग के डर से भाजपा ने दोनों पदों के लिए अपने प्रत्याशी खड़े नहीं किए। जिससे दोनों पदों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय हो गई। कांग्रेस के रामशरण यादव महापौर और शेख नजीरुद्दीन सभापति पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए।

बिलासपुर नगर निगम के इतिहास में पहली बार महापौर और सभापति का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। इस घटनाक्रम को भाजपा को नए साल के बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। क्योंकि इससे पहले शुक्रवार को हुए राजनांदगांव मेयर पद के चुनाव में भी कांग्रेस की विजय हुई है। बिलासपुर नगर निगम के महापौर और सभापति के चुनाव के लिए लखीराम ऑडिटोरियम में सुबह 9 बजे प्रक्रिया शुरू हुई। पहले कांग्रेस भाजपा के निर्वाचित सभी 69 पार्षदों को कलेक्टर ने पद और गोपनीयता की शपथ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

35 हजार मतों से हुई हार का हिसाब चुकता

नव निर्वाचित महापौर रामशरण यादव वर्ष 2015 के मेयर चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी थे। तत्कालीन नगरीय निकाय मंत्री अमर अग्रवाल ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में किशोर राय को लड़ाया था। किशोर राय ने तब रामशरण यादव को 35 हजार से भी अधिक मतों से हराया था। लेकिन राजनीति में किसका वक्त कब बदल जाए कहा नहीं जा सकता। शनिवार का घटनाक्रम इसका उदाहरण है। कभी 35 हजार मतों से हारने वाले रामशरण मेयर बन गए तो वहीं भाजपा मेयर के साथ ही सभापति चुनाव लड़ने की स्थिति में भी नहीं रही।

अरपा का सौंदर्यीकरण-साफ पानी होगी पहली प्राथमिकता

पिछले 15 साल में भाजपा शासनकाल के दौरान शहर के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकते रहे हैं। अब प्रदेश तथा नगर निगम में कांग्रेस की सरकार हो जाने से निगम में ऐसी व्यवस्था की जाएगी जिससे जनता को भटकना न पड़े और राज्य शासन की तमाम योजनाएं आसानी से जनता तक पहुंच जाएं। अरपा के सौंदर्यीकरण के साथ ही लोगों को साफपानी मिले यह पहली प्राथमिकता होगी। शहर की जनता की सेवा में 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा।

रामशरण यादव, महापौर, बिलासपुर

सभापति पद पर भी निर्विरोध निर्वाचन

दोपहर 3 बजे निगम सभापति पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू की गई तो कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद शेख नजीरुद्दीन नामांकन जमा करने पहुंचे। लेकिन भाजपा ने सभापति पद के चुनाव से भी किनारा कर लिया। नतजीतन शेख नजीरुद्दीन भी एक मात्र कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में निगम के सभापति पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गए। इस घटनाक्रम से कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला।

खास खबर

सीएए प्रदर्शनकारियों को बीजेपी विधायक की धमकी, मुकदमा दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीजेपी विधायक जी सोमाशेखर रेड्डी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सोमाशेखर ने नागरिकता संशोधन बिल (सीएए) के विरोधियों को लेकर धमकी भरा बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि सीएए का विरोध करने वाले सिर्फ 18 प्रतिशत हैं जबकि हम लोग 80 प्रतिशत हैं। उन्होंने सीएए विरोधियों को धमकाते हुए कहा था कि वे कल्पना कर लें कि अगर हम सड़कों पर उतरे तो क्या होगा?

एनपीआर, सीएए और एनआरसी एक ही सिक्के के 2 पहलू: चिदंबरम

नई दिल्ली ए.। पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि एनआरसी, सीएए और एनपीआर एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। असम में एनआरसी के कारण 19 लाख लोगों की नागरिकता चली गई। सरकार को अभी भी लगता है कि कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार मे एनपीआर लाया गया था, लेकिन वह जनगणना के लिए था, लेकिन मौजदा सरकार इस मुद्दे पर आगे बढ़ती जा रही है।

शिवसेना नेता सत्तार ने मंत्री पद छोड़ने की दी धमकी

मुंबई, (वार्ता)। शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे नीत महा विकास अघाड़ी सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा न दिये जाने से नाराज महाराष्ट्र के राज्य मंत्री और शिव सेना के विधायक अब्दुल सत्तार ने शनिवार को मंत्री पद से इस्तीफे की धमकी देकर सरकार को गंभीर झटका दिया। शिव सेना के इकलौते मुस्लिम विधायक तथा मंत्रिमंडल में शामिल चार मुस्लिमों में एक श्री सत्तार औरंगाबाद जिले के सिल्लोद विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

विधानसभा के सेंट्रल हॉल में 4 महापुरुषों की भी यादें संजोई गईं

बापू, सरदार पटेल और इंदिरा राजीव गांधी का लगा तैल चित्र

नवप्रदेश संवाददाता

- महंत बोले-इन चित्रों के लगने से हॉल का सूनापन हो गया दूर
- सीएम ने कहा- यह हॉल जीवंत रहे इसलिए दें सुझाव हम मानेंगे
- नेताप्रतिपक्ष ने विस अध्यक्ष को साल पूरा करने पर दी बधाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने कई आदर्श सालभर में पेश किये हैं। संविधान के उच्च मानकों और आदर्शों के लिए अपनी अलग पहचान बना चुके छग.विधानसभा और विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास महंत ने आज अपने कार्यकाल का साल भी पूरा किया। इसी तारतम्य में विस.अध्यक्ष समेत सदन के सभी सदस्यों की मौजूदगी में संदन के सेंट्रल हॉल में चार महापुरुषों का तैल चित्र लगाकर यादगार बनाया गया। इस मौके पर सेंट्रल हॉल की फोटो गैलरी में चार खाने रिक्त थे। जिसे देखकर विधानसभा अध्यक्ष श्री महंत ने कहा हॉल सूना-सूना लगता था। तैल चित्र के अनावरण के बाद विस.अध्यक्ष चरणदास महंत ने खुशी जाहिर करते हुए कहा हॉल का वह सूनापन अब जाकर खत्म हुआ है। विधानसभा के सेंट्रल हॉल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

***मुख्यमंत्री भूपेश बघेल** ने कहा कि तैलचित्र का अनावरण हुआ है। साथ ही आज विधानसभा अध्यक्ष का एक साल पूरा हुआ है। आज के दिन ही हम सबने विधानसभा में शपथ भी ली थी। हॉल के रिक्त स्थान में तैलचित्रों पूरा हो चुका है। अब कुछ गुंजाइश नहीं बची है। यह हॉल जीवंत रहे इसके लिए जो सुझाव रहेंगे, उसमें सरकार सहमत भी रहेगी।*

ननकाना साहिब हमला: 4 सदस्यों को पाक भेजेगा एसजीपीसी

भारत में भड़का आक्रोश

- बीजेपी, कांग्रेस, अकाली दल ने शनिवार को दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के सामने किया प्रदर्शन
- दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और शिरोमणि अकाली दल के सदस्यों ने पाक के खिलाफ नारेबाजी की
- शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने पाकिस्तान सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

नई दिल्ली ए.। पाकिस्तान में गुरु नानक जन्मस्थली ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर हुए हमले के बाद भारत में इसके खिलाफ हर ओर आक्रोश है। बीजेपी, कांग्रेस, अकाली दल ने शनिवार को दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के सामने प्रदर्शन किया तो देश के अलग-अलग हिस्सों में सिख समुदाय के लोगों सड़कों पर उतरकर गुस्सा जाहिर किया। इस बीच सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को पाकिस्तान भेजने का फैसला किया है।

ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर शुक्रवार को भीड़ ने हमला किया था, जिसके बाद सिख श्रद्धालु गुरुद्वारे के अंदर फंस गए। सोशल मीडिया पर प्रसारित विडियो में दिख रही भीड़ ने अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ सांप्रदायिक और घृणित नारे लगाए और धर्मस्थल पर पथराव किया। पाकिस्तानी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'कट्टरता खतरनाक और पुराना जहर है'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पाकिस्तान में ननकाना साहिब पर भीड़ के पथराव एवं नारेबाजी की घटना की निंदा करते हुए कहा कि कट्टरता एक ऐसा खतरनाक और पुराना जहर है जिसकी कोई सीमा नहीं है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने ट्वीटर पर वीडियो शेयर कर राहुल और प्रियंका गांधी से पूछा था कि इस्लाम के नाम पर पाकिस्तान में सिख भाइयों को धमकी दी जा रही है। इन कांग्रेसियों को शोषित धार्मिक अल्पसंख्यक का और सबूत चाहिए? आप के लिए ये सबूत काफी है या और चाहिए? राहुल ने ट्वीट कर कहा ननकाना साहिब पर हमला निंदनीय है और इसकी खुल कर भर्त्सना करनी चाहिए। गांधी ने कहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दिल्ली में आतंकी हमले की साजिश का जिम्मेदार था कासिम : ट्रंप

नई दिल्ली (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन ने कहा है कि ईरान के शक्तिशाली रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी को मारने का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का निर्णय रक्षात्मक था और इसे भविष्य में रक्तपात रोकने के लिए लिया गया था। ओ ब्रायन ने आरोप लगाया, ''पश्चिम एशिया के देशों में यात्रा कर रहा सुलेमानी दमिश्क से इराक आया था, जहां वह अमेरिकी जवानों और राजनयिकों पर हमले का षड्यंत्र रच रहा था।

ओब्रायन ने जनरल के मारे जाने पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह और रक्तपात रोकने के लिए की गयी रक्षात्मक कार्रवाई थी। ट्रम्प ने बयान दिया था कि यह कार्रवाई युद्ध शुरू करने के लिए नहीं, बल्कि युद्ध रोकने के लिए की गई थी। सुलेमान ने निर्दोष लोगों की हत्या को अपना बीमार जुनून बना लिया था।

पिछली सरकार को दोष देने का कोई मतलब नहीं : पायलट

- **कोटा में बच्चों की मौत पर राजस्थान के डिप्टी सीएम बोले- तय हो जवाबदेही**

नई दिल्ली ए.। राजस्थान के उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कोटा में बच्चों की मौत पर कहा कि- मुझे लगता है कि इस पर हमारी प्रतिक्रिया अधिक संवेदनशील हो सकती थी। 13 महीने तक सत्ता में रहने के बाद मुझे लगता है कि इसके लिए पिछली सरकार को दोष देने का कोई मतलब नहीं है। जवाबदेही तय होनी चाहिए।

गौरतलब है कि राजस्थान के कोटा जिले के जेके लोन अस्पताल में दिसंबर के अंतिम दो दिन में कम से कम 8 और शिशुओं की मौत हो गई। इसके साथ ही आज अस्पताल में मरने वाले शिशुओं की संख्या अस्पताल में बच्चों की मौत का आंकडा बढ़कर 107 तक पहुंच गया है।

विधायक की सुरक्षा में तैनात जवान ने की आत्महत्या

दंतेवाड़ा (नवप्रदेश)। विधायक दंतेवाड़ा देवती कर्मा की सुरक्षा में तैनात एक जवान ने देर रात अज्ञात कारणों से अपने ही एके-47 बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार विधायक बंगले के सुरक्षा में तैनात आसोराम कश्यप देर रात तक किसी से फोन पर बात कर रहा था। इसके बाद उसने अपने पास रखे एके-47 से अपनी छाती पर गोली चला दी। इस हादसे में आसोराम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त आसपास मौजूद अन्य जवानों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

कब मिलेगी राहत — मामला कटघोरा वनमंडल का, पहले से जांजगीर के प्रभारी डीएफओ का पद संभाल रहे उपाध्याय को दिया गया है कटघोरा का अतिरिक्त प्रभार

हाथियों ने घेरा तो 'अनुभवी' प्रभारी डीएफओ भी हुए असहज

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोरबा के जंगलों में हाथियों के उत्पात की खबरें आम हैं। ऐसे ही ताजा मामले में दो-दो वनमंडल के प्रभारी डीएफओ का पद संभाल रहे अफसर को हाथियों ने घेर लिया। लेकिन खुद की जान बचाने में वन मामलों के काफी अनुभवी बताए जाने वाले इन अफसर का अनुभव काम न आ सका और आखिर उनकी जान बचाई मैदानी वन अमले ने।

मामला कटघोरा वनमंडल का है और बात हो रही है इसी वनमंडल के प्रभारी डीएफओ का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे जितेंद उपाध्याय की। पहले से जांजगीर वनमंडल के प्रभारी डीएफओ का पद संभाल रहे उपाध्याय को उन्हें अनुभवी बताते हुए कटघोरा वनमंडल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

45 हाथियों का झुण्ड मचा रहे उत्पात

कोरबी सर्किल के पाली पंचायत में कुल्हरिया के पास 15 दिन के भीतर दो हाथियों की मौत हो गई। एक हाथी पहाड़ी से गिर गया था। दूसरा हाथी बीमार होने की वजह से बैठा तो उठ ही नहीं पाया। समय पर इलाज नहीं होने के कारण हाथी की मौत हो गई। अभी इसकी जांच भी चल रही है। इसके बाद से 45 हाथी आसपास उत्पात मचा रहे हैं।

इसलिए निकले थे दौरे पर

कोरबी सर्किल में दो हाथियों की मौत के बाद दल इसी क्षेत्र में घूम रहा है। डीएफओ का प्रभार लेने के बाद उपाध्याय हाथी उत्पात की जानकारी लेने शुक्रवार दोपहर 2 बजे पहुंचे थे। वे कच्ची सड़क से जा रहे थे, लेकिन जब तक गांव पहुंच पाते, हाथियों से सामना हो गया। इसके बाद कुछ हाथी सड़क के दूसरे छोर में भी खड़े हो गए। इससे निकालने का रास्ता बंद हो गया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दो परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया

ग्राम खुरूपारा में दो परिवार बस्ती से अलग रहते हैं। हाथी दो दिन से आसपास ही घूम रहे थे। रामकुमार पिता सुखराम व रामचरण पिता भुवाल सिंह राजवाड़े के परिवार को उड़नदस्ता टीम ने घर से निकाल गजराज वाहन में सुरक्षित ले गया। हाथियों के डर से ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं। गुरुवार को हाथियों ने पनगवां, सरमा में मकानों को तोड़ दिया वहीं हर दिन रबी फसल को चौपट कर रहे हैं।

शुक्रवार को केंदई वन परिक्षेत्र के दौरे पर निकले थे। इस दौरान हाथियों का दल कच्ची सड़क के दोनों ओर खड़ा हो गया था। जिससे रास्ता ब्लाक हो चुका था ऐसे में निकलना बेहद मुश्किल हो गया था। वन अमले की टीम के सहयोग से हाथियों को खदेड़ा गया। केंदई रेंज में लगभग 40 हाथी विचरण कर रहे हैं।

जितेंद्र उपाध्याय, प्रभारी डीएफओ, कटघोरा

आंध्रा की राजधानी विवाद पर सड़क में उतरे किसान, अमरावती कराया बंद

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश की राजधानी को अमरावती की जगह विशाखापट्टनम में शिफ्ट करने वाले प्रपोजल के खिलाफ किसान सड़क पर उतर गए हैं। शनिवार को किसानों ने राजधानी अमरावती को पूरी तरह से बंद करा दिया। इस दौरान विरोध कर रहे किसान, महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस के कथित व्यवहार से भी नाराज दिखे और पूरे शहर को बंद कर दिया।

किसानों के विरोध को देखते हुए अमरावती में शैक्षणिक संस्थानों, बैंकों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को अपने अपना शटर डाउन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं वेलागापुडी में छुट्टी के कारण राज्य सचिवालय बंद रहा।

ज्वाइंट एक्शन कमेटी (छ्ष्ट) के नेतृत्व में अमरावती के तहत आने वाले 29 गांवों में हजारों किसानों ने सड़कों पर जाम लगाकर धरना दिए। यहां तक प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स लगाकर पुलिस कर्मियों को गांवों में प्रवेश करने से रोक दिया। यहां तक की जेएसी ने दुकानदारों को साफतौर पर कह दिया है कि वो अपने शॉप के सामने या फिर फुटपाथों पर पुलिस को न बैठने दें।

मंडदम में, किसानों ने आंदोलनकारी महिलाओं के खिलाफ कथित लाठीचार्ज के विरोध में पुलिस वाहन को गांव से गुजरने देने से इनकार कर दिया।

कथित लाठीचार्ड में कई महिलाओं को चोटें आई हैं और इसके अलावा महिलाओं की अवैध गिरफ्तारी हुई। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस को वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

इसी बीच प्रदर्शनकारियों को समझाने के लिए डीएसपी वीरा रेड्डी भी किसानों के बीच पहुंचे थे। रेड्डी को देख किसान उनका पैर छूकर उन्हें वापस जाने का अनुरोध कर रहे थे कि डीएसपी खुद आंदोलनकारियों के पैर छूकर सबको आश्चर्य में डाल दिया। उन्होंने किसानों से कानून और व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध किया और कहा कि पुलिस को अपना काम करने दें। लेकिन ग्रामीणों ने उनकी बात पर भरोसा नहीं किया।

जेएसी ने दावा किया कि ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे थे। जेएसी ने कहा कि पुलिस गांव में अनावश्यक तनाव पैदा करने की कोशिस न करे। कुछ जगहों पर रास्ता रोकने के लिए सड़क पर ही टेंट लगाने की खबर मिली है। बता दें कि राज्य के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने पहले कहा था कि उनकी सरकार राज्य के विकेंद्रीयकृत विकास के लिए तीन राजधानी, जिसमें एक विधायी राजधानी, एक कार्यकारी राजधानी और एक न्यायिक राजधानी बनाने पर विचार कर रही है।

पुराने श्रीनगर के कवदारा में सीआरपीएफ दस्ते पर ग्रेनेड हमला, कोई हताहत नहीं

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुराने श्रीनगर के कवदारा इलाके में शनिवार को आतंकियों ने सीआरपीएफके दस्ते पर ग्रेनेड से हमला हुआ है। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार इस हमले में किसी भी प्रकार से जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

उधर, श्रीनगर के एक अस्पताल के लश्कर के तैयबा के एक आतंकवादी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के 'स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप' ने उत्तर कश्मीर के बांदीपोरा जिले में हाजिन इलाके के निवासी निसार अहमद डार को शहर के श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि डार का संबंध लश्कर ए तैयबा संगठन से था।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार को बारुदी सुरंग में हुए विस्फोट में एक लेफ्टिनेंट सहित चार सैनिक घायल हो गए थे।

भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए : स्वामी निश्चलानंद

सीएए पर विरोध के बीच पुरी के शंकराचार्य बोले

भुवनेश्वर। नागरिकता संशोधित कानून (CAA) को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी विरोध के बीच पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने शुक्रवार को कहा कि भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए। पुरी में गोवर्धन मठ में अपने निवास में पत्रकारों से बात करते हुए, सरस्वती ने कहा कि दुनिया के कुल 204 देशों में से कई को मुस्लिम और ईसाई देश घोषित किया गया है, जबकि हिंदुओं के लिए ऐसा कोई देश नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिन्दू राष्ट्र नहीं हैं। ऐसे में पहले चरण में भारत, नेपाल और भूटान को हिन्दू राष्ट्र घोषित करना संयुक्त राष्ट्र की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा है कि बाकी देशों में सताए जा रहे हिन्दुओं को इन तीन देशों

में पुनर्वासित किया जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा कि यदि कोई मुस्लिम किसी अन्य देश में खुद को उपेक्षित महसूस करता है और किसी विशेष राष्ट्र को छोड़ना चाहता है, तो उसे किसी भी मुस्लिम राष्ट्र में पुनर्वासित किया जाना चाहिए।

नागरिकता संशोधित कानून पर पुरी शंकराचार्य ने कहा कि वर्तमान में हुए हिंसा और अशांति से बचा सकता था अगर इसको लाने से पहले उचित परामर्श, चर्चा और लोगों के बीच जागरूकता के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए होते। बता दें कि ओडिशा के कुछ हिस्सों कटक और नियाली क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया गया। शंकराचार्य की टिप्पणी उस समय आई है जब केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सीएए का विरोध करने के लिए ओडिशा समेत 11 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है।

नागरिक संशोधन अधिनियम के समर्थन में संसद में मतदान करने वाले बीजू जनता दल ने आज राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के समर्थन में कहा कि इसमें कुछ भी नहीं है। BJD के प्रवक्ता प्रताप देब ने कहा कि 2020 का NPR, एनपीआर 2010 जैसा ही है। देश के लोगों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का आकलन करना आवश्यक है। राज्य सरकार ने जिला कलेक्टरों को प्रमुख जनगणना अधिकारियों के रूप में नामित करके जनगणना कार्यों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी तरह, इसने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेटों को जिला जनगणना अधिकारियों के रूप में नियुक्त किया।

बीजेपी विधायक के खिलाफ शिकायत दर्ज, सीएए का विरोध पर की थी विवदित टिप्पणी

नई दिल्ली। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने बीजेपी विधायक जी. सोमशेखर रेड्डी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल रेड्डी ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध को लेकर कहा ता कि 'हम 80त्न हैं, आप 18त्न हैं, सीएए का विरोध न करें।' इस बयान पर कांग्रेस भड़क गई। बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून के लेकर देशभर में कई जगह विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। उधर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीएए पर पुनर्विचार की किसी संभावना को पूरी तरह खारिज करते हुए स्पष्ट कहा कि भाजपा इस मामले में अपने फैसले से एक इंच भी पीछे नहीं हटेगी। साथ ही कहा कि सीएए किसी की नागरिकता लेने का नहीं बल्कि नागरिकता देने का कानून है। शाह ने सीएए के समर्थन में पार्टी के जनजागरण अभियान की शुरुआत करते हुए सभा में कहा कि पार्टी इस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए देशभर में सभाएं व रैलियां करेंगी।

भारत ने पाकिस्तान में गुरद्वारा ननकाना साहिब में तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की

■ कड़ी कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान में पवित्र ननकाना साहिब गुरद्वारे में तोड़फोड़ की शुक्रवार को कड़ी निन्दा की और पड़ोसी देश से वहां सिखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में श्री गुरु नानक देव जी के जन्मस्थान पवित्र ननकाना साहिब में सिखों के साथ हिंसा हुई है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, '' भारत इस पवित्र स्थान

पर तोड़फोड़ और बेअदबी की हरकतों की कड़ी निंदा करता है। इसने कहा, '' हम पाकिस्तान सरकार से सिखों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान करते हैं। मंत्रालय ने कहा, '' उन बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जो इस पवित्र गुरद्वारे में बेअदबी में शामिल हैं और जिन्होंने अल्पसंख्यक सिखों पर हमला किया है। मीडिया की खबरों के अनुसार गुरद्वारा ननकाना साहिब पर एक भीड़ ने हमला किया। खबरों के अनुसार शुक्रवार को ननकाना साहिब के स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को सिख श्रद्धालुओं पर पथराव किया।

कोटा अस्पताल में बच्चों की मौत पर बोलीं स्मृति

पिछले साल मौत होने के बाद भी राजस्थान सरकार नहीं चेती

नई दिल्ली। कोटा अस्पताल में बीते दिसंबर महीने में सौ से अधिक बच्चों की मौत को लेकर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि पिछले साल 900 से अधिक मौत होने के बाद भी राजस्थान सरकार नहीं चेती। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि यह मामला स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़ा हुआ है और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग इसकी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में राजस्थान के मुख्यमंत्री

अशोक गहलोत की टिपण्णी से वह आहत हैं। ईरानी ने कहा, ''वर्तमान में राजस्थान के मुख्यमंत्री की ओर से जिस तरह के वाक्य मैं सुन रही हूं, उससे एक मां और भारतीय होने के कारण दुखी हूं। राजस्थान सरकार ने इतनी मौतों के बावजूद कोई कार्रवाई इसलिए नहीं की क्योंकि मरने वाले बच्चे गरीब थे।

भारत से फिर डरा पाकिस्तान, संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद को लिखा पत्र

नई दिल्ली। पाकिस्तान एक बार फिर भारत से डरा हुआ है। इस बार उसने संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद को पत्र लिखकर 'भारत से उत्पन्न खतरे' के बारे में सचेत किया है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता आएशा फारूकी ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतेरेस और सुरक्षा परिषद अध्यक्ष केली क्राफ्ट को पत्र लिखकर विस्तार से बताया है कि नियंत्रण रेखा पर भारतीय सैनिकों की तैनाती और संघर्षविराम उल्लंघन की लगातार

बढ़ती घटनाओं ने पाकिस्तान के लिए खतरा पैदा कर दिया है। आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों में सबसे ज्यादा पाकिस्तान की तरफ सीजफायर का उल्लंघन हुआ है और इसमें कई आम नागरिकों की भी मौत हुई है।

फारूकी ने कहा, हमने अपनी चिंताओं और डर को अंतराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ-साथ अपने दोस्तों के साथ साझा किया है। पाकिस्तान हाल के दिनों में आरोप लगाता रहा है कि 'भारत में नागरिकता कानून व एनआरसी जैसे मुद्दों के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों से ध्यान हटाने के लिए भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन कर सकता है।'

अमित शाह 30 हजार कार्यकर्ताओं को देंगे 'बूथ जीतो-चुनाव जीतो' के टिप्स

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 का कार्यक्रम भले ही अभी घोषित नहीं हुआ है, मगर भाजपा का चुनाव अभियान आक्रामक हो

चला है। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह इसी क्रम में रविवार को 30 हजार से अधिक बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मंत्र देंगे। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह हर चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को 'बूथ जीतो-चुनाव जीतो' का खास टिप्स देते हैं। अमित शाह इस सम्मेलन के जरिये विधानसभा चुनाव में 51 प्रतिशत वोट शेयर पाने का कार्यकर्ताओं को लक्ष्य देंगे, ताकि आप-कांग्रेस में गठबंधन होने की स्थिति में भी भाजपा पर असर न पड़े। शाह रविवार साढ़े 11 बजे से इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

गुरुग्राम में शराब ठेके के बाहर मिला बच्चे का शव, काला जादू के लिए हत्या का शक

गुरुग्राम। गुरुग्राम के मानेसर के गांव नाहरपुर में गुरुवार शाम को घर के बाहर खेलते हुए लापता हुए नौ वर्षीय बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र

में सनसनी फैल गई। बच्चे का शव शराब के ठेके के बाहर शुक्रवार को बिना कपड़े के ही मिला था। आशंका जताई जा रही है कि काला जादू कर बच्चे की हत्या की गई है।

इससे पहले गुरुवार शाम को बच्चे के नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई।लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। रात भर बच्चा घर नहीं पहुंचा तो शुक्रवार सुबह परिजन दोबारा से थाने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके में कॉम्बिंग की। बाद में घर से मात्र 300 मीटर की दूरी पर बच्चे का शव खाली प्लॉट में मिला। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि बच्चे की हत्या की गई।

प्रदर्शनकारियों ने छूए डीएसपी के पैर तो डीएसपी भी छूने लगे पैर, जीत दिल

अमरावती। आंध्र प्रदेश के अमरावती जिले में उस वक्त एक हैरानी भरा दृश्य देखने को मिला जब प्रदर्शनकारी डीएसपी वीरा रेड्डी के पैर

छू रहे थे। जिसके बाद डीएसपी वीरा रेड्डी ने भी उन सभी क पांव छूने लगे। यह वाकया अमरावती जिले के मनददम जिले का है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, किसान राज्य की तीन राजधानी के प्रस्ताव के खिलाफ करीब तीन हफ्ते से भी ज्यादा समय से प्रदर्शन करते आ रहे हैं। वीडियो में यह साफ देखा जा सकता है कि पहले डीएसपी उन प्रदर्शनकारियों को कुछ समझा रहे हैं। उसके बाद वे सभी प्रदर्शनकारी डीएसपी के पैर पर गिरने लग जाते हैं। उसके फौरन बाद डीएसपी वीरा रेड्डी भी उन प्रदर्शनकारियों के पैर छूने के लिए नीचे झुकते हैं।

लालू ने आरजेडी को दिया नया नारा कहा- दो हजार बीस-हटाओ नीतीश

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में अभी समय है लेकिन उसको लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पोस्टर के जरिए

विरोधियों पर निशाना साधने से लेकर नए नारे गढ़ने की शुरुआत हो चुकी है। इसी बीच राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने पार्टी को एक नया नारा दिया है। लालू प्रसाद यादव का नारा है- 'दो हजार बीस, हटाओ नीतीश।' शनिवार को लालू ने इस नारे को अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया। इससे पहले जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और आरजेडी के बीच पोस्टर वार की शुरुआत हो ही चुकी है। आरजेडी ने पार्टी कार्यालय के बाहर एक पोस्टर लगाया था, जिसमें नीतीश कुमार की सरकार को झूठ की टोकरी और घोटालों का धंधा बताया गया था।

भड़ास | अब्दुल सत्तार ने 30 दिसंबर को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री पद की शपथ ली थी

अब्दुल सत्तार के इस्तीफे पर बोले देवेंद्र फडणवीस, ये उद्धव सरकार के पतन की शुरुआत

मुंबई। महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल के बंटवारे से पहले नाराज चल रहे शिवसेना के कोटे से राज्यमंत्री बने अब्दुल सत्तार ने पद से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि वह कैबिनेट मंत्री का दर्जा चाहते थे लेकिन उन्हें राज्यमंत्री बनाया गया। वहीं इस इस्तीफे के बाद से बीजेपी ने महाराष्ट्र विकास अगाड़ी पर निशाना साधा है और कहा है कि सत्तार का इस्तीफा उद्धव सरकार के पतन की शुरुआत है। आपको बता दें कि अब्दुल सत्तार ने 30 दिसंबर को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री पद की शपथ ली थी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि सत्तार का इस्तीफा उद्धव सरकार के पतन की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में सभी को मलाईदार मंत्रालय चाहिए और यह विश्वासघात की सरकार है।

उधर, शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने कहा है कि अब्दुल सत्तार जी ने पद से इस्तीफा दिया है या नहीं इसके बारे में जो सत्य है वो या तो मुख्यमंत्री या राजभवन के सूत्र ही बता सकते

हैं। मैंने भी यह खबर देखी और सुनी है। उन्होंने कहा कि वो नाराज है तो क्यों है मुझे पता नहीं। मैंने सुना है कि उन्हें राज्य मंत्री बनाया लेकिन वह कैबिनेट मंत्री बनना चाहते थे। शिवसेना के कोटे में ज्यादा मंत्रालय नहीं है फिर भी उन्हें मंत्री बनाया है।

शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सत्तार ने इस्तीफा दिया है या नहीं। पार्टी सत्तार को मनाने का प्रयास कर रही है। वरिष्ठ शिवसेना नेता अनिल देसाई ने कहा कि सत्तार ने इस्तीफा नहीं दिया है। इस बीच, सत्तार से मिलने और इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए पार्टी की ओर से अर्जुन खोतकर को भेजा गया है। खोतकर औरंगाबाद के एक होटल में सत्तार से मिले, लेकिन होटल से निकलने से पहले इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। सत्तार के बेटे समीर ने कहा कि मुझे पता नहीं है कि क्या उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। केवल वही इस मुद्दे पर बात कर पाएंगे।

30 दिसंबर को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में अनदेखी होने के बाद से शिवसेना के कई वरिष्ठ नेताओं में असंतोष और आक्रोश व्याप्त हो गया था। पिछली कांग्रेस-एनसीपी सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके कई विधायकों को शिवसेना कोटे से कैबिनेट बर्थ दिए जाने की उम्मीद थी। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने तीन निर्दलीय विधायकों को एक को कैबिनेट और दो को कनिष्ठ मंत्री का पद दिए जाने के बाद से पार्टी के अंदर कई विधायक नाखुश हैं।

बता दें कि अब्दुल सत्तार कांग्रेसी में थे और विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस से शिवसेना में शामिल हुए थे। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व से नाराज होकर उन्होंने कांग्रेस छोड़ी थी। मराठवाडा में औरंगाबाद के जमीनी नेता के तौर पर अब्दुल सत्तार की पहचान है। इन दिनों महाराष्ट्र में जिला परिषद के चुनाव चल रहे हैं और जिला परिषद अध्यक्ष पद पर अब्दुल सत्तार अपने उम्मीदवार को जिताना चाहते हैं, जबकि महाराष्ट्र की महा विकास आघाडी सरकार जिसमें शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस तीनों शामिल हैं ने यह तय किया है कि जिला परिषद अध्यक्ष कांग्रेस का बनाया जाए। इस बात से भी अब्दुल सत्तार नाराज हैं। उधर, एनसीपी प्रवक्ता और महाराष्ट्र कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेने वाले नवाब मलिक ने कहा कि सोमवार को मंत्रिपद का आवंटन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिपद आवंटन में देरी इसलिए हुई क्योंकि नए विभागों को बनाया गया है

न्यूज गैलरी

मिर्ची गोडाउन में लगी आग, खरखराहट से लोग हुये परेशान

रायपुर। गुढ़ियारी इलाके में स्थित मिर्ची गोडाउन में आग लगने से लोगों को सांस लेने में दिक्कतें हो रही है। आग लगने की सूचना पाकर दमकल विभाग की दो गाड़ी आग पर काबू पाने के लिये घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी क्षेत्र में मुर्राभट्ठी के पास स्थित मिर्ची गोडाउन में आग लगने के चलते क्षेत्र में मिर्ची की खरखराहट से लोग अपने घरों के बाहर निकल गये। घटना के संबंध में पता चलते ही इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। घटना स्थल पर पहुचकर फायर ब्रिगेड की दो गाड़िया आग पर काबू पायी जिसके बाद मिर्ची की खरखराहट से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली।

शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से दुष्कर्म, दिया बच्चे को जन्म

रायपुर। शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ किया महीनों तक दुष्कर्म करने के बाद गर्भ ठहर जाने पर नाबालिग ने नवजात शिशु को जन्म दिया है। घटना की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ पास्कोएक्ट के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर निवासी पीड़िता 16 वर्ष ने अभनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि नीलकंठ साहू 19 वर्ष पिता तुलाराम साहू निवासी जवईबांधा ने शादी का प्रलोभन देकर कई महीनों से शारीरिक संबंध बना रहा था। गर्भ ठहर जाने पर प्रार्थियां ने एक नवजात शिशु को जन्म दिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पास्कोएक्ट की धारा के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर अपराध कायम कर लिया है।

युवती के साथ अनाचार, मामला दर्ज

रायपुर। स्वयं को पुलिस विभाग में अधिकारी बताकर युवती को शादी का प्रलोभन देकर बनाया शारीरिक संबंध व शादी करने से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन बिलासपुर निवासी पीड़िता 27 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि पीयुष तिवारी ने प्रार्थियां को शादी का प्रलोभन देकर झांसे में लेकर स्वयं को पुलिस का अधिकारी बताकर शारीरिक संबंध बनाया व शादी की बात कहने पर झूठे केस में फंसाने व अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने न्यायालय में समझौता का फर्जी ईकरारनामा पेश किया। घटना की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376, 384, 420 के तहत अपराध कायम कर लिया है।

राजधानी में भी कांग्रेसी महापौर का जोर

निर्दलीय पार्षदों ने सीएम से की मुलाकात, कांग्रेस का दावा, निर्दलीय पार्षदों से चर्चा रही सफल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में पहुंचे आधा दर्जन पार्षदों के चेहरों पर स्पष्ट शांति दिखी। वहीं निर्दलीय पार्षदों द्वारा यह कहा जाना कि चर्चा सफल रही, इस बात का स्पष्ट संकेत दे रहा है कि रायपुर नगर निगम में कांग्रेस का महापौर बनना तय है।

सिविल लाईन स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज कांग्रेस पार्षद दल की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने भी शिरकत की। इधर रायपुर नगर निगम में 34 सीट पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद से ही कांग्रेस पार्टी इस बात के लिए आश्वस्त थी कि निगम में महापौर उनके ही दल से बनेगा। हालांकि बहुमत के लिए कांग्रेस संगठन को 2 और पार्षदों के समर्थन की जरूरत है। राजनीतिक उठापठक के बीच आज अचानक एजाज ढेबर करीब आधा दर्जन निर्दलीय पार्षदों को लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंच गए। इसके बाद से ही अटकलों का बाजार गर्म हो गया था। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री निवास में सभी निर्दलीय प्रत्याशियों से वन-टू-वन चर्चा हुई है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री निवास से बाहर निकले निर्दलीय पार्षदों ने महापौर के नाम पर खुलकर कुछ भी नहीं कहा। हालांकि कुछ निर्दलीय पार्षदों ने यह कहकर कि चर्चा सफल रही, इस बात का स्पष्ट संकेत माना जा सकता है कि नगर निगम की सत्ता में एक बार फिर से कांग्रेस का कब्जा होगा। निगम में बहुमत के लिए कांग्रेस को केवल 2 निर्दलीय पार्षद के समर्थन की जरूरत है, जबकि आज की बैठक में करीब आधा दर्जन निर्दलीय पार्षद उपस्थित थे। ऐसे में राजनीति के जानकारों की माने तो समीकरण बिठाने के बाद निगम में कांग्रेस का महापौर बनना तय है।

हालांकि राजनीतिक समीकरण कब बदल जाए, यह कहना मुश्किल है। लेकिन इस बैठक के बाद कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के चेहरों पर छाया संतोष इस बात की ओर भी संकेत देता है कि समीकरण फिट हो चुका है, अब केवल महापौर का चुनाव होना शेष है।

रायपुर। सुकमा जिले के नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित पार्षदों ने आज विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ। चरणदास महंत और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात की।

कांग्रेस पार्षद दल की बैठक से पहले सीएम हाउस पहुंचे आधा दर्जन निर्दलीय पार्षद

सभी निर्दलीय पार्षद दे सकते हैं कांग्रेस को समर्थन

रायपुर नगर निगम में महापौर के साथ ही सभापति के चुनाव के ठीक पहले राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। मुख्यमंत्री निवास में आज सभी निर्वाचित कांग्रेस पार्षद दल की बैठक बुलाई गई है। इधर शहर के आधा दर्जन निर्दलीय पार्षदों के भी मुख्यमंत्री निवास पहुंचने की सूचना है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सिविल लाईन स्थित निवास कार्यालय में आज शहर के विभिन्न वार्डों से निर्वाचित हुए कांग्रेसी पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। संभवत: इस बैठक में सभी पार्षदों को सभापति और महापौर चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। ज्ञात हो कि रायपुर नगर निगम में कुल 70 सीट हैं। इनमें से 34 में कांग्रेस का, 29 में भाजपा का तथा शेष में निर्दलीय पार्षद चुनकर आए हैं। रायपुर नगर निगम में बहुमत के लिए 36 पार्षदों का समर्थन जरूरी है।

ऐसे में कांग्रेस को केवल 2 निर्दलीय पार्षदों का समर्थन हासिल करना होगा और इसके बाद शहरी सत्ता एक बार फिर से कांग्रेस के पाले में आ जाएगी। जबकि दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा को बहुमत के लिए सभी 7 निर्दलीय पार्षदों का समर्थन हासिल करना होगा जो कि व्यवहारिक रूप से काफी मुश्किल नजर आ रहा है। इधर आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में आधा दर्जन निर्दलीय पार्षदों के भी पहुंचने की सूचना है। माना जा रहा है कि बैठक समाप्त होने के बाद ये सभी आधा दर्जन निर्दलीय पार्षद कांग्रेस के समर्थन का ऐलान कर सकते हैं। बताया जाता है कि सभी निर्दलीय पार्षद इस शर्त पर अपना समर्थन दे सकते हैं कि उनके वार्डों में विकास कार्य के लिए विशेष ध्यान दिया जाए।

आज सीएम देंगे आईपीएस अफसरों को विजन 2020 के टिप्स

■ आईजी रेंज-एसपी कान्क्लेव में गृहमंत्री भी करेंगे शिरकत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर में कल भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का कान्क्लेव आयोजित किया जाएगा। नया रायपुर में आयोजित इस कान्क्लेव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शिरकत करेंगे। खासतौर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, चीफ सिकरेट्री आरपी मंडल के साथ-साथ डीजीपी भी मौजूद रहेंगे।

सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले कान्क्लेव में विजन 2020 पर चर्चा होगी। साल 2020 में राज्य में पुलिसिंग कैसी हो, क्या सुधार होज इसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य के पुलिस अफसरों को दिशा-निर्देश देंगे। इससे पहले डीजीपी डीएम अवस्थी व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी विजन पर अफसरों को टिप्स देंगे। मुख्यमंत्री सुबह के सेशन में मौजूद रहेंगे। सुबह 11 से 12 बजे तक मुख्यमंत्री कान्क्लेव में शिरकत करेंगे।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक, सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक और सभी वाहिनियों के सेनानी तथा सभी पुलिस इकाई प्रमुख उपस्थित रहेंगे। शाम करीब 6 बजे आईपीएस एसोसिएशन का चुनाव भी होगा, वहीं शाम में पुलिस अफसरों का सांस्कृतिक कार्यक्रम और डिनर भी आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर की अध्यक्षता में कल प्रथम सम्मेलन

महापौर, स्पीकर और अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन होगा

रायपुर। नगरीय निकायों के निर्वाचन के पश्चात आगामी 6 जनवरी सोमवार को नगर पालिक निगम कार्यालय, रायपुर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारतीदासन की अध्यक्षता में नगर पालिका निगम के प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह सम्मेलन नगर पालिक निगम रायपुर कार्यालय के चतुर्थ तल स्थित सभाकक्ष में होगा। इसमें सबसे पहले पार्षदगणों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके उपरांत महापौर, स्पीकर एवं अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन की कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त शिव अनंत तायल ने इसके लिए नगर निगम, रायपुर के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को उपस्थित होने के लिए सूचित किया है तथा निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना दी है। 6 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे महापौर पद हेतु आरक्षण की सूचना का प्रकाशन कर निर्वाचन की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद महापौर पद हेतु नाम निर्देशन पत्र दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक प्राप्त किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कर अभ्यर्थियों के नाम का प्रकाशन दोपहर 1.30 बजे किया जाएगा।

गोलीकांड के आरोपी 48 घंटे में गिरफ्तार

राजधानी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी पुलिस अभी लगातार हर जुर्म के मामले को लगातार सुलझा कर अपराधी को पकड़ रही है। एसएसपी आरिफ शेख खुद मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। एसएसपी छोटी से लेकर बड़े सभी मामले को संज्ञान में लेते हैं और घटना होने के तत्काल बाद मौके पर पहुंचकर रणनीति तैयार करते हैं और जल्द बड़े से बड़े आरोपियों को धर दबोचते हैं। आज ही मंत्री कवासी लखमा ने इस कार्य के लिए पुलिस को सम्मानित किया है। और एसएसपी आरिफ शेख की खुले मंच पर प्रशंसा की है।

गुरुवार रात को एक नारियल पानी बेचने वाले की गोली मारकर किसी ने हत्या कर दी थी। उसके सीने पर आरोपियों ने लगातार दो गोली दागी थी। जिसे एसएसपी आरिफ शेख के नेतृत्व वाली टीम ने 48 घंटे के अंदर दर दबोचा।

बताया जाता है कि मृतक नारियल व्यवसायी उत्तर प्रदेश के जौनपुर का रहने वाला था और यहां फर्जी नाम से निवासरत था। उसकी हत्या में दो आरोपी पकड़ाए है। दोनों आरोपी उसके जुर्म के साथी थे। एक आरोपी महाराष्ट्र और एक उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। हत्या के पीछे का कारण पता चला है कि चोरी की रकम और जमीन के बंटवारे को लेकर इनका झगड़ा हुआ। जिसके कारण दोनों ने अपनी साथी की गोली मारकर हत्या कर फरार हो गए।

पाठ्यपुस्तक निगम के जीएम का कारनामा

अपनी फर्म बनाकर देते थे करोड़ों का ठेका

ईओडब्ल्य की जांच में खुलासा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के महाप्रबंधक अशोक चतुर्वेदी के खिलाफ ईओडब्लू की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। ईओडब्ल्यू की जांच में जो तथ्य सामने आया है उसके मुताबिक पाठ्य पुस्तक निगम में पदस्थ रहते हुए चतुर्वेदी ने अपने बेटे को विदेश में पढ़ाने के लिए एक फर्म की स्थापना कर ठेका दिलाया।

ईओडब्ल्यू की जांच में खुलासा हुआ है कि चतुर्वेदी ने इस कारनामे को अंजाम देने के लिए अपने दो रिश्तेदारों हितेश और रुपेश चौबे के नाम से होप इंटरप्राइजेस व होप कंस्ट्रक्शन नाम की एक फर्म बनाई। उन्होंने इन दोनों फर्मों को पाठ्य पुस्तक निगम और मंडी बोर्ड से सप्लाई के करोड़ों रुपये के बड़े-बड़े ठेके दिलवाए। बताया जा रहा है कि चतुर्वेदी अपने बेटे आदित्य चतुर्वेदी को एंटीगुआ में प्री मेडिसीन की पढ़ाई करा रहे थे।

महज डेढ़ साल की एक छोटी सी अवधि में उनकी फर्म को लगभग 86 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई। इस पूरे मामले का खुलासा उनके फर्म होप के कर्मचारी अनिमेश सिंह और हितेश चौबे के बीच हुए विवाद के सामने आने से हुआ। हितेश चौबे और अनिमेश सिंह ने एक-दूसरे के खिलाफभिलाई के खुर्सीपार थाना में 19 नवंबर को 5-6 करोड़ के देनदारी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी।

इस बारे में अशोक चतुर्वेदी का कहना था कि इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की जानी चाहिये,जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ अधिकारी के ईशारे पर उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है और बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।चतुर्वेदी ने कहा कि जब से उन्होंने अपने तबादले के खिलाफ हाईकोर्ट से स्टे लिया है,तब से एक बड़े अधिकारी के दबाव में ईओडब्ल्यू की जांच कराई जा रही है और ऐसे दो मामलों को दोबारा खुलवाया गया है,जिनका खात्मा हो गया है।उन्होंने मांग की कि 2005 से लेकर 2019 तक के मामलों की सीबीआई से जांच कराई जाये,तब पूरा खुलासा सामने आयेगा।

सीएए पर भाजपा का जागरूकता अभियान आज से

रायपुर। नागरिकता संशोधन क़ानून के परिप्रेक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में व्यापक स्तर पर घर-घर सम्पर्क अभियान की शुरुआत कल 5 जनवरी को करने जा रही है। पार्टी के इस अभियान की शुरुआत केंद्रीय श्रम व रोज़गार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष गंगवार और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि गंगवार और डॉ. सिंह कल 05 जनवरी को सुबह 11 बजे देवेन्द्र नगर में सीए रवि अग्रवाल के निवास पर सीए समुदाय से चर्चा करेंगे। इसके बाद गंगवार व डॉ. सिंह दोपहर 12 बजे पार्टी के प्रदेश कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। दोपहर 12.30 बजे से 02 बजे तक चौबे कॉलोनी में उद्योगपति संजय गंगवार के निवास में उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। इसके तुरंत बाद 02-02.30 बजे तक कोटा में डॉ. शैलेश खंडेलवाल के निवास में प्रमुख डॉक्टर्स से चर्चा करने बाद गंगवार व डॉ. सिंह अपराह्न 03-03.30 बजे बैजनाथपारा स्थित मदरसा में मुस्लिम समाज से चर्चा में भाग लेंगे। इसके बाद वे मोवा स्थित गुरुद्वारा में सिंधी व सिख समाज से अपराह्न 04.30 बजे तक चर्चा करेंगे। गंगवार और डॉ. सिंह इसके बाद डीडी नगर में वरिष्ठ सामाजिक बंधुओं से सायं 05.30 बजे तक चर्चा में हिस्सा लेंगे।

किसान मन बर 'हेल्प लाइन' अउ 'धनहा एप'

पंजीकृत किसानों के लिए धान खरीदी की जानकारी, शिकायत, सुझावों के लिए

हेल्पलाइन नं.1967 एवं 1800-233-3663 प्रारंभ

- पुलिस हेल्पलाइन 112 पर भी संबंधित जिलों में यह सुविधा उपलब्ध.
- हेल्पलाइन नंबर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्यरत रहेगा.
- किसान शिकायतों एवं सुझावों के लिए इस वेबसाइट का भी उपयोग कर सकते हैं- https://khadya.cg.nic.in/citizen/citizenhome.aspx
- खरीदी केन्द्र में धान बेचने, टोकन, भुगतान आदि की जानकारी प्राप्त करने के लिए विशेषत: "धनहा" एप प्रारंभ किया गया है.
- एन्ड्रायड मोबाइलधारी कृषक "धनहा" एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

छत्तीसगढ़ संवाद / आर.ओ. 23962

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

ठंड के मौसम में रखें अपने खानपान पर ध्यान, सालभर रहेगा बॉडी पर असर

स्वस्थ आहार ही जीवन

ठंड का सीजन हो गया शुरू, खानपान के हिसाब से इस मौसम को माना जाता है हेल्दी

खाना' शरीर की मूलभूत जरूरत से अलग अब लोगों के मन को तृप्त करने वाली चीज बन चुका है। कुछ लोग भूख लगने पर खाते हैं, जबकि कुछ लोग सिर्फभोजन को चखने के लिए खाते हैं। हालांकि, इन सबके बीच अगर आपसे पूछा जाए कि क्या आप पौष्टिक आहार का सेवन करते हैं, तो हो सकता है कि आप थोड़ी देर के लिए सोच में पड़ जाएं। यह एक गंभीर विषय है, इसलिए बेहतर स्वास्थ्य के लिए इस पर विचार करना जरूरी है। स्वस्थ आहार का मतलब ऐसे खाद्य पदार्थों से है, जो विटामिन, मिनरल, आयरन, प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। आहार जो आपको सेहतमंद और तंदुरुस्त रखने का काम करें और आपको बीमारियों से दूर रखें।

हरी सब्जियां

लोग हरी सब्जियां पसंद नहीं करते लेकिन वो ये भूल जाते है कि इनसे कितना फायदा होता है। सब्जियों में मौजूद विटामिन, कैल्शियम, मिनरल, एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर को मोटापे, हृदय रोग के अलावा कई गंभीर बीमारियों से से बचाने का काम करते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए हरी-सब्जियों को जरूर शामिल करना चाहिए।

यह माना जाता हैं कि नॉन वेज सेहत के लिए ख़राब होता हैं जो कि बिलकुल गलत है. इसकी भी उचित मात्रा बहुत जरुरी हैं . नॉनवेज में हाई प्रोटीन होता हैं . इसके अलावा अंडा भी बहुत फायदेमंद होता है. अंडा का सफ़ेद व् पीला भाग दोनों ही बहुत फायदे मंद हैं . मछली, चिकन सभी कि उचित मात्रा खाना चाहिए, इससे शरीर में सभी तरह के पोषक तत्व मिलते है . इसमें कोलेस्ट्रोल की मात्रा कम होती है, ओमेगा 3 व् फैटी एसिड भी प्रचुर मात्रा में होता हैं . नॉनवेज को उबालकर, भाप के द्वारा पका कर, ग्रिल कर के, रोस्ट या बेक कर के खाना चाहिए. चिकन को फ्राई करके खाने से ये शरीर को नुकसान पहुंचाता है, व् बहुत हैवी भी हो जाता है. स्वस्थ आहार का पालन कर आप लंबा और स्वस्थ जीवन बिता सकते हैं। स्वस्थ आहार के फायदे आपके स्वस्थ्य जीवन का आधार होते हैं। आपके द्वारा लिये जाने वाले आहार ही आपके स्वास्थ्य का निर्धारण करते हैं। आप जिस तरह का खान–पान रखेगें आपका शारीरिक स्वास्थ्य उसी प्रकार का होगा। स्वस्थ आहार से तात्पर्य ऐसे खाद्य पदार्थ जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त पोषक तत्व उपलब्ध कराते हैं। स्वस्थ आहार के फायदे इस उदाहरण से समझा जा सकता है कि कुछ खाद्य पदार्थ आपके वजन को कम करने में सहायक होते हैं तो वहीं कुछ ऐसे भी खाद्य पदार्थ हैं जो कम वजन वाले लोगों में वजन को बढ़ाने में मदद करते हैं।

ताजे अंडे

प्रोटीन, मिनरल, विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और ऐसे ही कई पौष्टिक तत्वों से भरपूर अंडा शरीर को न सिर्फ एनर्जी देता है बल्कि स्वस्थ भी रखता है। अंडा उन खाद्य पदार्थों में से एक है जिसमें प्राकृतिक रूप से विटामिन डी पाया जाता है। यह मनुष्य के दिमागी विकास में मदद कर संज्ञानात्मक समस्याओं से बचाव कर सकता है।

ताजे फल

सब्जियों की तरह ही फल भी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। डायबिटीज हो, ब्लड प्रेशर हो, कोलेस्ट्रॉल हो या वजन घटाना हो, फल आपकी मदद करेंगे। फलों में सेब, संतरा, आम और अपने पसंद का कोई भी एक या दो फल आप अपने खाने के रूटीन में शामिल जरूर करें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि फलों का सेवन संतुलित मात्रा में किया जाना चाहिए।

सब्जियों का जूस

पोटैशियम, विटामिन, कैल्शियम युक्त सब्जियों के जूस को अपने डाइट में शामिल करें। विटामिन सी युक्त जूस से न सिर्फशरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि ये चोट और घाव को जल्दी भरने का काम भी करते हैं। आप गाजर, टमाटर व हरी सब्जियों के जूस को शामिल कर सकते हैं। सिर्फजूस ही नहीं, बल्कि नारियल पानी जैसे पेय पदार्थ भी आपको सेहतमंद रखने का काम कर सकते हैं। नारियल पानी से शरीर ठंडा होता है और पेट संबंधी समस्याओं से काफी हद तक आराम मिल सकता है

मांसाहार

हरी सब्जियों और फलों की तरह मीट भी स्वस्थ शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इसमें न सिर्फ प्रोटीन होता है बल्कि इसमें जिंक भी मौजूद होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार करता है, त्वचा को स्वस्थ बनाता है और प्रजनन स्वास्थ्य को बरकरार रखने का काम करता है। इतना ही नहीं मीट में विटामिन बी 12 और ओमेगा-3 भी होता है जो तंत्रिका तंत्र , हृदय और मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हो सकता है। व्यायाम करने वालों के लिए मीट बहुत ही फायदेमंद साबित होता है।

ताजी मछलियां

अपनी डाइट में मीट नहीं शामिल करना चाहते हैं तो आप मछली का सेवन कर सकते हैं। जो बच्चे मछली का सेवन करते हैं उनमें दमा जैसी बीमारी का खतरा कम हो जाता है। मछली में मौजूद ओमेगा-3 मस्तिष्क और दृष्टि के लिए फायदेमंद होता है। इतना ही नहीं मछली का सेवन अल्जाइमर जैसी भूलने की बीमारी के जोखिम को भी कम कर सकते हैं।

आलसी होने के फायदे

कौन कहता है आलस बुरा है?

अक्सर कहा जाता है कि आलस बुरा होता है, लेकिन यह 100 प्रतिशत सही नहीं, क्योंकि साइंस भी मानता है कि कुछ हद तक आलसी होना दिमाग और सेहत दोनों के लिए ही अच्छा है। बर्नआउट वह स्थिति होती है जब व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से इतना थक जाता है कि उसके पास कुछ और करने की हिम्मत ही नहीं रह जाती। आलसी लोग इस स्थिति का सामना कम करते हैं क्योंकि कैसे भी खुद को रिलैक्स करने के तरीके ढूंढ ही लेते हैं। स्टडी के मुताबिक, ऐसे लोग जो लेजी होते हैं उनका फोकस उन लोगों के मुकाबले ज्यादा बेहतर होता है जो आराम किए बगैर काम में लगे रहते हैं। ऐसे लोग ज्यादा क्रिएटिव भी होते हैं। ऐसा माइंड के रिलैक्स्ड होने के कारण होता है, जिससे वह फोकस करने के साथ ही नए आइडियाज भी सोच पाते हैं। नींद पूरी होना, स्ट्रेस से दूरी होना, शरीर के रिलैक्स्ड होना इमोशन्स को भी स्टेबल रखने में मदद करते हैं। यह प्रूव हो चुका है कि ऐसे लोग जो स्ट्रेस में या नींद की कमी से जूझते हैं उन्हें इमोशन्स से संबंधित कई समस्याओं से जूझना पड़ता है।

बर्नआउट के साथ ही आलस स्ट्रेस को मैनेज करने में भी मदद करता है। दरअसल, ऐसे लोग जो लेजी की कैटिगरी में आते हैं वे चीजों को ज्यादा रिलैक्स्ड तरीके से करते हैं, इससे उन्हें तनाव या ऐंगजाइटी की परेशानी से नहीं जूझना पड़ता। लेजी लोग दिमागी रूप से रिलैक्स्ड होते हैं जिससे उन्हें सोने में दिक्कत नहीं आती। यह उन्हें नींद न आने की परेशानी से दूर रखते हुए शरीर के इम्यून सिस्टम को हेल्दी बनाता है। नींद न होना और स्ट्रेस खाने की इच्छा मारने के साथ ही पाचन प्रक्रिया को बुरी तरह प्रभावित करता है। वहीं आलसी लोग प्रॉपर नींद और स्ट्रेस से दूरी होने के कारण इन समस्याओं से भी फ्री रहते हैं।

स्ट्रॉबेरी और ब्लूबेरी- दोनों सेहत के लिए फायदेमंद

स्ट्रॉबेरी और ब्लूबेरी, दोनों ही बेरीज़ काफी स्वादिष्ट होती हैं। यह आपके स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी मददगार होती हैं। बहुत से स्किन और ब्यूटी प्रॉडक्ट्स में भी बेरीज का इस्तेमाल होता है, क्योंकि यह आपकी त्वचा को सुंदर बनाने में भी मददगार हैं। स्ट्रॉबेरी और ब्लूबेरी न केवल खाने में स्वादिष्ट होती हैं, बल्कि ये कई समृद्ध पोषक तत्वों से भी भरपूर हैं। माना जाता है कि इनमें मौजूद पोषक तत्व भूख को नियंत्रित करने, हृदय के स्वास्थ्य में सुधार करने के साथ-साथ डायबिटीज के जोखिम को कम करने में मददगार हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि आप इन दोनों ही बेरीज को आसानी से बाजार या ऑनलाइन खरीद सकते हैं। इसके अलावा, दूसरी अच्छी बात कि आप इन बेरीज को कई तरीकों से खा सकते हैं, जैसे कच्चा, स्मूदी बनाकर, आइसक्रीम के साथ, दही के साथ, मिल्कशेक बनाकर या फिर कैंडी के रूप में। ब्लूबेरी और स्ट्रॉबेरी दोनों बेहद स्वस्थ हैं, लेनिक आपका यह जानना भी जरूरी है कि आखिर इनमें से कौन सी बेरी ज्यादा फायदेमंद है।

स्ट्रॉबेरी और ब्लूबेरी में अंतर

जबकि इन दोनों बेरीज के बीच के अंतर की बात की जाए, तो सबसे पहली बात है कि यह दोनों ही लो कैलोरी वाले फलों में आते हैं। लेकिन ब्लूबेरी की तुलना में स्ट्रॉबेरी कैलोरी में बहुत कम होती है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, एक कप ताजे ब्लूबेरी में 84 कैलोरी होती है, जबकि वहीं एक कप ताजी स्ट्रॉबेरी में 46 कैलोरी होती है। दूसरा अंतर इन दोनों बेरीज में यह है कि स्ट्रॉबेरी में ब्लूबेरी की तुलना में कम कार्बोहाइड्रेट और शुगर की मात्रा होती है। लेकिन वहीं ब्लूबेरी में अधिक फाइबर पाया जाता है। हालांकि कि यह दोनों को ही नेचुरल शुगर का एक अच्छा स्रोत माना जाता है। इन बेरीज में मौजूद फाइबर सामग्री, आपके हृदय रोग, मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज के जोखिम को कम करने में भी मदद कर सकती है। इसके अलावा, विटामिन्स और मिनरल्स की बात करें, तो स्ट्रॉबेरी हमेशा विटामिन सी और पोटेशियम का एक बेहतर स्रोत होती है और ब्लूबेरी विटामिन ए और सी का बेहतर स्रोत है। ये विटामिन्स, प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले विटामिन हैं, आपको बीमार होने से बचाने में मदद कर सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी के फायदे

- स्ट्रॉबेरी भी विटामिन सी और फाइबर का एक अच्छा स्रोत माना जाता है, और कई अध्ययनों के अनुसार, इन दोनों विटामिनों को डाइट में शामिल करने से ग्रासनली (ओसोफैगस) और कोलन कैंसर से बचाने के लिए मददगार पाया गया है।
- स्ट्रॉबेरी एंटीऑक्सिडेंट और पॉलीफेनोल से भरपूर है, जो कि आपके दिल को स्वस्थ और बीमारियों से बचाने के लिए इसे आदर्श फल बनाते हैं।
- स्ट्रॉबेरी में पेक्टिन होता है, जो शरीर में एलडीएल (खराब कोलेस्ट्रॉल) के स्तर को कम करता है।

ब्लूबेरी के फायदे

- ब्लूबेरी कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, जस्ता, और विटामिन के से भरपूर है। ये सभी तत्व हड्डियों को मजबूत और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।
- ब्लूबेरी में सभी ताजे फलों में सबसे अधिक एंटीऑक्सिडेंट की आपूर्ति होती है।
- एंटीऑक्सिडेंट और अन्य लाभों के साथ-साथ ब्लूबेरी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने में मददगार है।
- ब्लूबेरी में पाया जाने वाला प्राथमिक एंटीऑक्सीडेंट, एंथोसायनिन दिल की बीमारियों से लड़ सकता है। यानि यह आपकी हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद है।

फायदेमंद है कपूर का तेल

कपूर धार्मिकप्रार्थनाओं में आवश्यक और मुख्य चीजों में से एक है, लेकिन इस अद्भुत घटक के बारे पूजा-पाठ के अलावा और भी बहुत कुछ है। कपूर में एंटीसेप्टिक, एनेस्थेटिक, एंटीस्पास्मोडिक, इंफ्लामेटरी और एंटीनेरलगिक गुण हैं। कपूर एक महान दवा है, यह कीटनाशकों में भी व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, क्योंकि यह प्रभावी रूप से कीड़ों को मारता है और डेंगू और मलेरिया जैसे मच्छर जनित बीमारियों से बचाता है। कपूर के ऐसेंशियल ऑयल को कपूर के पौधे से निकाला जाता है। यह बड़े पैमाने पर असाधारण चिकित्सीय गुणों के लिए दवाओं में उपयोग किया जाता है। आपको इस तेल को अपने घर में रखना चाहिए क्योंकि इसका उपयोग कई समस्याओं के लिए किया जा सकता है।

बेहतर रक्त परिसंचरण के लिए

कपूर उत्तेजक होने के कारण संचार प्रणाली को सक्रिय बनाने में मदद करता है, जैसे- पाचन, मेटाबॉलिज्म और उत्सर्जन। यदि आप अपच और खराब मेटाबॉलिज्म आदि से पीड़ित हैं, तो कपूर का तेल आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। आप कपूर ऑर्गेनिक कपूर तेल ऑनलाइन भी ऑर्डर कर सकते हैं। कपूर का तेल आपके स्किन केयर के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। यह आपकी त्वचा का एक सच्चा दोस्त है। जी हां, क्योंकि कपूर का तेल आपको फंगल इन्फेक्शन से लेकर खुजली वाली त्वचा, चकत्ते, मुंहासे और जले के निशान और यहां तक त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं में आपकी मदद कर सकता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जाड़े ने कवि से कहा

जाड़े ने कवि से कहा, रच दो मुझ पर गीत। शक्तिमान मुझको लिखो, कलम उठाओ मीत।। कलम उठाओ मीत, करो दिल खोल बड़ाई। खा कर खाना गर्म, तान लो बंधु रजाई।। थर-थर कांपें लोग, लिखो जब जाड़ दहाड़े। हर कोशिश नाकाम, मरे राजा भी जाड़े।।

– राजकुमार धर द्विवेदी

प्रयत्न करने से कभी न चूकें

प्रयत्न करने से कभी न चूकें। हिम्मत नहीं तो प्रतिष्ठा नहीं, विरोधी नहीं तो प्रगति नहीं। जो पानी में भीगेगा वो सिर्फ लिबास बदल सकता है। लेकिन, जो पसीने में भीगता है वह इतिहास बदल सकता है।। सब का मंगल हो। - कमलकांत डोंगरे

खास पाती | तेरे शाने पे रात गुजारने की

तेरे शाने पे रात गुजारने की जिद छोड़ दी मैंने ,अपने वजूद को संवारने की जिद छोड़ दी मैंने। यूं तो जीते थे बस तेरी याद में,अब तेरी यादों से हारने की जिद छोड़ दी मैंने।अपने वजूद को संवारने की जिद छोड़ दी मैंने।। ए मेरे हमनवा ए मेरे दोस्त तुझको आंखो में उतारने की जिद छोड़ दी मैंने,तेरे शाने पे रात गुजरने की जिद छोड़ दी मैंने,अपने वजूद को संवारने की जिद छोड़ दी मैंने।कब तलक तुझको रूह में उतारते रहे,तेरे कल्ब में उतारने की जिद छोड़ दी मैंने।तेरे शाने पे रात गुजरने की जिद छोड़ दी मैंने,अपने वजूद को संवारने की जिद छोड़ दी मैंने।। – अल्पना श्रीवास्तव

गुज़र जाता है सालदूर तलक

गुज़र जाता है सालदूर तलक नजर नहीं आता यादें शेष रह जाती है।। न जाने कहाँ खो जाता है पुराना साल। कुछ पल मिलते है दिसम्बर ङ्जनवरी फिर नए साल के इंतजार में रहते है।। वीरान दरखतो पर बहारे आये। बागवाँ का हर फूल मुस्काये। धवल नदियाँ सा दामन हो। खबरों में पुराने दर्द न दोहराये जाये।। बर्फकी वादियों मे अमन सुकूँ हो। अमन ,सुकूँ मुस्कराहटों से भर दे हर किसी की जिंदगी ये साल पुराने सारे दर्द हर ले ये साल ऐसा नव वर्ष का आगाज़ हो। – वंदना भट्नागर

नव वर्ष अभिनंदन हो हर तन में कपड़ा हो

नव वर्ष अभिनंदन हो हर तन में कपड़ा हो , हर सर पर छत हो , रोटी का जंग कोई न हारे, कोई जन शिक्षा से वंचित न हो , हर हाथ को मिले काम , हर घर दीपक से रौशन हो । नव वर्ष अभिनंदन हो । नव वर्ष अभिनंदन हो । सूरज की प्रथम रश्मि के संग , सभी साथियों ,इष्टजनों को अंग्रेजी नववर्ष की मंगलकामनाएं । - वर्षा ठाकुर

इस्लामिक आतंक से त्रस्त व पीड़ित

इस्लामिक आतंक से त्रस्त व पीड़ित हिंदुओं के लिये इस कानून की जरूरत बहुत पहले से थी लेकिन मुस्लिम वोटों की राजनीति करने वाले भला इस दिशा मे क्यों सोचते ? यह कानून किसी भी धर्म के विरुध्द नही लेकिन मोदी सरकार एक के बाद एक देशहित के फैसले लेकर मैदान मारे जा रही हैं , इसका पेट दर्द कुछ लोगों को जरूर है ।यह विरोध इसी पेटदर्द से उपजा है अन्यथा विरोध का कोई तर्क नही। - एल.एस. बिष्ट

इंसान को कुछ आए या नहीं आए

इंसान को कुछ आए या नहीं आए, बोलने बात करने की तमीज जरूर आनी चाहिए.. वरना जिस बैल से कुछ लोग उसकी तुलना करते हैं.. वह उस बैल से भी गया गुजरा है क्योंकि बैल की जुबान नहीं खुलती और उसकी सोच लोगों के सामने नहीं आती.. इंसान अपने शब्दों से अपनी सोच बता देता है.. इसलिए तमीज तो आनी ही चाहिए।- मिनाक्षी सिंह भरद्वाज

कैसी ये विरानी है छाई दूर दूर तक

कैसी ये विरानी है छाई दूर दूर तक क्यूँ है तन्हाई विरान विरान सी हैं यें आंखे विरान विरान सा है ये मन भी दूर दूर तक फैले इस विराने में तेरी यादों ने अपनी खुशबु है फैलाई ये तन भी है मरा मरा सा रूह तो तुझमें है समाई कैसी ये विरानी छाई दूर दूर तक है तन्हाई.....डेज़ी एँवई पागल मन कुछ भी कुछ है ना पागल मन।- डेजी जायसवाल

मेरे हिस्से के हर एक खवाब खोए

मेरे हिस्से के हर एक खूवाब खोए जा रहे हैं. फिर भी आदतन हम ज़िद में बोए जा रहे हैं. नदी के सतह पर, रखता हूँ खूवाहिश-कागज़ी, है जबकि खबर वो, अनवरत, धोए जा रहे हैं। - कुमार सोनल

लघु कथा- भाभी के सपनें

आज सुबह की चाय और न्यूज़पेपर टेबल पर नहीं रखा था वरुण ने सोचा शायद भाभी आज कहीं गई है उसने बिना कुछ सोचे किचन में जाकर वह चाय बनाने लगा थोड़ी देर में देखा उसने कि उसके भैया और उसकी भाभी दोनों कहीं से सुबह–सुबह चले आ रहे हैं अरे भैया आप लोग इतने सुबह–सुबह कहां गए थे वरुण ने बड़े आश्चर्य से पूछा उसके भैया ने हंसते हुए जवाब दिया एक खुशखबरी है वरुण तू चाचा बनने वाला है वरुण को यह बात सुनकर बहुत खुशी हुई। वरुण ने जल्दी से मां को आवाज दी फिर वो नीचे चला गया। क्या बात है वरुण नीचे आकर माँ ने पूछा । माँ तुम्हें नहीं लगता कि भाभी बहुत जल्दी गर्भवती हो गई। फ पागल है क्या ? ब्याह कर आई है मां नहीं बनेगी और फिर तू खुश नहीं है तेरा भाई बाप बनने वाला है । मां मैं खुश हूं बहुत खुश हूं लेकिन मैं एक बात से बिल्कुल खुश नहीं हूं। किस बात से तू खुश नहीं है ?फमाँ ने गुस्से में पूछा भाभी की उम्र जानती है सिर्फ19 साल, मां बाप के दबाव में आकर यह ब्याह कर लिया था भाभी ने खुद बताया मुझे। अभी तो भौजी के खेलने कूदने के दिन है उनकी पढ़ाई भी पूरी नहीं हुई थी तो तुम को ब्याह कर ले आई। कहना क्या चाहता है ?उसके मां बाप ने अपनी मर्जी से शादी करी मैं जबरदस्ती थोड़ी ना लाई उसको उठाकर फिर वह भी तो शादी करके आई ब्याह करके आई मैं ,उसने भी तो पसंद किया हमारे दीपक को तभी ब्याह कर आयी इस घर में। दीपक भैया को तो भौजी के सपने का ख्याल रखना चाहिए तो मां बनने से सारे सपने चकनाचूर हो जाएंगे एक उम्र के बाद अगर यह फैसला होता तो शायद भौजी भी कुछ समय के लिए अपने बारे में सोच लेती 18 साल में शादी और 19 साल में माँ।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1592 - मुगल शासक शाहजहां का लाहौर (अब पाकिस्तान में) में जन्म। 1659 - खाजवाह की लड़ाई में औरंगजेगब ने शाह शुजा को हराया। 1671 - छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से सल्हर क्षेत्र को अपने कब्जे में किया। 1890 - अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र मोहन टैगोर का निधन। 1900 - आयरलैंड के राष्ट्रवादी नेता जॉन एडवर्ड रेडमोंड ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया। 1934 - भारतीय जनता पार्टी नेता मुरली मनोहर जोशी का जन्म। 1941 - क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी का भोपाल में जन्म। 1955 - पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कलकत्ता (अब कोलकाता) में जन्म। 1957 - केंद्रीय ब्रिकी कर अधिनियम प्रभाव में आया।

दुर्ग महापौर के लिए धीरज सबसे प्रबल दावेदार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ब्राम्हण पारा वार्ड से भाजपाई किले को ध्वस्त कर कांग्रेस का झण्डा लहराकर एक नया इतिहास रचने वाले युवा पार्षद धीरज बाकलीवाल ही महापौर के प्रत्याशी होंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पर्यवेक्षक धनेन्द्र साहू ने पार्टी हाईकमान को दुर्ग महापौर के लिए केवल सिंगल नाम धीरज बाकलीवाल का ही भेजा है। श्री बाकलीवाल की प्रत्याशी के रुप में घोषणा सोमवार 6 जनवरी को चयन प्रक्रिया के एक घंटे पहले की जाएगी। वही सभापति के रुप में भोला महोबिया का नाम फायनल होने की खबर है।

स्वाभाव से सरल सहज और मिलनसार होने के साथ व्यवहार कुशल श्री बाकलीवाल लोकप्रिय भी है। उनका नाम महापौर के रुप में पहले से चर्चा में होने की वजह से वार्ड के चुनाव में उन्हे जीताने के लिए शहर के लगभग सभी संगठन के लोग सक्रिय हो गए थे। श्री बाकलीवाल पहली बार पार्षद जरुर बने है लेकिन पार्टी ने उनकी योग्यता का मूल्यांकन करने के बाद ही उनका नाम महापौर के लिए आगे बढ़ाया है। श्री बाकलीवाल ने राज्यसभा सदस्य व वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा व विधायक अरुण वोरा से साफ सुथरी और ईमानदार कार्यशैली सीखी है और इसी तर्ज पर चलकर लोगों की सेवा कर रहे है इसी कारण उन्हे महापौर के लिए योग्य माना जा रहा है। राज्यसभा सदस्य मोतीलाल वोरा और विधायक अरुण वोरा को अपना आदर्श, प्रेरणास्त्रोत और गुरु मानने वाले बाकलीवाल वोरा परिवार के सबसे निकटतम व विश्वसनीय लोगों में से एक है। श्री बाकलीवाल दो दशक से अधिक समय से विधायक अरुण वोरा के चुनावी मैनेजमेंट का काम देख रहे है और कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर रह चुके है। विधायक वोरा की सोच और उनके विचार के अनुरुप दुर्ग शहर को विकास की किस दिशा पर ले जाना है। यह काम उनके मार्गदर्शन में करने की बखूबी क्षमता रखते है। श्री बाकलीवाल दिमागी रुप से भी बेहद परिपक्व है और हर परिस्थिति व समस्या से निपटने में माहिर है। वरिष्ठजनों का सम्मान करने के साथ अपने साथ सबको जोड़कर रखने का भी उन्हे पूरा ज्ञान है।

महोबिया बनाए जा सकते हैं सभापति

महोबिया का नाम सभापति के लिए फायनल

नगर निगम के सभापति के लिए वरिष्ठ पार्षद भोला महोबिया का नाम फायनल होने की खबर है। श्री महोबिया भी विधायक अरुण वोरा के सबसे करीबी में से एक है। नगर निगम में लंबे समय से पार्षद रहने के कारण निगम की कार्यप्रणाली से भी वकिफ है। श्री महोबिया पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखते है।

दिल्ली गए पार्षद वापस लौटे

राज्यसभा सदस्य मोतीलाल वोरा से मुलाकात करने के लिए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरएन वर्मा के साथ दिल्ली गए पार्षद मदन जैन, राजकुमार नारायणी, अब्दुल गनी व पोषण साहू वापस लौट आए है। इन पार्षदों का कहना है कि वे वरिष्ठ नेता श्री वोरा के पास अपनी भावना व्यक्त करने गए थे। पता चला कि वरिष्ठ नेता श्री वोरा ने कहा है कि पर्यवेक्षक की रिपोर्ट के आधार पर ही प्रत्याशी तय होगा।

कांग्रेस में नही होगी क्रास वोटिंग

निगम के 60 वार्डो में कांग्रेस के 30 पार्षद है। कांग्रेस को अपना महापौर बनाने के लिए एक पार्षद के समर्थन की जरुरत है। कांग्रेस से बगावत करके निर्दलीय पार्षद बनने वाले लोगों का झुकाव भी कांग्रेस की तरफ है इसलिए कांग्रेस का महापौर बनना लगभग तय है। कांग्रेस में क्रास वोटिंग की संभावना नहीं है। पार्टी से बाहर जाकर अनुशासनहीनता करने की गलती कोई पार्षद नही करेगा। कांग्रेस के सभी पार्षद एक साथ रखने की तैयारी की जा रही है।

प्रादेशिक अधिवेशन में शामिल हुए कार्यकर्ता की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। स्थानीय सुराना कॉलेज ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 52वें प्रादेशिक अधिवेशन में शामिल हुए एक कार्यकर्त्ता की शुक्रवार की रात ह्दयाघात से निधन हो गया। मृतक कार्यकर्त्ता संजय साहू 23 वर्ष पिता संतोष साहू मुंगेली जिले के लोरमी तहसील का निवासी था। बताया गया है कि शुक्रवार की शाम उसका स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया था। उसे उपचार के लिए नेहरु नगर भिलाई के पल्स हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दी। कार्यकर्त्ता संजय साहू के निधन पर अधिवेशन का ध्वज उतारा गया और उन्हे सामूहिक श्रद्धांजलि देकर शोक व्यक्त किया गया। कार्यकर्त्ता के आकस्मिक निधन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन के नेता विचलित हो उठे है। उन्होने अधिवेशन की समाप्ति का निर्णय भी लिया है। यह अधिवेशन 5 जनवरी तक आयोजित था। जिसे कार्यकर्त्ता के निधन पर एक दिन पहले ही समाप्त करने की घोषणा की गई है।

नवीन टोकन से होगी धान खरीदी

दुर्ग। प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में की जा रही है। गत दिनों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में आकस्मिक बारिश के चलते धान की खरीदी में आंशिक बाधा निर्मित हुई है। किसानों को पुनः टोकन जारी किया जाकर धान की खरीदी की जाएगी।

■ न्यूज गैलरी

गायत्री महायज्ञ शुरु

जामुल। शिवपुरी जामुल में पांच कुण्डलीय गायत्री महायज्ञ का शुभारम्भ 4 जनवरी को विधी विधान से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी नपा अध्यक्ष सरोजनी चंद्राकर ने गायत्री महायज्ञ में उपस्थित गायत्री परिवार को संबोधित किया। श्रीमति चंद्राकर ने कहा कि मां भगवती, आचार्य श्री राम शर्मा के आदर्श को अपनाना ही गायत्री महायज्ञ है। जीवन को सात्विक रूप जीना ही गायत्री महायज्ञ है। आज यज्ञ स्थल में उपस्थित सभी गायत्री परिवार के सदस्यों को मैं बधाई देती हूं।

राहुल का चयन

दुर्ग। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत चेस प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 16 जनवरी को आंध्रप्रदेश के वेस्ट गोदावरी में आयोजित की जाएगी। दुर्ग गौरव सम्मान से सम्मानित राहुल शर्मा सिनियर सेकेण्डरी स्कूल सेक्टर-7 भिलाई का छात्र है। चयन पर विक्रम एवाडी सर मनोज वर्मा, अजय राय, एस धनंजय के सानिध्य में प्राचार्या सुमिता सरकार, स्पोर्ट्स शिक्षिका नर्मदा विलियम, पीएन राव, प्रताप मध्यानी आदि ने बधाई दी।

कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं ने जताई आपत्ति

ठेकेदार व अधिवक्ताओं के बीच कहा सुनी के बाद रोका निर्माण कार्य

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के पास बाउंड्रीवाल निर्माण के खिलाफ शनिवार को अधिवक्ताओं का गुस्सा फूटा। इस दौरान निर्माण कार्य रोकने को लेकर अधिवक्ताओं की संबंधित ठेकेदार से जमकर कहासुनी हुई। जिससे कलेक्ट्रेट परिसर में गहमागहमी का माहौल निर्मित हो गया था। खबर पर पुलिस अधिकारी व निगम के कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी भी मौके पर पहुंचे। जिनके हस्तक्षेप के बाद ही अधिवक्ताओं और ठेकेदार का विवाद शांत हुआ। निगम कार्यपालन अभियंता श्री गोस्वामी द्वारा फिलहाल निर्माण कार्य रोकने ठेकेदार को कहा गया है। जिला अधिवक्ता संघ कलेक्ट्रेट परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण से पार्किंग के लिए जगह कम हो जाने की आशंका से निर्माण कार्य के विरोध में है। मालूम हो कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा के पास सौंदर्यीकरण कार्य के लिए शहर विधायक अरुण वोरा के विधायक निधि से राशि की स्वीकृति मिली है। जिसके तहत बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य प्रगति पर है। 3 दिन पहले ही अधिवक्ताओं ने विधायक अरुण वोरा को मौके पर बुलाकर बाउंड्रीवाल निर्माण से पार्किंग के लिए उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत कराया था। बाउंड्रीवाल निर्माण से भविष्य में होने वाली असुविधाओं को श्री वोरा द्वारा भी स्वीकारा गया था।

सेमिनार में 150 से ज्यादा प्रतिभागी हुए शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में बौद्धिक संपदा एवं अधिकार विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन एसोचेम इंडिया पेटेंट ऑफिस इंडिया के सहयोग से किया गया। सेमिनार में पेटेंट ऑफिस इंडिया के डॉ सुहास कुलकर्णी, एसोचेम इंडिया के विजय कुमार शिवपुजे, हिदायतुल्लाह लॉ यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट प्रोफेसर देवमिता मंडल मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यकम की अध्यक्षता रावतपुरा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के कार्यकारी निदेशक पीसी मिश्रा ने की। सेमिनार में वक्ताओं ने कॉपीराइट, कॉपीराइट एक्ट, पेटेन्ट कराने के तरीके, पेटेंट के प्रकार एवं रिसर्च के दौरान प्लगरिसम एवं कॉपीराइट के उल्लंघन से बचाव के जरूरी उपाय बताए। वक्ताओं ने कहा कि जब भी कोई शोधार्थी अपना न्यू इन्नोवेशन करता है, उसका पेटेन्ट आवश्यक रूप से कराया जाना चाहिए। मंडल ने यूट्यूब, हववहसम फोटोज और रिसर्च के दौरान इंटरनेट से लिये जाने वाले कंटेंट के दौरान कॉपीराइट के उल्लंघन के बारे में बताया।

आयुक्त ने कहा हर वार्ड की हो सफाई

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 के अंतर्गत वृहद स्तर पर शहर की समुचित साफ-सफाई करायी जा रही है। निगम स्वास्थ्य विभाग अमला ने बेगार लगाकर गिरधारी नगर नाला, केलाबाड़ी नाला, शंकर नाला चौक, पोलसायपारा बड़ी नाली, संतराबाड़ी नाली, आईएचएसडीपी आवास की नाली से मलमा निकाला तथा 27 मैदानों से और 13 खाली प्लाट से एक-एक झिल्ली,पन्नी, डिस्पोजल को चुनवाकर वार्ड क्षेत्र की सफाई की गई। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन ने समस्त शहर वासियों से कहा कि आपकी सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अभियान के रुप में आपके वार्ड मोहल्ले की सफाई करा रहा है। घर और दुकानों से निकलने वाले कचरे को निगम की कचरा गाड़ी को ही देवें। नालियों में या सड़क किनारे कचरा न फेकें। उन्होंने कहा एक-एक घर से यदि थोड़ा भी कचरा नालियों में फेका जाता है, सड़क किनारे फेक दिया जाता है फेके गये वह कचरा आगे जाकर छोटी-बड़ी नालियों को जाम करता है। सड़क किनारे फेके गये कचरा उड़कर या जानवरों के माध्यम से नाली में चला जाता है जिससे भी नाली जाम हो जाती है इसके अलावा जगह-जगह लोग नाली में स्लेब बनाकर अतिक्रमण किये हुए हैं इससे नाली की सफाई करने में कामगार को परेशानी होती है नाली की सफाई नहीं हो पाती।

ठंड में भी सीएमओ ने देखी सफाई व्यवस्था

नवप्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कार्य तेजी से चल रहा है। सफाई कार्य को प्राथमिकता मानते हुए सीएमओ राजेश तिवारी सुबह 6 बजे ही लोगों से फीडबैक ले रहे है गौरतलब हो के देश के ईस्ट जोन में स्वच्छता कार्य में नगर को तीसरे रैंक में रखा गया है। जिससे पालिका के कर्मचारित भी उत्साहित होकर सफाई कार्य को गंभीरता से अंजाम दे रहे हैं। श्री तिवारी ने पूरे नगर को तीन जोन में विभक्त कर अलग अलग सुपरवाईजरों की नियुक्ति भी किया है साथ ही अभियंतागण भी प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे है। श्री तिवारी ने सख्त निर्देश दिया है कि सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वालों को शासन के नियमानुसार तत्काल कार्यवाही की जाएगी साथ ही निर्देश दिया कि सफाई कर्मचारी सुपरवाईजर नियत समय में कार्य पर उपस्थित रहे कार्य में देर से आने पर वेतन कटौती के साथ अन्य कार्यवाही भी संभव है। जामुल में अच्छे तरीके से सफाई का नतीजा भी सामने आ रहा है क्योंकि मुख्य नपा अधिकारी स्वयं कड़कड़ाते ठंड में सफाई का निरीक्षण कर रहे हैं।

धान खरीदी की धनहा एप से शिकायत, सुझाव की व्यवस्था

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी करने के लिए धान उपार्जन के संबंध में किसानों के लिए हेल्प लाईन नंबर प्रारंभ की गई है। पंजीकृत कृषक राज्य स्तरीय किसान हेल्पलाईन नंबर में फोन कर अपनी शिकायत सुझाव दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही पुलिस हेल्प लाईन नंबर से भी अपनी शिकायत सुझाव दर्ज करा सकते हैं। यह हेल्पलाईन नंबर प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित होगी। किसान पंजीयन क्रमांक के आधार पर धान उपार्जन के संबंध में वांछित जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इन हेल्पलाईन नंबरों के अतिरिक्त कृषक जनभागीदारी वेबसाईट पर भी ऑनलाईन दर्ज करा सकते हैं। पंजीकृत किसान धान खरीदी के संबंध में खरीदी केंद्र में धान बेचने, टोकन प्राप्त करने भुगतान आदि की जानकारी प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा प्रारंभ किए गए एप से प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तर पर जिला विपणन कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक प्रधान कार्यालय, खाद्य नियंत्रक कार्यालर्य, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं एवं उप संचालक कृषि के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

शहर के विभिन्न तालाबों से निकाला गया कचरा

दुर्ग। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग अमला ने शहर के विभिन्न 10 तालाबों में गैंग लगाकर तालाबों के किनारे से कचरा, झिल्ली, पन्नी, मलमा निकालकर तालाब की सफाई की। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन ने शहरवासियों से कहा कि निस्तारी तालाबों का उपयोग वार्ड में रहने वाले स्थानीय निवासी करते हैं। तालाब उपयोग करने वाले लोगों के स्वास्थ्य भी जुड़ा होता है। निस्तारी तालाबों में किसी भी प्रकार का कचरा डालकर तालाब को गंदा न करें।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./370/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती बेला बनिक पति श्री दास बनिक निवासी बोरसी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 191/50 रकबा 0.032 हें के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./333/अ-2/ वर्ष 2019-20
ऑनलाईन पंजी. 201912100400109

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संजय चौधरी आ. श्री राधाकृष्ण चौधरी निवासी भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 358/65 रकबा 0.009 हे. अर्थात 1000 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./60/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार साहू पिता गरीबा निवासी चरोदा ने ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 259/13 रकबा 1000 वर्ग. को विक्रय पत्र विरासत हक के आधार पर भूमि स्वामी सुजीत कुमार बघेल पिता भालेचन्द्र का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज करवाने आवदेन पेश किया है।

जिसकी सुनवाई न्यायालय में दिनांक 06.01.2020 नियत है। अतः जो कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उपरोक्त वर्णित संपत्ति में हित रखते है नियत तिथि को 11.00 बजे या उसके पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी आपत्ति/ दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत दावा/ आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2019 को जारी किया गया ।

मुहर — **नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कुमार छेकर अन्य 1 पिता मनहरण लाल छेकर निवासी तमेरपारा दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 252/42 रकबा 950 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार पवन दीप कौर पिता गुरप्रीत सिंह से दिनांक... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 14.01.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-21/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक झिटकु राम ठाकुर आ. स्व. सेवकराम ठाकुर जाति गोड़ निवासी एफ 12 बिजली ऑफिस के पीछे वार्ड क्र. 39 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थायी पता ग्राम पटौद तहसील व जिला कांकेर छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम कसारीडीह प.ह.नं. 25 अ रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 484/5 रकबा 0.017 हे. जमीन भूमिस्वामी हक में दर्ज है उक्त वर्णित भूमि को गैर आदिवासी क्रेता प्रभात पाण्डेय आ. स्व. कृपा शंकर पाण्डेय, निवासी मुकुंद भवन के आगे विजय नगर तह. व जिला दुर्ग को 20,00.000 (बीस लाख रुपए) में कर अग्रिम ब्याना राशि 50.000 रुपए दिनांक 11.12.2018 को इकरारनामा निष्पादित कर प्राप्त कर लिए है। अतः उपरोक्त दर्शित भूमि को बिक्री करने व बयनामा पंजीयन करवाने की अनुमति प्रदान करने का आवेदन न्यायालय कलेक्टर जिला दुर्ग (छ.ग.) के पृ.क्र. 213/प्र.कले./2019 दुर्ग दिनांक 23.11.2019 के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि प्राप्त प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गा प्रसाद वर्मा (सोनी) आ. श्री महावीर वर्मा (सोनी) नेहरु नगर पूर्व भिलाई द्वारा ग्राम कचांदुर प.ह.न. 17 रा.नि.मं. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1133/5 रकबा 0.021 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता गजानंद चौधरी पिता स्व. सदाशिव चौधरी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20.11.2019 को क्रय किया है कि उक्त आवेदित भूमि की नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./373/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कंवलजीत कौर पति श्री मछन्दर सिंह निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 290/122 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./372/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कुलदीप कौर धुन्ना पति श्री निर्मल सिंह धुन्ना निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 290/121 रकबा 0.011 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./368/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री कैलाश कुमार माखीजा आ. स्व. श्री लालचंद माखीजा निवासी रायपुर नाका दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 56/14 रकबा 0.022 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./369/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती राधिका माखीजा पति श्री कैलाश कुमार माखीजा निवासी रायपुरनाका दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 56/15 रकबा 0.022 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस

क्षेत्रीय कार्यालय : तृतीय तल वाटिका अपार्टमेंट लाईन टंक रोड रांची, एवं ब्रांच ऑफिस : पुजारी चेम्बर, एक्सिस बैंक के पास, पचपेड़ी नाका रायपुर छत्तीसगढ़- 492001

दावा-सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 नियम के तहत और धारा 13 (2) का भाव निहित है।

जहां तक, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, अधोहस्ताक्षरी ने सुरक्षा के हित के नियम 3 (1) के साथ कंपनी द्वारा धारा 13 (2) के तहत उसे दी गई शक्ति के तहत डिमांड नोटिस जारी किया है, नियम 2002 में नीचे दिए गए उधारकर्ताओं को दिए गए हैं और उन सभी को राशि चुकाने के लिए कॉल कर रहेहैं, जैसा कि प्रत्येक उधारकर्ता को जारी नोटिस में उल्लेखित नोटिस क्रमशः प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर उनके खातों के रूप में वर्गीकृत किया गया था। क्रमशः गैर निष्पादित परिसंपत्तियां/पंजीकृत/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नोटिस भेजे गए थे, नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ताओं को नहीं दिए गए थे। अधोहस्ताक्षरी का मानना है कि उधारकर्ताओं को नोटिस जारी करने से परहेज किया जा रहा है। इस तरह के नोटिसों की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के साथ पड़ी हुई है और उधारकर्ता/व्यक्ति, यदि वे चाहें तो सामान्य कामकाजी घंटों के दौरान किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी से उक्त प्रति प्राप्त कर सकते हैं।
उपरोक्त के संबंध में, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नीचे उल्लेखित बकाया राशि (अनपेक्षित ब्याज के साथ) का भुगतान करने के लिए एक बार फिर से कहा गया है। एचएचएफएल के पक्ष में उधारकर्ताओं द्वारा निष्पादित विभिन्न सुरक्षा दस्तावेजों के तहत पुर्नभुगतान या प्राप्ति की तारीख तक आरोपों की अन्य लागत के साथ। ऋण के उचित पुर्नभुगतान के लिए, निम्न संपत्ति क्रमशः एचएचएफएल के साथ नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ताओं द्वारा गिरवी रखी गई है।
यदि उधारकर्ता एचएचएफएल को पूर्वोक्त रूप से पुर्नभुगतान करने में विफल रहते हैं, तो एचएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ और पूरी तरह से उधारकर्ताओं के जोखिम कर लागू नियम के अनुसार आगे बढ़ेगा। उधारकर्ताओं को अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार कंपनी की पूर्व सहमति के बिना बिक्री, पट्टे, किराएदारी या अन्य किसी प्रकार से अनुसूचित संपत्ति को हस्तांतरित करने के लिए अधिनियम के तहत निषिद्ध है।
कोई भी व्यक्ति, जो अधिनियम के ऐसे प्रावधान या नियामें के तहत उल्लंघन करता है, उक्त अधिनियम के प्रावधान के अनुसार अभियोजन या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।
यह नोटिस हमारे अधिकारों और उपायों के बिना आपके जोखिम और लागत के पूर्वाग्रह के बिना जारी किया जा रहा है। इसके अलावा, हम आपका ध्यान अधिनियम की धारा 13 के उप भाग (8) पर भी लगाते हैं, जिसमें आप नीलामी के नोटिस प्रकाशन की तारीख से पहले किसी भी समय, सभी शुल्कों, लागतों और खर्चों के भुगतान के बाद अपनी संपत्ति को भुना सकते हैं। निविदाओं को आमंत्रित करने के लिए या सुरक्षित संपत्ति की बिक्री के लिए निजी संधि के माध्यम से। यदि हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को पूरा बकाया भुगतान किया जाता है तो सुरक्षित परिसंपत्ति को बेचा/ पट्टे पर नहीं दिया जाएगा।

उधारकर्ता/सह उधारकर्ता का नाम व पता	अ. दावा सूचना जारी तिथि ब. ऋण खाता संख्या स. सूचना तिथि तक देय राशि	अचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति)
1. श्री उमेश शुक्ला पिता श्री दयाशंकर 2. श्रीमती जया शुक्ला (सह उधारकर्ता) पति श्री उमेश शुक्ला 3. श्री चन्द्रकांत शुक्ला पिता श्री दयाशंकर शुक्ला सभी निवासी- म.नं. बी-114, विवेकानंद निवासी भारत गैस गोडाउन के पास चिल्हाटी बिलासपुर छत्तीसगढ़-495006, 274 नया सरकंडा वार्ड नं.-46, शर्मा हाउस के पास कपिल नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़-495001.	अ. 28.11.2019 ब. CT/CTG/BLPR/ A000000100 स. 8,28,822/- (रु. आठ लाख अट्ठाइस हजार आठ सौ बाईस)	संपत्ति की अनुसूची 786.25 वर्ग फुट के क्षेत्र में भूमि पर स्थित एक आवासीय भवन। मौजा के तहत मोपका (चिल्हाटी), सर्वे प्लाट नं. 224/174, पटवारी सर्कल, सं. 19/29, प्लाट नं. बी-114 , ग्राम पंचायत चिल्हाटी, बिल्हा, आर-1 सर्कल, तहसील और जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़।
1. मनसिहानंद D/o यशपाल निझावन एवं w/o अक्षय धवन 2. श्रीमती अक्षय धवन दोनों के पते- नं. 75 नवजीवन सोसायटी पुलिस चौकी के पास, पचपेड़ी नाका रायपुर छत्तीसगढ़	अ. 28.11.2019 ब. CT/CTG/RAPR/ A000000152 स. 71,41,847/- (रु. इकहत्तर लाख इकचालीस हजार आठ सौ सैतालीस)	संपत्ति की अनुसूची एक आवासीय भवन को 1050 वर्गफुट के क्षेत्र में है। ख.नं. 244/2, पीसी नं. 114, आरआईसी रायपुर-2, बिंदु मोतीलाल नेहरू, वार्ड नं. 49, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़। सीमाबद्ध- उत्तर से : पटेल का मकान, दक्षिण से : पठारे का मकान, पूर्व से : अन्य की जमीन, पश्चिम से : 10 फीट चौड़ी सड़क।

दिनांक : 05.01.2020
स्थान : रायपुर, बिलासपुर

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमि.

न्यूज गैलरी

शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के एक गांव में पदस्थ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का आरोपी उसी गांव में डाकपाल के रूप में कार्यरत है। पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ 376 का मामला दर्ज कर लिया है। प्रार्थी ने बसना थाने में इस संबंध में शिकायत भी की है, जिसके आधार पर पुलिस ने दिलीप के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। शिकायत के अनुसार गांव में ही डाकपाल के रूप में पदस्थ दिलीप कुमार साहू ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। घटना 16 नवंबर 2019 को शाम 6 बजे की बताई जा रही है। घटना के दौरान प्रार्थी शासकीय आवास में अकेली थी।

सूने मकान से चोरी, जुर्म दर्ज

महासमुंद। पिछले दिनों अयोध्या नगर में हुई चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। प्रार्थी शिक्षक आशीष कुमार दीवान की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। अपनी शिकायत में प्रार्थी ने बताया कि 31 दिसंबर की रात उसके घर पर कोई नहीं था, तभी अज्ञात चोर ने घर में घुसकर कुल 1.35 लाख के सोने-चांदी के जेवरात की चोरी कर ली थी।

बाइकों में भिड़ंत, दो घायल

महासमुंद। सरायपाली थाना क्षेत्र में खपरीडीह पुलिया के पास दो बाइक टकराने से एक घायल हो गया। प्रार्थी गिरीश ने मामले की शिकायत सरायपाली थाने में की है। गिरीश ने बताया कि वह माइक्रो फाइनेंस कंपनी में फील्ड अफसर के रूप में पदस्थ हैं। 30 नवंबर को वह कंपनी के काम से बाइक से बलौदा जा रहा था। करीब 2.45 बजे खपरीडीह पुलिया के पास डमरू सिदार लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए आया और बाइक को ठोकर मार दी। घटना में मुझे चोटें आई हैं। कुछ लोगों ने डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद मुझे, डमरू सिदार और उसके साथी चैन सिंह पोर्ते को शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया। चूंकि मुझे गंभीर चोट लगी थी, इसलिए मुझे रायपुर रेफर किया गया था।

उपचार के दौरान अधेड़ की मौत

महासमुंद। ग्राम पड़की थाना सांकरा निवासी पुनीत तांडी (55) ने 14 अक्टूबर को जहर सेवन कर लिया था। पिथौरा के शासकीय अस्पताल में गुरूवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

तालाब में डूबने से मौत

महासमुंद। गौरखेड़ा थाना महासमुंद निवासी रमनलाल पिता चैतराम गोड़ (47) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रमन लाल घर से बिना बताए कहीं चला गया था। दो जनवरी दोपहर बंधानी तालाब में उसकी तैरता शव पाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

इलाज के दौरान घायल की मौत

महासमुंद। दो जनवरी की शाम शासकीय अस्पताल बसना के पास हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम शोभाराम पिता घनश्याम साहू (26) ग्राम जामजुड़ा निवासी बताया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

महासमुंद। भारतीय मजदूर संघ ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में शाखा के जिलाध्यक्ष ने बताया कि उनकी मांगों में मुख्य रूप से बोनस का भुगतान बढ़ाना, मातृत्व लाभ में वृद्धि, ग्रेज्यूटी अनुदान का कवरेज बढ़ाने, कृषि व निर्माण क्षेत्र में न्यूनतम आय बढ़ाना, 45 दिनों के अंदर ट्रेड यूनियन का पंजीकरण करने, आंगनबाड़ीकर्मियों का मानदेय बढ़ाने, कमलेशचंद्र रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण डाक कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाना, वेज कार्ड तथा सोशल सिक्योरिटी कोड के माध्यम से आखिरी कामगार तक न्यूनतम आय तथा सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य मांग शामिल हैं।

पेट रोग और चर्म रोग जांच आज

महासमुंद। महासमुंद मेडिकल में 5 जनवरी को सुबह 11 से अपरान्ह 3 बजे तक पेट रोग निदान और एंडोस्कोपी जांच का आयोजन रखा गया है। जिसमें गैस्ट्रोसर्जन, लैप्रोस्कोपी एवं विशेषज्ञ डॉ निश्चल तिवारी सेवा देंगे। इसके लिए 94252-15595 से संपर्क किया जा सकता है। बाद अपरान्ह 3 से शाम 6 बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद कोसले सेवा देंगे। चर्म रोग से संबंधित मरीज 07723-222226 पर संपर्क कर सकते हैं।

सीएए के समर्थन में निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। स्थानीय लोहिया चौक में राष्ट्रीय सुरक्षा मंच के बैनर तले महासमुंद के युवाओं ने नागरिक संशोधन अधिनियम के समर्थन में एक दिवसीय आमसभा एवं रैली का आयोजन किया।

सर्वप्रथम सभा में गुरबचन सिंह द्वारा नागरिक संशोधन बिल अधिनियम लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया। सांसद चुन्नीलाल साहू ने संसद के दोनों सदनों में बहुमत के साथ बिल पास होने के बाद विपक्ष द्वारा नागरिक संशोधन अधिनियम के बारे में एक वर्ग विशेष में भ्रम फैलाए जाने की निंदा की। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने केंद्र सरकार द्वारा जनता हित में पिछले चार महीनों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय का उल्लेख करते हुए वर्तमान में विपक्ष द्वारा किए जा रहे कार्यों की निंदा की। कार्यक्रम को अधिवक्ता प्रलय थिटे, संजीव कर्मकार एवं गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के आचार्य कोमल आचार्य ने भी संबोधित किया।

पुलिस की तत्परता से 6 घंटे में पकड़ाया युवती का किड्नेपर

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम मुतेड़ा नवागांव निवासी युवती का धमकाकर अपहरण करने वाला उसके गांव का आरोपी पुलिस की तत्परता से 6 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार हो गया और युवती को सकुशल उसके घर पहुंचाया गया। जानकारी अनुसार प्रार्थी भागीरथी पिता बेदूराम वर्मा उम्र 23 साल निवासी ग्राम मुतेड़ा नवागांव ने शाम तकरीबन 4 बजे पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बताया कि ग्राम मुतेड़ा नवागांव का ही आरोपी युवक त्रिलोक उसकी बहन को जबरदस्ती धमकाकर अपहरण करके कहीं ले गया है। बताया जा रहा है कि युवती और अपहरणकर्ता युवक त्रिलोक एक-दूसरे से पुराने परिचित थे और बीते 6 माह पूर्व युवती की शादी तय होने के बाद वह उससे बात नहीं कर रही थी जिसके बाद आरोपी त्रिलोक युवती की शादी तोड़ देने और खुद को खत्म करने की धमकी देता था जिसके बाद पीड़ित युवती और उसके परिजनों ने कुछ दिन पूर्व इसकी शिकायत खैरागढ़ थाने में की थी जिसके बाद गुरूवार तकरीबन 1:30 बजे युवती अपनी सहेली के साथ खैरागढ़ स्थित रानी रश्मि देवी महाविद्यालय परीक्षा फार्म भरने गई थी और वहीं आरोपी युवक त्रिलोक आ धमका और युवती से कहा कि तुम मेरे साथ थाने चलकर जो मेरे खिलाफ शिकायत की हो उसमें राजीनामा कर लो और धमकी देने लगा कि अगर तुमने राजीनामा नहीं किया तो मैं तुम्हारी शादी नहीं होने दूंगा। ऐसा कहकर आरोपी युवक युवती को जबरदस्ती अपनी बाईक में बैठाकर कहीं ले गया, जब युवती की सहेलियों से परिजनों को जानकारी हुई तो फौरन परिजन खैरागढ़ थाने पहुंचे और गुरूवार की शाम को आरोपी त्रिलोक के खिलाफ उनकी बेटी की अपहरण की शिकायत की। कुछ देर बाद एसडीओपी जीसी पति के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी लोमेश कुमार सोनवानी के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर मनीष शेंडे, आरक्षक विरेन्द्र जैन, डुलेश्वर साहू, नरेन्द्र ठाकुर, महिला प्रधान आरक्षक शिमला उसारे व रोशन सिन्हा को लेकर एक टीम गठित हुई और इस पुलिस टीम ने क्षेत्र में चारों ओर दबिश देकर अंततः छुईखदान स्थित शासकीय महाविद्यालय के पास आरोपी युवक त्रिलोक को धर दबोचा व पीड़िता को खोज निकाला। पुलिस ने पीड़िता को सर्वप्रथम उसके परिजनों के पास सुपुर्द किया और आरोपी त्रिलोक को गिरफ्तार करके खैरागढ़ थाने लाया। इस मामले में खैरागढ़ पुलिस ने आरोपी युवक त्रिलोक के खिलाफ अपहरण की धारा 365 व 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

भाजपा पार्षद 11 मतों से हारी कांग्रेस पार्षद हेमा बनी महापौर

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकाय चुनाव के बाद महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्षों के चुनाव का सिलसिला शुरू हो गया है। राजनांदगांव नगर निगम में महापौर के लिए गहमागहमी के बीच हुए मतदान में कांग्रेस की हेमा देशमुख ने भाजपा की शोभा सोनी को 11 मतों के अंतर से पराजित कर महापौर बनीं। महापौर चुनाव में शोभा सोनी को 20 और कांग्रेस की हेमा देशमुख को 31 वोट मिले। 51 वार्ड वाले इस नगरीय निकाय में 22 सीटों पर कांग्रेस के पार्षद जीते हैं। वहीं भाजपा ने 21 सीटें जीती है। निर्दलीय सात और सीपीआई एक सीट जीती है। इस लिहाज से कांग्रेस, निर्दलीय पार्षदों की मदद से निगम पर कब्जा करने एड़ी चोटी का जोर लगा रखी थी।

राजनांदगांव नगर निगम में महापौर के बाद अध्यक्ष पद पर भी कांग्रेस की जीत हुई। 30 वोट पाकर कांग्रेस पार्षद हरिनारायण धकेता अध्यक्ष बने। भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए शिव वर्मा प्रत्याशी थे। शिव वर्मा को 21 वोट मिले। स्पष्ट बहुमत नहीं होने और क्रास वोटिंग की स्थिति में भाजपा के कब्जा कर लेने को लेकर कांग्रेस नेता चिंतित नजर आए। पूरे समय जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर यहां डटे रहे और कांग्रेस पार्षदों की पार्टी गाइडलाइन में चलने समझाइश देते रहे।

दोपहर करीब दो बजे शुरू हुआ मतदान का सिलसिला शाम चार बजे तक चलता रहा। कांगेस पार्षदों को बस में भरकर लाया गया। मंत्री भी साथ में पहुंचे थे। महापौर और सभापति चुनाव को लेकर पूरे दिन शहर में गहमागहमी का माहौल रहा।

वार्ड 32 की साक्षर पार्षद दुलारीबाई साहू स्वयं से मतदान कर पाने में असमर्थता जाहिर की। उनके साथ मतदान कराने सहयोगी ले जाने की बात पर कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवारों के बीच जमकर तनातनी हुई। इस बीच मतदान की प्रक्रिया कुछ देर के लिए रूक गई थी। बाद विहित प्राधिकारी ने व्यवस्था दी और मतदान संपन्न कराया गया। मतदान के तत्काल बाद हुई मतगणना में कांग्रेस की हेमा देशमुख महापौर चुनी गईं।

डस्टर कार की चपेट में आने से दंपती घायल

राजनांदगांव। रानवही बाजार के पास बाइक और डस्टर कार के बीच टक्कर हो गई। जिससे बाइक में सवार पति व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ग्राम चिल्हाटी निवासी अशवन ठाकुर व उसकी पत्नी सुनीता ठाकुर भानुप्रतापपुर आ रहे थे। वहीं भानुप्रतापपुर निवासी विक्की आहुजा अपने वाहन चालक के साथ अपने डस्टर कार से कोरर की ओर जा रहे थे, तभी ग्राम रानवही बाजार के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने भिड़ंत हो गयाए जिससे बाईक सवार दोनों पति-पत्नी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अशवन को हायर सेंटर अस्पताल रेफर किया गया बताया जा रहा है। अशवन का एक पैर टूट गया है, अशवन भानुप्रतापपुर में राज मिस्त्री का कार्य करता है और रोज की तरह वह भानुप्रतापपुर आ रहा था। वहां के ग्रामीणों का कहना है घटना के बाद कार चालक भगने की कोशिश कर रहा था और एक मकान में घुस गया, हालांकि वहां आसपास कोई मौजूद नहीं था, इसलिए कार की चपेट में और कोई नहीं आया। वहीं कार मालिक विक्की आहूजा का कहना है किसी आवश्यक कार्य से कोरर की ओर जा रहे थे मौसम खराब था और धुंधले की वजह से सामने से आ रही बाइक ठीक से नहीं दिखाई दिया।

बच्चों को खीर खिलाकर कराया अन्नप्राशन

महासमुंद। ग्राम लभराखुर्द में सुपोषण चौपाल के दौरान समाजसेविका निरंजना चंद्राकर और उनके समूह ने बुजुर्गों, दिव्यांग और मितानिनों को कंबल व शॉल भेंट किए। इसके अलावा छह महीने के बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया और बच्चों को खिलौने, कलर पेंसिल, पेंटिंग कापी, रबर बांटे गए। इस कार्यक्रम में देवकी चंद्राकर, उषा चंद्राकर, लता, राधिका, भोजा कन्नौजे, संतोषी कन्नौजे, सरस्वती, गोदावरी व संतोषी जलक्षत्री आदि थे।

ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, एक घायल

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। समीपस्थ ग्राम दर्रा महानदी के समीप शुक्रवार की दोपहर 4 बजे ट्रेलर एवं बाइक की आपस में जबरदस्त भिड़ंत होने के कारण मोटरसाइकिल सवार कीमौत हो गई। जानकारों के अनुसार मृतक नवीन कैवर्त पिता श्याम लाल कैवर्त उम्र 19 साल के ट्रेलर के नीचे आने से घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया जबकि दूसरा युवक आदित्य दुर्गे पिता नारायण दुर्गे उम्र 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल है। जिसे आनन फानन में सीएचसी कसडोल लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बलौदाबाजार रेफर कर दिया गया।

जानकारों के अनुसार दोनों युवक ग्राम तिल्दा के बताएं जा रहे है। ज्ञात हो कि विगत 2 वर्षो से गिधौरी से बलौदाबाजार के बीच डोंगरीडीह महानदी और कसडोल का हड़हा चौक मुख्य रूप से डेथ पॉइंट बन चुका है, जहाँ से राहगीर अब गुजरने से कतराने लगे है। वही आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना से लोगों में प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है।

कब्जाधारियों को मिलेगा कब्जा जमीन अधिग्रहण के नियम भी तय

महासमुंद। शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले में 7 हजार पांच सौ वर्गफीट के अतिक्रामकों को भूमि स्वामी हक प्रदाय किया जा रहा है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने संबंधितों को शासन की इस योजना का लाभ उठाने कहा है। उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को इस संबंध में अतिक्रामकों को नोटिस जारी कर आवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके तहत जिले में कुल तीन हजार 335 व्यक्तियां को सूचना पत्र जारी किया गया है। जिले में कुल तीन हजार 691 अतिक्रामक अधिभोगियों को नोटिस जारी किया गया है। अतिक्रामकों का भूमि बाजार मूल्य के 102 प्रतिशत के बराबर राशि जमा करने पर भूमि स्वामी हक प्रदान करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पट्टेदारों से सूचना पत्र जारी कर आवेदन आंमत्रित किए जा रहे है। जिसके तहत शासन से प्राप्त लक्ष्य 40 करोड़ के विरूद्ध तीन हजार 335 व्यक्तियों को 70 करोड़ 27 लाख की प्रब्याजी, भू-भाटक जमा करने के लिए मांग पत्र, सूचना जारी की गई है। इसके साथ एक अन्य योजना के तहत परिवर्तित भू-भाटक की राशि एक मुश्त 15 वर्ष का जमा करने पर आगामी 15 वर्ष की वार्षिक भू-भाटक पर छूट प्रदान की जाएगी। जिसके तहत जिले में बड़े बकायादारों को वसूली जमा करने के लिए तहसीलदारों के माध्यम से नोटिस जारी किया गया है। पट्टे धारी अतिक्रमित भूमि व्वस्थापन के लिए अतिक्रामकों भूमि के बाजार मूल्य के 150 प्रतिशत के बराबर प्रब्याजी देने तथा दो प्रतिशत अतिरिक्त राशि जमा करने पर भूमि स्वामी हक प्रदान करने की कार्रवाई की जा रही है।

ओमप्रकाश साहू ने भरा नामांकन

राजनांदगाँव। जनपद क्षेत्र के क्रमांक 8 डुमरडीह-तिलई क्षेत्र से क्षेत्र के युवा नेता

ओमप्रकाश साहू ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। ओमप्रकाश साहू के नामांकन दाखिल करने के पूर्व क्षेत्र के लोगो क आशीर्वाद लेकर आज उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। ओमप्रकाश साहू को क्षेत्र के लोगों का अशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। युवा नेता के और पर ओमप्रकाश साहू को युवाओं ने जितने का संकल्प लिया है।

जिला अस्पताल में 9 को कैंसर जांच व परामर्श शिविर

- जिले में 14-15 फीसदी कैंसर के संभावित मरीज

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। कैंसर लाइलाज नहीं है, बल्कि जागरूकता के अभाव और भ्रांतियों के दुष्प्रभाव के चलते असाध्य रोग की श्रेणी में पैर पसार रहा है। सरल शब्दों में कहा जाए तो पीड़ितों द्वारा लक्षण पहचान कर सही इलाज नहीं होने की स्थिति में यह उनके लिए जानलेवा साबित होता है।

गैर संचारी रोग विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ अनिरुद्ध कसार के मुताबिक कैंसर को लेकर महासमुंद में स्थिति अपेक्षाकृत अधिक गंभीर है। जिला स्तरीय अनुमानित आंकड़े प्रदर्शित करते हैं कि जिले की कुल जनसंख्या में तकरीबन 14 से 15 फीसदी मरीज कैंसर संभावित हो सकते हैं। पीड़ितों में सिर्फ दो से तीन प्रतिशत के आसपास ही इसका ईलाज करवाते हैं और पूर्व जांच यानी कि स्क्रीनिंग करवाने वालों के आंकड़े तो लगभग नगण्य ही प्रतीत होते हैं। आधुनिक दौर में उपलब्ध संसाधनों के साथ चिकित्सा विज्ञान कैंसर निदान की दिशा में इतनी तरक्की कर चुका है कि पीड़ित का ईलाज संभव है।

श्रमिकों को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित संवेदना कार्यक्रम के अंतर्गत 31 दिसंबर 2019 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर ग्राम टोलागांव स्थित एबीस एक्सपोर्ट प्रायवेट लिमिटेड में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के सचिव प्रवीण मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, डॉ. सोमा नायर, स्टेट को-आर्डिनेटर बचपन बचाओ आंदोलन शिविर में उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव सचिव प्रवीण मिश्रा ने उपस्थित श्रमिकों को स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के अंतर्गत मौलिक कर्तव्य एवं बाल विवाह प्रतिषेध, बच्चों का अवैध व्यापार, बच्चों की शिक्षा से संबंधित विषयों पर जानकारी दी।

युवक ने किया कीटनाशक का सेवन

राजनांदगांव। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम पेंड्रीकला निवासी एक युवक ने अपने घर में अचानक कीटनाशक पदार्थ (शायद सल्फास) का सेवन कर लिया और उसकी हालत बिगड़ने पर उसे सिविल से जिला अस्पताल रिफर किया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम पेंड्रीकला निवासी लालेश्वर साहू पिता उत्तम साहू उम्र 19 साल ने अपने घर में कीटनाशक पदार्थ (सल्फास)का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद युवक को उल्टी होने लगी और चक्कर आने लगा और धीरे-धीरे उसकी हालत बिगड़ने लगी जिसके बाद आनन-फानन में उसके परिजन 112 को फोन किये और पुलिस विभाग की 112 की सहायता से युवक को सिविल अस्पताल तकरीबन 2 बजे लाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. चंद्रशेखर धृतलहरे ने किया।

किसानों ने लिया मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन का प्रशिक्षण

राजनांदगांव। कृषि विभाग की आत्मा योजना के अंतर्गत विकासखंड राजनांदगांव के आदर्श गौठान ग्राम मोखला के किसानों को नवाचारी गतिविधियों से जोड़ने के लिये एक दिवसीय मधुमक्खी पालन सह शहद उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ग्राम मोखला के 66 किसानों तथा महिला समूहों की सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण देने के लिये अब्दुल आजाद, आहा बीकिपिंग संस्था जिला दुर्ग को आमंत्रित किया गया था, जिनके द्वारा वृहद पैमाने पर मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन कर विक्रय किया जाता है। उनके द्वारा किसानों को भी इस गतिविधि से जोड़ कर आय के वैकल्पिक स्त्रोत तैयार करने के लिये प्रशिक्षण के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है।

आदर्श गौठान ग्राम मोखला में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिला स्वसहायता समूह को विभिन्न

प्रकार की आय बढ़ाने की गतिविधियों जैसे कि शहद उत्पादन, ट्रायकोडर्मा उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन की तकनीकों एवं बारिकियों से रूबरू कराना है। मधुमक्खी पालन से समूह की महिलाएं शहद उत्पादन कर सकती हैं। साथ ही मधुमक्खी दलहनी एवं तिलहनी फसलों में अच्छे परागण वाहक की भूमिका निभाती है, जिससे फसलों के उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी होती है। प्रशिक्षण में किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले सरसों, अलसी एवं कुसुम की खेती करने के लिये भी प्रोत्साहित किया गया जिससे कि मधुमक्खी पालन में ये फसले सहयोगी हो साथ ही किसान दोहरे तरीके से आय में बढ़ोत्तरी कर सकें। प्रशिक्षण के बाद चयनित समूहों को योजना के माध्यम से मधुमक्खी पालन के लिये आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रशिक्षण में विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ओपी सिंह, आत्मा योजना के डीपीडी राजू साहू एवं क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती सुषमा शुक्ला तथा कृषि विकास अधिकारी श्रीमती ईश्वरी ठाकुर तथा बीटीएम सुरेन्द्र मधुकर एवं एटीएम विजय यादव सहित अन्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

11 पंचायतों के 34 सरपंच और पंच पद के लिए 142 अभ्यार्थियों ने दाखिल किया पर्चा

लवन। जनपद पंचायत बलौदाबाजार में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2020 में अभ्यार्थियों की उत्सुकता सिर चढ़कर बोल रहा है। वही दूसरी ओर शासन द्वारा महिलाओं के लिये 50 प्रतिशत आरक्षण कर दिये जाने के कारण महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने के दिन से ही पूरे दिन भर गहमागहमी का माहौल देखने को मिल रहा है। इस बार महिलाओं में पंचायती राज व्यवस्था में प्रतिनिधित्व करने के लिए काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। डोंगरीडीह सेक्टर के प्रभारी डिगेश्वर साहू द्वारा दिये गये जानकारी अनुसार रिटर्निंग आफिसर गौतम सिंह, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अग्रवाल, नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार झा द्वारा जारी निर्देशानुसार नाम निर्देशन की प्रक्रिया के दौरान पांचवें दिवस तक पंचायत वार सरपंच एवं पंचों का नाम निर्देशन प्राप्त हुआ है। जो ग्राम पंचायत हरदी अनारक्षित महिला 3 चितावर अ.पि.वर्ग, मुक्त 7 कोरदा अ.ज.जा 1 डोंगरा अ.जा महिला 8, तुरमा अ.ज.जा 1 परसापाली अ.जा 9 खैरा पि.वर्ग 3 डोंगरीडीह अ.जा महिला निरंग, सिंघारी अ.जा महिला 1 तिल्दा अ.जा. 2 कुल 11 पंचायतों के लिए 43 एवं पंचों के लिए 72 नाम निर्देशन का फार्म प्राप्त हुआ है।

डीएवी के वार्षिकोत्सव में शामिल होने 7 जनवरी को भाटापारा आयेंगे शिक्षा मंत्री

भाटापारा। संस्कारमय शिक्षा के लिए ख्यातिप्राप्त विद्यालय डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल टीकुलिया समय समय पर विविध विधाओं मे आयोजनों एवं उत्कृष्टता के लिए एक अलग पहचान के रुप मे जाना जाता है, शिक्षा की उत्तरोत्तर गुणवत्ता के साथ ही अन्य गतिविधियों मे भी श्रेष्ठता के पायदान को छूती इस विद्यालय के वार्षिकोत्सव मे भी सांस्कृतिक गतिविधियों की भी बहुत सुन्दर बानगी प्रस्तुत किये जाने की परिपाटी है, इस वर्ष के वार्षिकोत्सव का आयोजन 7जनवरी को निर्धारित है एवं इस दफा भी सांस्कृतिक छटा बच्चों के द्वारा बहुत ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किये जाने की भरपूर संभावना व्यक्त की जा रही है,

ननकाना साहिब गुरुद्वारा हमले की निंदा

भाटापारा । सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव की जन्म स्थली ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर किए जा रहे हमलों की सिख समाज ने कड़ी निंदा की है। समाज के सदस्य और भाजपा अध्यक्ष मनिंदर सिंह ने कहा कि ननकाना साहिब पर किया जा रहा हमला एवं एवं गुरुद्वारे के दर्शन करने हेतु गए श्रद्धालुओं की हत्या करने की धमकी देना इस बात को बल देता है कि पाकिस्तान में विभाजन के पश्चात बचे खुचे अल्पसंख्यको की आबादी क्यों कम हुई 1947 में विभाजन के पश्चात जहां 27% अल्पसंख्यक। थे। वभी आज 1त्न रह गए हैं उन्हें या तो धर्मांतरण कर दिया गया या फिर उन्हें धमकाकर भारत आने को मजबूर किया गया या फिर उनकी हत्या कर दी गई भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसीलिए पाकिस्तान बांग्लादेश अफगानिस्तान में निवासरत अल्पसंख्यकों को भारत में नागरिकता देने का विधेयक नागरिक संसोधन ला रहे हैं जिसका कि कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी राहुल गांधी प्रियंका वाड्रा ममता बनर्जी सहित समूचा विपक्ष इसका विरोध कर रहा है।

कबीरधाम जिले की बेटी आदिति ने देश में छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान

■ जिले की महिला किसान आदिति को मिला कृषि कर्मण पुरस्कार

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। एक बार फिर कबीरधाम जिले की महिला किसान श्रीमती आदिति कश्यप ने पूरे देश में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है। उन्होने अधिकतम धान उत्पादन कर राष्ट्रीय स्तर के कृषि कर्मण पुरस्कर अपने नाम किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में आयोजित एक कार्यक्रम में महिला किसान को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रविन्द्र चैबे विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानमंत्री द्वारा कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित करते हुए 2 लाख रूपए और प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। इस पुरस्कार के तहत् छत्तीसगढ़ प्रदेश को 5 करोड़ रूपए मिला। कबीरधाम के साथ धमतरी के किसान विरेन्द्र कुमार साहू को भी पुरस्कृत किया गया।

महिला किसान आदिति कश्यप मूलतः कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखण्ड के पालीगुढ़ा की रहने वाली है। वर्ष 2016-17 में सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी 2 के अंतर्गत धान के अधिकतम उत्पादन के लिए प्रगतिशील महिला किसान

श्रीमती आदिति कश्यप को प्रधानमंत्री ने यह पुरस्कार कर्नाटक राज्य के तुमकुरू में आयोजित कार्यक्रम में प्रदाय किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ को खाद्यान्न उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दो बार कृषि कर्मण पुरस्कार मिला, जिसमें कबीरधाम जिले के दो उत्कृष्ट कृषकों को सम्मानित किया गया है। वर्ष 2014 में प्रभात चंद्राकर, ग्राम भरेवापुरन, पंडरिया को भी कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। श्रीमती आदिति कश्यप श्री विधि से धान के अधिकतम उत्पादन किया और कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी, पशुपालन और मछलीपालन के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय कार्य किया। उक्त कृषि कर्मण पुरस्कार के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के दोनों किसानों को बधाई और शुभकामनाएँ दी। प्रदेश को कृषि कर्मण पुरस्कार के रूप में 5 करोड़ रूपए छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से कृषि मंत्री रविन्द्र चैबे ने पुरस्कार ग्रहण किया। कृषि मंत्री श्री चैबे ने छत्तीसगढ़ के किसानों और विभागीय अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और इस पुरस्कार को प्रदेश के अन्नदाता किसानों के नाम समर्पित किया। कृषि मंत्री के साथ-साथ टामनसिंह सोनवानी, संचालक कृषि, एम.एस. केरकेट्टा, अपर संचालक, डी.के. भोयर, संचालक समेती ने पुरस्कार ग्रहण किया।

पुरानी रंजिश के चलते युवक की लाठी मारकर हत्या

■ तीन आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। चौकी क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया (मरदा) में एक व्यक्ति की पुरानी रंजिश के चलते सिर पर लाठी से मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस की मुताबिक मृतक के पुत्र ने लवन चैकी पहुंचकर हत्या के मामले में शिकायत दर्ज किए थे। शिकायत के आधार पर लवन पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेसिंक टीम की मदद से अंधे कत्ल की गुत्थी को महज शिकायत के 8 दिन बाद ही सुलझा ली। पुलिस ने हत्या के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।

चौकी से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खम्हरिया (मरदा) का रहने वाला मृतक कन्हैयालाल घृतलहरे ने वर्ष 2013 में छबिलाल जांगड़े के साथ कुछ बातों को लेकर मारपीट किया था। जिसमें धारा 307 के तहत कन्हैयालाल को सजा हुआ था। सजा काटकर वापस आने पर मृतक के परिवार वाले बाहर कमाने खाने के लिए चले गए थे। वापस आने पर मृतक अपने घर में अकेला रहता था। 29 नवम्बर 2019 को मृतक कन्हैयालाल आरोपी युवक सुभाष जॉगड़े के सायकल को लात मारकर गिरा दिया था उसी दिन लगभग शांम 7 बजे मृतक कन्हैयालाल अपने घर से आ रहा था तभी रास्ते में छबिलाल जांगड़े, रमेश जांगड़े व गांव के कुछ युवकों के साथ घर के बाहर चौरा में बैठे हुए थे। इसी दरम्यिान मृतक कन्हैयालाल ने छबिलाल जांगड़े ओर रमेश जांगडे को देखकर कहने लगा कि तुम्हारे ही कारण से मैं जेल की सजा काटकर आया हूॅ। तुम तीनों लोगों को देख लूंगा कहकर मृतक द्वारा आरोपी युवकों को डराने धमकाने लगा तभी तेश में आकर मृतक के सिर में छबिलाल जांगड़े के द्वारा लाठी से तेज प्रहार किया गया। जिससे मृतक के सिर व गले में गहरी चोंट आने की वजह से मृत्यु हो गया।

नामांकन दाखिल करने पत्नी को लेकर पहुंचे समन्वयक

नवप्रदेश संवाददाता

मैनपुर। गरियाबंद जिला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां जोरो पर है जिला,जनपद, पंचायत चुनाव के उम्मीदवार अपनी ताल ठोंकना चालू कर दिए हैं। सभी उम्मीदवार अपनी अपनी फौज लेकर नामांकन भरने की प्रक्रिया पूर्ण करने कार्यालय की ओर दस्तक देना चालू कर दिए हैं ।साथ ही अपनी अपनी तैयारियों के साथ गांव गांव अपनी पैनल बिठाने की तैयारियों में जुट चुके हैं।आज मैनपुर जनपद पंचायत उम्मीदवार अपने अपने समर्थकों की दल लेकर नामांकन भरने के लिए पहुंचे नजर आ रहे है,बता दें कि सभी उम्मीदवार अपने अपने समर्थन प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं सहित फार्म भरते हुए नजर आए ।

तो वही दूसरी ओर विकास खण्ड मैनपुर में पदस्थ ब्लॉक संकुल स्रोत समन्वयक अबधराम टांडिया अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कांति बाई टांडिया का नामांकन दाखिल करने जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से जनपद कार्यलय पहुंचे जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है यहा क्षेत्र महिला सामान्य के लिये आरक्षित होने के कारण अभी तक श्रीमती भूमिलता जगत,श्रीमती कींण अवस्थी ने अपना नामांकन दाखिल कर चुकी है। अब ब्लॉक संकुल स्रोत समन्वयक अबधराम टांडिया द्वारा चुनाव को प्रभावित करने के अंदेशा को नकारा नही जा सकता जबकि सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक निर्वाचन आयोग के कर्मचारी बन जाते है। वे आयोग के मातहत रहकर उसके दिशा-निर्देश पर काम करते है।

पिता की स्मृति में बंटी छाबड़ा ने नगर को दिया स्वर्ग रथ

■ नगरपालिका को दिया नि:शुल्क पानी टेंकर

■ मानव सेवा ही मेरा सच्चा धर्म है: बंटी छाबड़ा

भाटापारा। मानव की सेवा हो अथवा देश की, सिख समाज का कोई जवाब नही है। हमारे नगर में कुछ बहुत ही आवश्यक सेवाओं की बहुत आवश्यकता है। जीते जी आदमी सब व्यवस्था कर लेता है पर मृत्यु के पश्चात उस पार्थिव देह की जो एकमात्र जरूरत होती है उसके अंतिम संस्कार की। परिजन, मित्रगण और सम्बन्धी सभी चाहते हैं कि यह कर्म निर्बाध और सरलता से निपट जाए। पर कुछ व्यवहारिक दिक्कतें अपना काम करते ही रहती हैं, जैसे वर्तमान में भाटापारा नगर में अंडरब्रिज निर्माण के चलते बहुत लंबा घूम कर मुक्तिधाम जाना पड़ता है जो बहुत ही तकलीफदेह होता है। इसी मजबूरी और तकलीफ को देखकर नगर के सिख समाज के सम्मानित सदस्य और नगर में बहुत सारी अत्यावश्यक सेवाओं को उपलब्ध कराने वाले श्री अरुण छाबड़ा (बंटी) ने अपने स्वर्गवासी पिता स्व. श्री चैतराम जी छाबड़ा की पुण्य स्मृति में एक स्वर्गरथ नामक वाहन शहर को दो वर्ष से इस बड़ी तकलीफदेह स्थिति में उपलब्ध करवाया जिसकी प्रशंसा सभी धर्म सभी समाज के लोग दिल से करते हैं। दु:खद घटना की सूचना मिलते ही बंटी भाई त्वरित कार्यवाही करते हुए वाहन को शोक-संतप्त घर तक नि:शुल्क पहंचा देते हैं यह सेवा निश्चित रूप से बहुत ही पुण्यता का कार्य है, जिसकी सभी नगरवासी तहेदिल से आभार मानते हैं।इसके अतिरिक्त भीषण गर्मी के समय पेयजल संकट से मुक्ति दिलाने के लिए अपना निजी टैंकर नगर पालिका को नि:शुल्क उपलब्ध कराते हैं जो 3-4 माह तक अनवरत संकटग्रस्त वार्डों में पानी पहुंचाता है, खेलकूद का क्षेत्र हो या सांस्कृतिक साहित्यिक क्षेत्र में अपना बहुमूल्य समय प्रोत्साहन और आयोजन भी अरुण छाबड़ा द्वारा निरन्तर किया जाता है। यह नगर के लोगों के लिए बहुत ही गौरव, सम्मान और प्रतिष्ठा की बात है कि 2196 फीट लम्बा तिरंगा जिसे 1378 छात्र छात्राओं द्वारा लहराकर गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भाटापारा का नाम दर्ज करा करा कर नाम रोशन किया ऐसा समाज सेवी जो हर प्रकार की मानव सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है वह अरुण छाबड़ा (बंटी) हमारे नगर की आन बान और शान है।

ई-कॉमर्स व्यापार नीति का विरोध प्रदर्शन होगा 8 जनवरी को दिल्ली में

भाटापारा। एमरा छत्तीसगढ़ मोबाइल एसोसिएशन के तत्वाधान में होटल आदित्य में मीटिंग आयोजित की गई जिसमें एमरा के वाइस प्रेसिडेंट श्री विभूति प्रसाद(मुंबई)उपस्थित हुए उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में देश भर से 25,000 से 50000 व्यापारी सरकार की ई-कॉमर्स व्यापार नीति का विरोध करेंगे रायपुर मोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजेश वासवानी ने कहा कि आज के दौर में मोबाइल इंडस्ट्री अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है मोबाइल रिटेल व्यापार

मोबाइल खुदरा व्यापारियों की अधिकतर अधिकतम दुकानों की सेल 50 से 80% तक कम हो चुकी है, आज कंपनियां ऑनलाइन प्रोडक्ट बेच कर अपना टारगेट पूरा कर रही हैं लेकिन उसका असर कंपनी के प्रतिनिधि प्रमोटर्स और रिटेलर्स पर पड़ रहा है डिस्ट्रीब्यूटर प्रमोटर सभी इस बात से भविष्य को लेकर चिंतित है कि आने वाले समय में उन्हें काम से निकलना पड़ेगा ब्रांड के इंप्लाय परेशान हैं कि उन्हें टारगेट पूरा ना करने पर नौकरी समाप्त ।

ई-कॉमर्स ई-कॉमर्स कंपनियां एफडीआई कानून का उल्लंघन कर रही है। ऑनलाइन कंपनियां हजारों करोड़ का नुकसान दिखाकर जीएसटी पटाने से बचती है। और सरकार आंख बंद की हुई है जिसके कारण मोबाइल व्यापारियों का बुरा हाल है. ग्राहक को लुभावने ऑफर देकर बेचा जाता है जिसका असर देशभर के सारे व्यापारियों पर पड़ रहा है ।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सरपंच के लिए भरा नामांकन

भाटापारा। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन भरने की अंतिम तारीख 6 जनवरी को देखते हुए गांव की राजनीती में दिलचस्पी रखने वाले अपना भाग्य आजमाने नामांकन दाखिल कर रहे है। भाजपा निपनिया के मंडल अध्यक्ष धनीराम साहू ने शनिवार को शुभ मुहर्त में सरपंच पद के लिए अपना नाम निर्देशन फार्म जमा किया। अपनी दावेदारी के साथ ग्राम के वार्ड पंच के दावेदारो ने भी अपनी दावेदारी मजबूत करते हुए धनीराम साहू के साथ उपस्थित थे।इस अवसर पर ,सरपंच सरोजनी साहू ,मिथलेश साहू, रमेश, नरेश, पवन ध्रुव मालिक साहू, खेमलाल, धनुष साहू, पीलाराम, महेश साहू पटेल, फिरंता पुरी लक्ष्मनगिरी गौतम गिरी रामू यादव, रामकिशुन, प्यारे साहू, घनश्याम साहू, प्रदीप वर्मा, शिवकुमार, सुखनंदन सुखऊ आदि उपस्थित थे।

कुंदरू में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन

तिल्दा-नेवरा । तिल्दा-नेवरा नगर से महज 8 किलोमीटर दूर बिलडा औद्योगिक स्थल के समीप ग्राम कुंदरू में श्रीमद् भागवत महापुराण का संगीतमयी अविरल धारा प्रवाहित हो रही है कथा ब्यास पीठ पर से नेवरा तिल्दा निवासी आचार्य प्रदीप चौबे अपनी सुमधुर वाणी से श्री मद् भागवत महापुराण का कथा श्रवण करा रहे हैं जिसका लाभ क्षेत्रवासी उठा रहे हैं। मधुर संगीत से संगीतकार जहां श्रीमद् भागवत महापुराण के श्रवणकर्ताओ के मध्य समां बांध रहे हैं वहीं आचार्य पंडित चौबे जी कथा के माध्यम से सुंदर ब्याख्या के साथ वर्तमान परिवेश से श्रोताओं को अवगत भी करा रहे हैं कथा के द्वितीय दिवस ब्यास पीठ पंडित प्रदीप चौबे ने कथा के माध्यम से कहा कि शराब और पाप की कमाई पर कलियुग का वास होता है जिससे बुद्धी का विनाश व राक्षसी भाव उत्पन्न होते है जो बाद में स्वयं का पतन का कारण बनता है।

मनमानी | पुलिस और आबकारी विभाग की नाक के नीचे चल रहा गोरखधंधा

अवैध शराब बिक्री पर प्रशासन खामोश, कार्यवाही शून्य

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। इन दिनों नगर में जगह-जगह शराब की अवैध बिक्री जोरों से हो रही है। आबकारी विभाग और ना ही पुलिस विभाग ध्यान दे रहा है जिसके कारण शराब बेचने वाले अवैध कारोबार से जुड़े लोग धड़ल्ले से बिना किसी कानून की डर से शराब की अवैध बिक्री कर रही है। ऐसा लगता है की प्रशासन ने भी शराब माफियाओं कोचियों को मौखिक मौन स्वीकृति प्रदान कर रखी हो। जिसके कारण बिना डर भय के सुबह से ही देर रात्रि तक शराब बेचते देखा जा सकता है इधर शासन अवैध शराब बिक्री और शराब माफियाओ को समाप्त करने खुद शराब बेच रही है लेकिन शासन का यह प्रयास विफल होते नजर आ रहा है। 1 नगर व आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह अवैध शराब की बिक्री रफ्तार पकड़े हुए हैं। आबकारी व पुलिस विभाग की तरफ से किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नजर नहीं आ रही है।

शासन के नियमों का नहीं हो रहा पालन

शराब बिक्री को लेकर शासन के तरह.तरह के नियम व मापदंड सुनिश्चित कर रखे हो, लेकिन सरकारी शराब दुकान में यह सभी नियमों का पालन नहीं हो रहा है जिसका फायदा शराब कोचिये उठा रहे हैं और जितनी मात्रा में शराब की खरीदी करनी है उतना एक ही दिन में बार-बार शराब दूकान के लाइन लगाकर खरीदा जा सकता है चाहे हम देशी व अंग्रेजी शराब की बातें करें दोनों शराब की अवैध बिक्री रोजाना हो रही है।

यहां की जा रही है अवैध शराब की बिक्री

वहीं सूत्रों का कहना है कि इस अवैध शराब का कारोबार नगर के नगर पंचायत के सामनेए सहित आसपास रोड पर नवापारा वार्ड 15 रावणभाठा पुराना तहसील ऑफिस के सामने होटल खोमचों पर पंडरिया वार्ड क्रमांक 4 वार्ड क्रमांक 5 के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जन भर गांव में अवैध शराब का कारोबार नगर के गली मोहल्लों में खुलेआम शराब बेचते देखा जा सकता है।

दोगुनी कीमत पर हो रही है अवैध शराब की बिक्री

अवैध शराब बेचने वाले मुनाफा के चक्कर में शराब दुकान से ज्यादा मात्रा में शराब दुकान में कार्यरत कर्मी से सांठगांठ कर शराब खरीदकर दुगुने कीमत में बेचते हैं जिससे शराब पीने वाले को सुबह सरकारी शराब दुकान खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ता है और बड़ी आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है बताते है की देशी शराब जहां 80 से 100 हुआ में बिक रही है। वही अंग्रेजी शराब 100 से 180 में बिक रही है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KANCHAN W/O MAHESH THARANI निवासी VIP COLONY MUNSHI ISMILE WARD BHATAPARA, DIST BALODA BAZAR (C.G) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम BHAWANA THARANI W/O MAHESH THARANI रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम BHAWANA THARANI W/O MAHESH THARANI से ही जाना पहचाना जावे।

BHAWANA THARANI
VIP COLONY MUNSHI ISMILE WARD BHATAPARA,
DIST. BALODA BAZAR (C.G)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MAHESH KUMAR S/O BHAGWAN DAS THARANI निवासी VIP COLONY MUNSHI ISMILE WARD BHATAPARA, DIST BALODA BAZAR (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MAHESH THARANI S/O BHAGWAN DAS THARANI रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MAHESH THARANI S/O BHAGWAN DAS THARANI से ही जाना पहचाना जावे।

MAHESH THARANI
VIP COLONY MUNSHI ISMILE WARD BHATAPARA,
DIST. BALODA BAZAR (C.G)

6 जनवरी को खुलेगा राज, किसके सिर पर होगा अध्यक्ष का ताज

नवप्रदेश संवाददाता

पाण्डातराई। नगर पंचायत चुनाव संपन्न हो चुका है जनता का फैसला भी आ गया है उसमें कांग्रेस पार्टी को मजबुत भी बना दिया जनता व कांग्रेस के सामने अब एक ही प्रष्न है कौन बनेगा अध्यक्ष ? नगर पंचायत में पार्षद की नौ सीटे हासिल करने वाली कांग्रेस का ही अध्यक्ष बनेगा ये तो तकरीबन तय है लेकिन वह कौन होगा ये तय नही नही हो पाया है। सब बस ये जानने को बेताब है अध्यक्ष पद का ताज किसके सिर सजेगा नगर का कोई ऐसा पान ठेला, चाय की दुकान से लेकर, चाट के ठेले, व्यपारिक प्रतिश्ठानों से लेकर सरकारी कार्यालयों में ही चर्चा सबकी जुबान पर है कौन बनेगा सुत्रों के मुताबिक 6 जनवरी को पार्षद सपथ लेंगे और इसी दिन अध्यक्ष का चुनाव होगा। कांग्रेस किसे चुनेगी इस बात का खुलासा नही हो पाया है अध्यक्ष पद के लिए उठा-पठक चल रहा है कांग्रेस ने नगर में नौ सीट पर फतह हासिल की है वही बीजेपी 4 सीटों पर ही अपना पैर जमा सकी है, जबकी दो सीटों पर निर्दलीयों ने कब्जा किया है 10 वर्षो के बाद नगरीय सत्ता में कांग्रेस लौटी है जिससे कांग्रेस में उत्साह का माहौल है नगर पंचायत चुनाव के पक्ष में आये परिणाम से नगरीय सत्ता में कांग्रेस का अध्यक्ष बनना तय है। जिसमें दावेदारों ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने में अपनी सक्रियता तेज कर दी है अध्यक्ष पद के लिए जसवीर सीटू सलुजा, सरोज जायसवाल, भीषण तिवारी, फिरोज खान के नाम सामने आये है इन नामों में वार्ड क्र. 11 के पार्षद जसवीर सीटू सलुजा को प्रबल दावेदार माना जा रहा है जसवीर सीटू सलुजा भाजपा का गण कहे जाने वाला वार्ड क्र.11 में सेन्ध लगाकर कांग्रेस को बड़ी जीत दिलाई है इसके अलावा जसवीर सीटू सलुजा युवा है और युवा समय की मांग है इसके अलावा सरोज जायसवाल कांग्रेस के वरिष्ट नेता है इनकी भी दावेदारी मजबुत है हालांकि पीछले दो बार के चुनाव में उन्हे जनता ने नकार दिया था पर इस बार पार्षद के रास्ते अध्यक्ष पद की कुर्सी तक पहुंचने के लिए उनकी ओर से भी हलचल देखी जा रही है वही चैथी बार पार्षद चुनाव जितने वाले भीषण तिवारी का नाम भी अध्यक्ष के दावेदार है भीषण तिवारी को नगर पंचायत के कार्य का लम्बा अनुभव है इसके अलावा वार्ड क्र. 12 से सर्वाधिक मतो से जीतने वाले फिरोज खान भी अध्यक्ष पद के लिए आस लगाये हुए है पाण्डातराई का अगला अध्यक्ष कौन बनेगा फिलहाल इस पर सस्पेष बना हुआ है लेकिन अध्यक्ष पद के लिए षुरू हुई कवायद से कांग्रेस की राजनीति गर्मा गई है अब देखना यह है कि कौन सा सिकंदर आजम गद्दी को संभालेगा इस बात पर सभी की निगाहे लगी हुई है।

तस्वीर अब भी साफ नहीं

अध्यक्ष को लेकर जिस तरह रस्सा कसी चल रही है इसे देखते हुए तस्वीर अब भी साफनही हो पा रही है बहर हाल यह अब भी रहस्य बना हुआ है दावेदारों के अलावा लाबिंग करने वाले पार्षद व नेता भी यह नही समझ पा रहे है कि कुर्सी किसके हवाले होगी कौन बनेगा अध्यक्ष यह सवाल कांग्रेस के अलावा विपक्षी दलों व नगरवासियों के बीच लगातार चल रहा है किसी की जुबान पर सीटू सलुजा तो किसी की जुबान पर सरोज जायसवाल तो और किसी की जुबान पर भीषण तिवारी तो कोई और फिरोज के नाम को पक्का बताने से नही चुक रहा है।

ठंड का कहर : अब मवेशियों पर भी पड़ने लगा असर

कवर्धा। कुई जिले में ठंड का कहर बरपना शुरू हो गया है।, आम लोगो के साथ-साथ मवेशियों पर भी इसका असर पडने लगा है। चार दिनों तक मौसम का रूख पूरी तरह बिफरा हुआ था। बारिश के साथ जमकर ओले गिरने से ठंड और भी बढ गया था ज्यादातर ओले वनांचल क्षेत्र में पडा। जिसके कारण लोग गर्म कपडे पहनकर व अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचने का प्रयास किए लेकिन बेजुबान जानवर ठंड के कारण दर्जनों गाय, बैल व बछड़े की मौत हो गई है। इस घटना के बाद मवेशी मालिकों को काफी नुकसान हुआ है।

पंडरिया ब्लॉक के सुदुर वनांचल ग्राम पंचायत नेउर में चार दिन से लगातार बारिश होने के कारण और ठंड बढने से दर्जनों गाय, बैल, बछड़े की मौत हो गई। गाय के मालिक ने बताया कि बुधवार व गुरूवार को दिन भारी बारिश हुई। इससे ठंड का अहसास ज्यादा होने के कारण चरवाहा गाय चराने नही गया। जिससे बैल, गाय, बछड़ा जंगल में चरने चले गए इस दौरान जमकर बारिश हुई और ओले भी गिरने लगे जिससे मवेशी पूरी तरह से भींग गए, देर शाम को वापस घर लौटे, लेकिन ठंड अधिक लगने के कारण उसकी मौत हो गई।

जगह के अभाव में नही बना गौठान

गौठान बनने के लिए प्रस्तावित है लेकिन जगह के अभाव में नही बन पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गौठान बन जाता तो कुछ जानवर की जान बच सकती थी। मनीराम, विजय का प्रषासन से मांग की है यहां जल्द से जल्द जगह ढूंढकर गौठान बनाया जाए ताकि पशु को चारा पानी मिल सके।

अलाव के सहारे कटती है रात

शहर में जब इस कदर की ठंड अपना असर दिखा रही है तो फिर अनुमान लगाया जा सकता है कि चारों तरफ से पेड, पहाडों और नदियों से घिरे आदिवासियों व वहां निवास करने वाले जीवो पर षीतलहर अपना कहर बरपा रहा होगा। इसका अंदाजा भी अपने कमरो में रूम हीटर लगाकर सोने वाले अधिकारी षायद ही लगा पाए, बेहर कम संसाधनों के बीच अपना जीवन व्यतीत करने वालें बैगाओं के पास ठंड से बचने के लिए बहुत ज्यादा व्यवस्था नही रहती और अलाव के सहारे ही पूरी रात काटते है।

कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने कवर्धा पहुंचकर फील्ड अफसरों की ली बैठक

कवर्धा। छत्तीसगढ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन के निदेषक वितरण एचआर नरवरे व कार्यपालक निदेशक संजय पटेल द्वारा विगत माह में कवर्धा जिले में समीक्षा बैठक लेकर विभागीय संभागो, उपसंभागों व वितरण केन्द्रों में विभागीय कार्यो की गहन समीक्षा की गई थी। जिसमें चिल्फी वितरण केन्द्र की प्रगति बहुत खराब रही थी। इस दौरान उच्चाधिकारियों ने कमजोर व खराब परफारमेन्स के लिए जेई चिल्फी को जमकर फटकार लगाते हुए षोकॉज नोटिस जारी किया गया था। इसकी जानकारी स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी रायपुर को मिलते ही उनका प्रमोषन रोक दिया गया है। राजनांदगांव क्षेत्र छत्तीसगढ स्टेट पावर डिस्टब्यूषन कंपनी लिमिटेड के कार्यपालक निदेषक संजय पटेल कवर्धा पहुंचकर फील्ड अफसरों की बैठक लेकर कबीरधाम जिलें में विद्युत विकास व विभागीय कार्यो की प्रगती पर विस्तृत जानकारी लिया।

उन्होने राजस्व वसूली, डिस्कनेक्षन, मीटर रिप्लषमेंट की प्रगती, लाईन लॉस, ओएण्डएम चेंकिग, सतर्कता चेंकिग, अनबिलिंग केसेस व विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर वितरण केन्द्रवार जानकारी हासिल की । उन्होने बैठक में उपस्थित मैदानी अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि विभागीय कार्यो मे कोताही बरतनें वाले विद्युत कर्मियों पर कडी कार्यवाही की जाएगी।

पर्यवेक्षक ने की कांग्रेस के 19 पार्षदों से चर्चा, कल तक उठ जाएगा अध्यक्ष पद से पर्दा

- मंत्री मो.अकबर व पर्यवेक्षक धनेष पाटिला पहुंचे कवर्धा, कई विषयों पर हुई चर्चाएं

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगरी निकाय चुनाव में जहां कांग्रेस के 19 पार्षद ने चुनावी रणभूमि में जीत हासिल की है। वही अध्यक्ष पद को लेकर भी दावेदार कड़ी मेहनत करते नजर आ रहे हैं। कबीरधाम जिले में षनिवार को पूर्व मंत्री व पर्यवेक्षक धनेश पाटिला का आगमन हुआ, कवर्धा पहुंचकर सभी 19 पार्षदों से उन्होंने मुलाकात कर चर्चा की। साथ ही षनिवार को वन मंत्री मोहम्मद अकबर का भी कवर्धा आगमन हुआ। उनके आगमन के साथ ही जिला कांग्रेस कार्यालय में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत के क्षेत्रवासी सहित प्रत्याषीगण भी पहुंचे जहां वर्तमान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भी चर्चाएं हुई। आने वाले 6 जनवरी को नगरपालिका कवर्धा को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष मिलना है लेकिन अभी तक यह तय नहीं हो पा रहा है कि कौन अध्यक्ष बनेगा । फिलहाल पर्यवेक्षक ने सभी प्रत्याशियों से मुलाकात कर चर्चा की है वर्तमान स्थिति को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अध्यक्ष पद को लेकर अभी भी कशमकश की स्थिति बनी हुई है । फिलहाल अध्यक्ष पद को लेकर गुणा भाग चल रहा है।

कवर्धा नगर पालिका सहित अन्य पांच नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए खीचतान चल रही है। सभी नगरीय निकाय में अध्यक्ष के लिए दावेदार की संख्या अधिक है। ऐसे में किसी एक नाम पर राय नहीं बन पा रही है। वहीं 6 जनवरी को सभी नगरीय निकाय में पार्षद सम्मेलन है। इसी दौरान अप्रत्यक्ष चुनावी प्रणाली पार्षद अपने दल का नेता मतलब अध्यक्ष चुनेंगे। हालांकि प्रमुख दावेदार एडी चोटी का जोर लगा रहे है। लेकिन इसका निर्णय सोमवार को एक बंद लिफाफा को खोलकर किया जाएगा, जिसमें पार्टी प्रमुख द्वारा अध्यक्ष के लिए नाम उल्लेखित होगा। तब तक कवर्धा नगर पालिका सहित सभी नगरीय निकायों में अध्यक्ष कौन होगा इस पर सस्पेंस बरकरार होगा।

कल होगा निर्णय

पर्यवेक्षको की समीक्षा के बाद जो भी बातें सामने आएगा उसे प्रदेष कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। वहां से निर्णय होगा कि किसे अध्यक्ष बनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह जिला पार्टी प्रमुख को एक बंद लिफाफा मिलेगा, जिसमें उक्त व्यक्ति का नाम होगा, जिसे अध्यक्ष बनाने के लिए सभी पार्षदों को समर्थन देना है।

वॉलीबाल खिलाडियों का सलेक्शन ट्रायल

कवर्धा। 19 वी सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर जिला महिला/पुरूष व्हालीबाल चैम्पियनषीप का आयोजन जिला बलौदा बजार में दिनांक 11.01.2020 से दिनांक 14.01.2020 तक आयोजित है। जिसमें प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला कबीरधाम की महिला एवं पुरूष टीम हिस्सा लेगी। जिला कबीरधाम के पुरूष एवं महिला टीम के गठन हेतु दिनांक 05.01.2020 दिन रविवार को सलेक्शन ट्रायल रखा गया है।

ग्राम रौचन में सात दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

कवर्धा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन विकासखंड बोडला के ग्राम रौचन में दिनांक 24 से 30 दिसंबर तक किया गया । शिविर का उद्घाटन प्राचार्य आर. एस. चंद्रवंशी एवं ग्राम प्रमुख लाल चंद साहू ,बाबूलाल, प्रधान पाठक पन्ना लाल लोधी की उपस्थिति में कार्यक्रम अधिकारी सुजीत गुप्ता के निर्देशन में किया गया। शिविर में प्रातः कालीन स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी, परियोजना कार्य, बौद्धिक चर्चा व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक बुराइयों को हटाने के लिए आह्वान किया जाता रहा है ।बौद्धिक सत्र में ओ पी वर्मा, सुखदेव चंद्रवंशी ,नकुल वर्मा ,विजय लंझियाना ,शोभना जांगड़े, पूजा सिंह, प्रवीण ताम्रकार, कैलाश शर्मा, मुकेश धुर्वे, राजा राम हलवाई, आनंद चंद्रवंशी आदि उपस्थित होकर प्रतिदिन बच्चों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन करते रहे हैं । परियोजना कार्य अंतर्गत ग्राम के हैंडपंप, मंदिर ,तालाब की पचरी, का सफाई कार्य किया गया । रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न विषय बाल विवाह, मद्यपान ,रूढ़िवाद इत्यादि से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए प्रेरणादायक एवं लोक संगीत में नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

भाजपा ने नहीं उतारा...

दिलाई। उसके बाद सभी पार्षदों का ग्रुप फोटो सेशन हुआ । महापौर निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू होती उसके पहले कांग्रेस के सारे पार्षद चंद्रिका होटल में चले गए तो भाजपा के पार्षद जिला भाजपा कार्यालय पहुंच गए और यहीं महापौर प्रत्याशी को लेकर रणनीति बनाते रहे। इसी बीच कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी के नाम को लेकर चर्चा चलती रही। मामला सिर्फ 2 नामों रामशरण यादव और शेख नजीरुद्दीन तक ही सीमित रहा। यादव के महापौर बनने पर कृषिमंत्री रविन्द्र चौबे, विधायक शैलेष पांडेय, रश्मि सिंह, प्रदेश महामंत्री गिरीश देवांगन समेत अन्य कांग्रेस नेताओं ने उन्हें बधाई दी।

ऐसे चला निर्विरोध चुनाव घटनाक्रम

महापौरः महापौर के लिए नामांकन दाखिल करने का समय शुरू होने पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पार्षद रामशरण यादव अपने समर्थक और प्रस्तावक को लेकर पहुंचे। उन्होंने अपना नामांकन जमा किया। इसके बाद बचे आधे घंटे के समय में भाजपा की ओर से किसी भी पार्षद के नहीं आने पर यह खबर फैल गई कि भाजपा ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है। ये खबर भी आई कि यह फैसला रायपुर से पार्टी दफ्तर से आए आदेश के अनुपालन में लिया गया है। निर्धारित समय सीमा तक भाजपा ने महापौर प्रत्याशी के लिये किसी भी पार्षद को नहीं भेजा। ऐसे में कलेक्टर ने एकमात्र कांग्रेस के उम्मीदवार रामशरण यादव के नामांकन पत्रों की जांच की औपचारिकता पूरी कर उन्हें महापौर घोषित कर दिया और प्रमाण पत्र भी दे दिया।

भाजपा को इसलिए था डर

इससे पूर्व शुक्रवार को राजनांदगांव नगर निगम के मेयर पद के लिए हुए चुनाव में भी कांग्रेस ने बाजी मारी। कांग्रेस की हेमा देशमुख महापौर बनीं। राजनांदगांव में भाजपा की ओर से क्रॉस वोटिंग भी हुई थी। हेमा देशमुख को एक भाजपा पार्षद का वोट मिला था।

बापू, सरदार पटेल...

में महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व राजीव गांधी के तैल चित्रों का अनावरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, कांग्रेस विधायक कुलदीप जुनेजा सहित अन्य विधायक और विधानसभा के अधिकारीगण मौजूद थे।

नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक

ने कहा विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर सेंट्रल हॉल में तैलचित्र का अनावरण कार्यक्रम यादगार बन गया है। नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने बधाई देते हुए विधानसभा अध्यक्ष के पूर्व में किए गए कार्यकाल को याद किया।

विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत

ने कहा कि हम लोग आते थे तो सेंट्रल हाल सुना सुना लगता था। कुछ महापुरुषों की तैलचित्र यहां नहीं थे। आज सब लोगों का विधानसभा में एक साल पूरा भी हुआ है, इसलिए यह कार्यक्रम रखा गया। जिस तरह संसद के सेंट्रल हाल में लोग आते है, यहां भी आये. सबका सहयोग मुझे मिलता रहा। संकल्प लेते है कि विधानसभा की गौरवशाली परंपरा को बनाये रखेंगे।

हाथियों ने घेरा तो...

का भी प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। बीते दिनों कटघोरा वनमंडल में दलदल में फंसी हथनी की मौत हो जाने के मामले में वन विभाग की लापरवाही सामने आने पर कटघोरा के डीएफओ को निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद उपाध्याय को यहां की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कटघोरा का चार्ज मिलने पर पहली बार निकले थे दौरे पर

कटघोरा का चार्ज मिलने के बाद उपाध्याय शुक्रवार को पहली बार इस क्षेत्र के दौरे पर निकले। इस दौरान डीएफओ खुद हाथियों के फेर में फंस गए। स्थिति ये बन गई कि यदि वन अमला मौके पर न होता तो उनका हाथियों के फेर से निकलना मुश्किल था। केंदई परिक्षेत्र में पहली बार दौरे पर निकले प्रभारी डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय और वन अमले को शुक्रवार को दो घंटे हाथियों ने घेरे रखा। उन्हें ग्राम खुरूपारा के पास हाथियों ने सड़क के दोनों से घेर लिया। इसके बाद उड़नदस्ता टीम ने किसी तरह हाथियों को खदेड़ा तो डीएफओ समेत वन अमला लौटा। गांव के दो परिवारों को भी सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया। कोरबा के जंगलों में हाथियों के विभिन्न कारणों से हिंसक होने के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

इसलिए निकले थे....

काफी देर तक डीएफओ के साथ वन विभाग की टीम खड़ी रही। शाम 4 बजे डीएफओ के साथ वन अमला लौटा।

विधायक की सुरक्षा...

हुंचकर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जवान को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल जवान की खुदकुशी करने का कारण पता नही चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जवान जगदलपुर का निवासी बताया जा रहा है।

भारत में भड़का...

सूत्रों का कहना है कि भीड़ का नेतृत्व मोहम्मद हसन के परिवार ने किया था, जिसने एक सिख लड़की जगजीत कौर का अपहरण और धर्म परिवर्तन किया था। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसएमजी) और शिरोमणि अकाली दल के सदस्यों ने पाकिस्तानी उच्चायोग के पास प्रदर्शन किया। डीएसएमजी और अकाली दल के सदस्यों ने दोपहर 1 बजे चाणक्यपुरी स्थित पाक उच्चायोग के पास प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी पाकिस्तान और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नारे लगा रहे थे। सिख समुदाय के सदस्यों ने पाकिस्तान उच्चायोग में एक ज्ञापन भी सौंपा है।

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भी पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए बढ़ रहे थे। पाकिस्तानी उच्चायोग की ओर जा रहे प्रदर्शनकारियों को चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन के पास रोक दिया गया।

कांग्रेस ने जाहिर किया आक्रोश

कांग्रेस की युवा इकाई और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान में ननकाना साहिब गुरुद्वारा पर भीड़ द्वारा कथित पथराव और नारेबाजी की घटना के खिलाफ शनिवार को यहां पाकिस्तानी उच्चायोग के निकट प्रदर्शन किया। भारतीय युवा कांग्रेस और दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' और 'इमरान खान मुर्दाबाद' के नारे लगाए।

कट्टरता खतरनाक...

धर्मान्धिता खतरनाक है और यह बहुत पुराना जहर है जिसकी कोई सीमा नहीं होती। प्रेम, परस्पर सम्मान और समझ ही इस जहर को खत्म करती है।÷ इस घटना के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुज्जफरनगर में संवाददाताओं से कहा कि ऐसी किसी भी घटना की निंदा होनी चाहिए। उधर, कांग्रेस ने पाकिस्तान के ननकाना साहिब पर भीड़ द्वारा कथित पथराव एवं नारेबाजी की घटना के लिए वहां की सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए शनिवार को कहा कि इमरान खान की सरकार को इस पवित्र स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया, '' ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर हुआ हमला मानवता के आदर्शों एवं धार्मिक मूल्यों को शर्मसार करने वाली घटना है। इस हमले के लिए सीधे तौर पर पाकिस्तान की सरकार जिम्मेदार है। इस घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान की सरकार ननकाना साहिब की सुरक्षा सुनिश्चित करे।'' गौरतलब है कि पाकिस्तान में सिख किशोरी से शादी करने वाले एक मुस्लिम व्यक्ति के परिवार की अगुवाई में कुछ लोगों ने अपने रिश्तेदारों की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को यहां गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब के बाहर प्रदर्शन किया। खबरों के अनुसार भीड़ ने गुरद्वारे पर धावा बोल दिया और सिख श्रद्धालुओं पर पथराव किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा की है। हालांकि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इन खबरों को झूठा बताया है।

कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़

अल्पकालिक प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना
(जिला निर्माण समिति)

निविदा क्र./09 बीजापुर, दिनांक 03/01/2020

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से विशेष केन्द्रीय सहायता मद अंतर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्य का जिला निर्माण समिति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित एस.ओ.आर. (रोड निर्माण कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर लोक निर्माण विभाग में एकल पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत रु. (लाख में)	अमानत राशि (रु. में)
1	2	3	4
1	डब्ल्यू.बी.एम. रोड एन.एच.-63 से इचामीपारा, भैरमगढ़ तक किमी.-391/10, लम्बाई-01 किमी. भाग-01	49.60	37200.00

महत्वपूर्ण निर्देश :-

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि	-	13.01.2020 सायं 5.00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	-	20.01.2020 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि	-	20.01.2020 अपरान्ह 3.30 बजे तक
टेंडर फार्म का मूल्य (रु.)	-	1500.00
कार्य पूर्ण करने की समय सीमा	-	09 माह वर्षा ऋतु सहित
ठेकेदार की श्रेणी	-	डी-श्रेणी या उससे ऊपर

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाए अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है) एवं निम्न अभिलेख प्रस्तुत करने के उपरांत उपरोक्तानुसार तिथि तक कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किया जा सकेगा।

1. आयकर एवं वाणिज्यिक कर चुकता प्रमाण पत्र।
2. वैध बैंक साल्वेंसी।
3. विगत तीन वर्षों से अनुबंधित समस्त पूर्ण अपूर्ण कार्यों की सूची।
4. गौण खनिज चुकता प्रमाण पत्र जिलाध्यक्ष से प्राप्त करना अनिवार्य है।
5. श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र।

टीप :- निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम एवं शर्तों की जानकारी वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।

कलेक्टर
जिला बीजापुर

जी-76061/5

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

परिणीति चोपड़ा नहीं, 'भुजः द प्राइड ऑफइंडिया' में होंगी नोरा फतेही

पिछले काफी समय से अजय देवगन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'भुजः द प्राइड ऑफइंडिया' चर्चा में है। पहले इस फिल्म में एक जासूस के रोल के लिए परिणीति चोपड़ा को कास्ट किया गया था लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण उन्होंने यह फिल्म छोड़ दी।

पिछले काफी समय से अजय देवगन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया' चर्चा में है। पहले इस फिल्म में एक जासूस के रोल के लिए परिणीति चोपड़ा को कास्ट किया गया था लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण उन्होंने यह फिल्म छोड़ दी। अब बताया जा रहा है कि इस फिल्म में परिणीति वाला रोल नोरा फतेही को मिल गया है और कुछ ही दिनों में वह इसकी शूटिंग शुरू करने जा रही हैं।

बताया जा रहा है कि परिणीति इस समय अपनी आने वाली फिल्म साइना नेहवाल की बायॉपिक और मिस्ट्री-थ्रिलर फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' में बिजी हैं और इसीलिए उन्होंने 'भुज' छोड़ दी। एक सूत्र के मुताबिक, नोरा ने फिल्म में अपने रोल के लिए वर्कशॉप शुरू कर दी है और एक जासूस जैसी बॉडी लैंग्वेज पर काम कर रही हैं। 12 जनवरी से नोरा अपने रोल की शूटिंग शुरू कर देंगी जो 15 दिन चलेगी।

दीपिका पादुकोण ने दमदार अभिनय से बनायी खास पहचान

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड में दीपिका पादुकोण एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर शुमार की जाती है जिन्होंने फिल्म इंडस्ट्री मे अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बनायी है।

दीपिका का जन्म पांच जनवरी 1986 को हुआ। दीपिका के पिता प्रकाश पादुकोण देश के मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुके हैं। दीपिका ने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की थी। वर्ष 2006 में प्रदर्शित कन्नड़ फिल्म 'ऐश्वर्या' से दीपिका ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की।

वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म 'ओम शांति ओम' से दीपिका ने बॉलीवुड में भी कदम रख दिया। फराह खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दीपिका ने दोहरी भूमिका निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस फिल्म में दीपिका के अपोजिट शाहरूख खान थे। शाहरूख दीपिका की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। साथ ही फिल्म भी सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म के लिये दीपिका को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया।

वर्ष 2008 में दीपिका की 'बचना ऐ हसीनो' प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में दीपिका की जोड़ी रणबीर कपूर के साथ थी। फिल्म टिकट खिड़की पर औसत सफलता ही हासिल कर सकी। इसके बाद दीपिका की 'चांदनी चैक टु चाइना' और 'कार्तिक कॉलिंग कार्तिक' जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी जो बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा सकी।

QUIZ TIME

1) हाल ही में कजाखस्तान ने अपनी राजधानी अस्ताना का नया नाम अपने किस पूर्व राष्ट्रपति के नाम पर रखा है? (सुल्तान / नूरसुल्तान)
2) कौन उच्च स्तरीय भाषा को मशीनी भाषा में बदलती है? (क) कम्पाइलर (ख) इण्टरप्रेटर (ग) एसेम्बलर
3) भारत में वर्तमान में 8 केन्द्रशासित प्रदेश हैं। (सही / गलत)
4) अंतरिक्ष में भेजा गया पहला कृत्रिम उपग्रह था-
5) कवि का नाम बतायें जिनका जन्म कीर्तिनगर (जनपदः टिहरी-गढ़वाल) में हुआ था?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) नूरसुल्तान (2) कम्पाइलर (3) गलत, 9 (4) स्पूतनिक-1 (5) [illegible]

सुष्मिता सेन ने बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल के बर्थडे पर किया प्यारा सा पोस्ट

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने अपने बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल को सोशल मीडिया पर बर्थडे विश किया है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कई खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की हैं।

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सुष्मिता सेन लंबे समय से फिल्मों से भले दूर चल रही हों, लेकिन चर्चा में अक्सर रहती हैं। इसकी एक वजह है सोशल मीडिया पर उनकी पर्सनल तस्वीरें। खासकर जब से सुष्मिता ने सोशल मीडिया पर अपने 'रोहमांसिंग' लाइफ का जिक्र किया है, तब से दोनों बॉलिवुड की पसंदीदा कपल बन चुके हैं। पिछले साल दोनों ने सोशल मीडिया पर कई ऐसी तस्वीरें शेयर की, जो दोनों के बेहद करीब होने की कहानी कहते हैं। आज रोहमन का जन्मदिन है और इस खास मौके पर सुष्मिता ने एक बार फिर अपने प्यार के लिए खूबसूरत सा मेसेज लिखा है। इंस्टाग्राम पर रोहमन के साथ अपनी एक खूबसूरत तस्वीर शेयर कर सुष्मिता ने उन्हें बर्थडे विश किया है। सुष्मिता ने विश करते हुए लिखा है, 'हैपी बर्थडे माय बाबुश। ईश्वर की कृपा रहे और तुम्हें वो सब मिले जो डिज़र्व करते हो। मुझे तुम पर बहुत गर्व है। तुम मेरी लाइफ के रोहमांस हो और भगवान का दिया शानदार गिफ्ट हो।

दीपिका के साथ काम करना चाहते हैं कार्तिक

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण के साथ काम करना चाहते हैं। कार्तिक दीपिका के साथ काम करने को बेताब हैं। हाल में ही उनका दीपिका के साथ हवाई अड्डे पर बना एक डांस वीडियो काफी वायरल हुआ था। दीपिका ने कार्तिक से उनका हुकअप स्टैप धीमे-धीमे सिखाने का अनुरोध किया था जिसे कार्तिक ने हवाई अड्डे पर पूरा किया था। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ऐसा संदेश दिया है जिससे वह फिर खबरों में आ गए हैं। कार्तिक ने अपनी और दीपिका पादुकोण की पुरानी तस्वीरों को एक साथ इस्तेमाल करते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और लिखा, है किसी डायरेक्टर में दम? इस तस्वीर में दीपिका अपनी पहली फिल्म 'ओम शांति ओम' के एक सीन में दिखाई दे रही है।

कबीर खान के साथ फिर काम करेंगे सलमान खान!

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान एक बार फिर निर्देशक कबीर खान के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। सलमान खान इन दिनों फिल्म 'राधे' में काम कर रहे हैं। 'राधे' के बाद सलमान खाली नहीं बैठना चाहते हैं, इसलिए वह फिल्म साइन करने के मूड में हैं। कहा जा रहा है कि सलमान और कबीर में पिछले दिनों मुलाकात हुई। कबीर ने एक आइडिया सलमान को सुनाया जो सलमान को बेहद पसंद आया।

सोना 41 हजारी के करीब, अभी निवेश कितना सही? जानें एक्सपर्ट्स व्यूव

- **पिछले 10 सालों में सोना ने औसत 8.3 फीसदी का रिटर्न दिया है। रिटर्न पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि अगर सोने की जगह शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड, बॉन्ड या फिर किसी दूसरे जगह निवेश किया गया होता तो रिटर्न इससे कहीं बेहतर मिलता।**

नई दिल्ली। ईरान और अमेरिका के बीच टेंशन बढ़ने के बाद सोने की कीमत 41 हजार रुपये के करीब पहुंच गई है। शेयर मार्केट टूट गया है। ऐसे में जिन्होंने सोने में निवेश किया होगा वे खुश होंगे और शेयर, म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले उतने खुश नहीं होंगे। लेकिन बाजार की यह स्थिति तात्कालिक है और सबसे बड़ा सवाल उठता है कि क्या सोने में निवेश करना एक अच्छा विकल्प है?

मात्र 8.3 फीसदी का रिटर्न

इस मुद्दे पर इन्वेस्टमेंट मैनेजरों की अलग-अलग राय है, लेकिन इस बात से कोई इनकार नहीं कर रहा है कि सोना एक निरर्थक असेट है जिसका इकनॉमिक ऐक्टिविटी में कोई योगदान नहीं होता है। इसकी कीमत में उछाल की वजह तात्कालिक होती है।

इकनॉमिक टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 10 सालों में सोना ने औसत 8.3 फीसदी का रिटर्न दिया है।

रिटर्न उतना उच्छा नहीं

रिटर्न पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि अगर सोने की जगह शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड, बॉन्ड या फिर किसी दूसरे जगह निवेश किया गया होता तो रिटर्न इससे कहीं बेहतर मिलता। कुछ साल पहले तक रियल एस्टेट को इन्वेस्टमेंट का सबसे अच्छा विकल्प माना जाता था लेकिन, अब यहां निवेश करने पर आपको नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

गोल्ड बॉन्ड में निवेश बेहतर विकल्प

इकनॉमिक ऐक्टिविटी में योगदान नहीं होने के कारण ही असली सोने की जगह पेपर गोल्ड को निवेश के लिए विकल्प बनाया गया है। इसके अलावा बाजार में गोल्ड बैक्ड म्यूचुअल फंड्स के भी कई ऑप्शन हैं। यहां रिटर्न भी अच्छा मिलता है। सरकार गोल्ड बॉन्ड जारी करती है जिसपर 2.5 फीसदी का एक्स्ट्रा इंट्रेस्ट मिलता है, लेकिन यह टैक्सेबल होता है। हालांकि बॉन्ड पर कैपिटल गेन टैक्स फ्री होता है।

बाटा ने 10 साल में दिया 1400% रिटर्न, 7 लाख लगाने वाले बने करोड़पति

नई दिल्ली। शेयर बाजार में लॉग टर्म इंवेस्टमेंट फायदा जानना हो तो बाटा इंडिया के शेयर के रिटर्न को देखें। बाटा के शेयर ने पिछले 10 साल में 14 गुना रिटर्न दिया है। अगर किसी ने बाटा इंडिया के शेयर में आज से 10 साल पहले केवल एक लाख रुपये का निवेश किया होगा, तो आज उसकी वैल्यू करीब 15,00,000 रुपये हो गई है। रिटर्न के हिसाब से देखा जाए तो यह करीब 1400 फीसदी होता है।

शेयर बाजार में निवेश जोखिम भरा जरूर होता है पर जब यह देता है तो छप्पड़ फाड़कर देता है। वैसे तो बैंक या पोस्ट ऑफिस में पैसा जमा करना सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है, लेकिन इस पर मिलने वाला ब्याज महंगाई दर की तुलना में कम ही होता है। यानी चाहकर भी आप अपनी जमा रकम से करोड़पति नहीं बन पाएंगे। इसके लिए आपको जोखिम उठाना पड़ेगा। अगर जल्दी करोड़पति बनना है तो शेयर बाजार में निवेश करें, लेकिन किसी विशेषज्ञ की सलाह पर।

10 साल पहले अगर किसी ने बाटा के शेयर में करीब 7 लाख रुपये का निवेश किया होगा तो आज वह करोड़पति बन गया है। बाटा इंडिया के शेयर की कीमत 2009 में 108 रुपये के आसपास थी, जो इस समय 1740 रुपये के आसपास है। बता दें कंपनी का देश के ज्यादातर बड़े शहरों में खुद का शोरूम है।

इंडियन इकॉनमी के लिए डबल चुनौती है यूएस -ईरान टेंशन, महंगा हो रहा तेल

- **अमेरिकी एयर स्ट्राइक के बाद कच्चे तेल का भाव लगातार बढ़ रहा है**
- **भारत जरूरत का 80 फीसदी तेल आयात करता है और दो तिहाई हिस्से का आयात स्ट्रेट ऑफहोर्मुज के रास्ते होता है**



नई दिल्ली। अमेरिकी एयर स्ट्राइक के बाद ईरान से बढ़ी टेंशन के बीच कच्चे तेल का भाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3 डॉलर प्रति बैरल तक उछल गया। शुक्रवार को कारोबार के दौरान यह 70 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था और आखिरकार 68.76 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। इस खबर के आने के बाद रुपया डॉलर के मुकाबले 44 पैसे कमजोर होकर 71.81 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमत में उछाल से आर्थिक सुस्ती का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए टेंशन बढ़ सकती है।

दोगुनी रफ्तार से महंगा होगा तेल

मिडिल ईस्ट एशिया में टेंशन बढ़ना भारत के लिए दोहरी चुनौती है। पहला- तेल का भाव भाव बढ़ जाएगा और दूसरा तेल की सप्लाई बाधित होगी। ऐसे में यह दोगुनी रफ्तार से महंगा होने लगेगा। महंगे तेल के कारण घरेलू बजट पर असर होगा और लोग अन्य तरह के खर्च पर कंट्रोल करने लगेंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था खर्च में कटौती की समस्या से पहले से जूझ रही है। तेल महंगा होने के कारण सरकार के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना और नई योजनाओं को शुरू करना मुश्किल होगा।

80 फीसदी तेल का आयात करता है भारत

भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी तेल आयात करता है। 70 फीसदी तेल की सप्लाई ओपेक (OPEC) देशों से होती है, साथ ही कुल सप्लाई का दो तिहाई हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होता है। वैश्विक टेंशन बढ़ने के कारण अगर तेल की सप्लाई बाधित होती है तो तेल महंगा हो जाएगा जिसका व्यापक असर होगा।

ओपेक देशों में इराक सबसे बड़ा उत्पादक

ओपेक देशों में सबसे ज्यादा तेल का उत्पादन इराक करता है और यह रोजाना 4.7 मिलियन बैरल तेल निकालता है। सऊदी अरब, कुवैत और ईरान मिलकर रोजाना 15 मिलियन तेल का उत्पादन करते हैं। समस्या यह है कि पूरे विश्व में तेल की सप्लाई का मुख्य रास्ता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज है और ईरान बार-बार धमकी देता है कि अगर युद्ध की स्थिति बनती है तो वह इस रास्ते से सप्लाई बंद कर देगा।

उड़ान के तहत वाराणसी-भुवनेश्वर के बीच इंडिगो शुरू करेगी रोजाना फ्लाइट

- **हवाई सेवा के विस्तार के लिए उड़ान योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार की तरफसे एयरलाइन कंपनियों को इनसेंटिव दी जाती है जिससे किराया कम रहता है। इस योजना का मकसद पूरे देश में हवाई सेवा का जाल बिछाना है।**

नई दिल्ली। उड़ान योजना के तहत इंडिगो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रोजाना उड़ान भरेगी। इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले दो महीने में 6 नए रूट पर रोजाना फ्लाइट सेवा शुरू करने जा रही है। नई सेवा प्रयागराज-गोरखपुर, आइजोल-अगरतल्ला और वाराणसी-भुवनेश्वर के बीच शुरू होने जा रही है।

हवाई सेवा के विस्तार के लिए उड़ान योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार की तरफसे एयरलाइन कंपनियों को इनसेंटिव दी जाती है जिससे किराया कम रहता है। इस योजना का मकसद पूरे देश में हवाई सेवा का जाल बिछाना है।

इंडिगो ने कहा कि वह फरवरी तक कोलकाता-गोरखपुर, गोरखपुर-कोलकाता, कोलकाता-पटना, पटना-कोलकाता, आइजोल-गुवाहाटी, गुवाहाटी-आइजोल, वाराणसी-गुवाहाटी और गुवाहाटी-वाराणसी रूट पर भी रोजाना हवाई सेवा शुरू करेगी।

केवीआईसी का गुजरात में सिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन

सुरेन्द्रनगर (वार्ता)। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अपनी एक महत्वपूर्ण पहल के तहत शुक्रवार को गुजरात के सुरेन्द्रनगर में प्रथम सिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन किया, जिससे रेशम के धागे की उत्पादन लागत को काफी कम करने के साथ-साथ गुजराती पटोला साड़ियों के लिए स्थानीय स्तर पर कच्चे माल की उपलब्धता एवं बिक्री बढ़ाने में मदद मिलेगी।

यह संयंत्र एक खादी संस्थान द्वारा 75 लाख रुपये की लागत से स्थापित किया गया है, जिसमें केवीआईसी ने 60 लाख रुपये का योगदान किया है। इस संयंत्र में 90 स्थानीय महिलाएं कार्यरत हैं।

ईरान टेंशन से रुपये में कमजोरी, सोना 752 रुपये महंगा हुआ

नई दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुख और रुपये में कमजोरी से शुक्रवार को दिल्ली में सोना 752 रुपये उछलकर 40,652 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सोना 39,900 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्यॉरिटीज के मुताबिक , चांदी भी 960 रुपये की तेजी के साथ 48,870 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

रुपया भी कमजोर हुआ

पिछले कारोबारी दिन में चांदी 47,910 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्यॉरिटीज के (परामर्श प्रमुख - पीसीजी) देवर्ष वकील ने कहा , ' वैश्विक बाजार में मजबूत कीमत और रुपये में कमजोरी से दिल्ली में 24 कैरेट वाले सोने का हाजिर भाव 40,652 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया।'

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ रहा तनाव

रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 42 पैसे गिरकर 71.80 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वकील ने कहा, 'भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लिवाली में तेजी आने से सोने के भाव में तेजी आई है।' अमेरिकी हमले में ईरानी कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी की मौत के बाद खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका गहराने लगी है।

भाजपा को लगा बड़ा झटका, बहुमत के बाद भी नहीं मिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। जिले के गुरुर नगर पंचायत में भाजपा को तगड़ा झटका है. बहुमत होने के बाद भी भाजपा न तो अपना अध्यक्ष बना पाई और न ही उपाध्यक्ष. बहुमत से दूर रहने के बाद कांग्रेस के प्रत्याशियों ने भाजपा सदस्यों की मदद से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद हासिल कर लिया। चुनाव में भाजपा के 8 तो कांग्रेस के 7 पार्षद आए थे. लेकिन जब अध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी टिकेश्वर साहू को 8 वोट मिले. कांग्रेस के ही उपाध्यक्ष उम्मीदवार प्रमोद सोनवानी को भी 8 वोट मिले. महज एक वोट से भाजपा का गणित बिगड़ गया और कांग्रेस के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुन लिए गए।

अर्जुन्दा नगर पंचायत पर भी कांग्रेस का कब्जा

बालोद जिले के अर्जुन्दा नगर पंचायत पर कांग्रेस का कब्जा हो गया. कांग्रेस के चंद्रहास देवांगन 9 वोट के साथ अध्यक्ष बने, वहीं कांग्रेस ही ही सुषमा चंद्राकर 11 मतों के साथ उपाध्यक्ष बनीं. अर्जुन्दा कांग्रेस के 8 सदस्य, बीजेपी के 4 और 3 सदस्य निर्दलीय हैं।

श्रीमती लोकेश्वरी साहू

श्रीमती विद्या शर्मा

डौंडीलोहारा में हुआ बड़ा उलटफेर

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया के गृह नगर जहाँ बड़ा उलटफेर हुआ. यहां पर निर्दलीयों की संख्या 7, भाजपा के 5 और कांग्रेस के 3 पार्षद थे, लेकिन यहां कांग्रेस अपना अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने में सफल रही. अध्यक्ष पद पर लोकेश्वरी गोपी साहू और उपाध्यक्ष पद पर विद्या शर्मा काबिज हुईं। इसके अलावा बालोद जिले के 6 नगर पंचायत में से गुरुर और अर्जुन्दा में कांग्रेस के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बने. वहीं डौंडीलोहारा में कांग्रेस के अध्यक्ष बने वहीं निर्दलीय उपाध्यक्ष बन गया है. चिखलाकसा, डौंडी में बने भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष और गुंडरदेही में भाजपा के अध्यक्ष और कांग्रेस से उपाध्यक्ष बने हैं।

भाजपा को किया चारों खाने चित गृहनगर में बनी अनीला की सरकार

मंत्री अनीला भेंडिया ने हारी बाजी जीत कर दिखाया अपना दमखम

■ तीन पार्षद होने के बाद भी नगर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया कांग्रेस ने

नवप्रदेश संवाददाता

डौन्डीलोहारा। नगर पंचायत चुनावों में पहले चरण के मतदान बाद कुल 15 पार्षदों में से मात्र तीन सीट पर मिली जीत से अध्यक्ष पद पर बैकफुट पर पहुंच गई कांग्रेस पार्टी को शनिवार 4 जनवरी को अध्यक्ष पद के लिये हुये चुनाव में मिली जीत ने इस बार नगर की राजनीति में फिर सत्ता पर बिठा दिया है और हारी बाजी को जीत कर कांग्रेस ने पुनः नगर की सरकार पर अपने महिला पार्षद को बैठा कर 5 पार्षदों वाली भाजपा व 7 निर्दलिय पार्षदों के गेम चेंजर वाली रणनिती को फेल कर दिया है।

भाजपा को चारो खाने चित्त कर दिया है। दिनभर नगर पंचायत भवन में सुबह से ही ठंड मौसम के बावजूद राजनीति का पारा काफी गरम था। डौन्डीलोहारा नगर पंचायत बालोद जिले की हाई प्रोफाइल सीट बन गया था क्योंकि इस नगर में प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री महिला बाल विकास विभाग श्रीमति अनिला भेड़िया का निवास स्थान है, इस लिहाज से पार्षद चुनावों में मिली करारी हार से कांग्रेस पार्टी का ग्राफकाफी कमजोर माना जा रहा था व तेजी से निचे आ गया था लेकिन हारी बाजी को जीत में बदल कर मंत्री अनिला भेड़िया ने अपनी ताकत का एहसास कराया है और इस नगर पंचायत में अध्यक्ष चुनावों की रणनीती को अपने कुछ खास सलाहकारों की मदद से हार को जीत में बदल दिया।

मंत्री निवास के भरोसेमंद खासमखास माने जाने वाले कांग्रेस नेता अनिल लोढा हस्तीमल सांखला संजय गुप्ता ताराचंद लोढा व संगठन लिडर भोला देशमुख को साथ लेकर अध्यक्ष पद हेतु बनाये रणनीति में मंत्री अनिला भेंडिया कामयाब हुई और नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं को यह बता दिया कि हारी बाजी को जितने वाला ही सही मायने में बाजीगर होता है और आज के चुनावों में अनिला भेंडिया सबसे बड़ी गेंगचेजर साबित हुई जोहारी बाजी को जित में बदल दिया भाजपा को जीत का पुरा भरोसा था। आज मतदान स्थल पर पारंभ से ही जो माहौल दिखाई दे रहा था उससे यह लग रहा था की भाजपा अपने जीत को लेकर काफी आशन्वित थें और अपने पार्टी के लोगों का मनोबल बढ़ाने जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार पूर्व विधायक लाल गहेन्द्र सिंह टेकाम भाजपा महिला नेत्री श्रीमति संध्या भारद्धाज देवेन्द्र जायसवाल भाजपा नेता होरीलाल रावटे जयेश ठाकुर सहित अन्य नगर के सभी नेतागण मतदान स्थल पर मौजुद थें, तथा अपनी पार्टी की जीत के लिये पा्षदों से बातचीत कर रहे थें लेकिन तमाम रणनीति के बावजूद भाजपा को हार का सामना करना पड़ा।

मतदान स्थल पर प्रारंभ से लेकर अंतिम समय तक मंत्री डटी रहीं

चुनावों में दोनों दलों के नेताओं के बीच आपसी खीचंतान को देखते हुये किसी भी प्रकार की कोताही न हो इसके लिये जहां भाजपा के जिला पदाधिकारी मौके पर मौजुद रहे वही प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमति अनिला भेंडिया भी अपने सभी पार्टी नेताओं के साथ सुबह से ही आकर निर्वाचन की घोषणा तक मतदान स्थल पर डटी रही व निर्वाचन प्रक्रिया पर नजर बनाये रखा तथा नतीजों के बाद आये उत्साहीत नतीजों के बाद अपने विजयी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के साथ नगर में विजय रैली में साथ साथ चली।

निर्दलीय पार्षदों में बैचेनी

मतदान स्थल पर दोनों दलों के नेताओ क अपने अपने पार्षदों को साथ लेकर पहुंचने पर निर्दलिय पार्षदों में काफी बैचेनी व दबाव देखा गया कारण भी स्पष्ट था कि पुरे चुनाव में अध्यक्ष निर्वाचन मे इन्ही तीन निर्दलिय पार्षदों की भूमिका काफी महत्तवपूर्ण माना जा रहा था और मंत्रो सहीत भाजपा नेतागण भी इनको अपने पाले मे लाने कुछ दिनों से काफी मेहनत कर रहे थें तथा कहा जा रहा है की तीनों पार्षद अंतिम समय तक दोनों दलों क बड़े नेताओं क सपंर्क में थें जिस कारण असमंजस की स्थिति साफ दिखाई दे रहा था।

पिपरछेड़ी में नवधा रामायण शुरू

कसडोल। अंचल के ग्राम पिपरछेड़ी मे विगत वर्षोनुसार इस वर्ष भी नवधा रामायण समारोह का आयोजन ग्राम वासीयों द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि नवधा रामायण का शुभारंभ विगत 03 जनवरी को हो चुका है ।जिसका हवन ,पूजन सहस्त्रधारा के साथ आगामी 12जनवरी को होगा । मानस प्रेमी श्रोताओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रखी गई है ।तथा प्रत्येक मानस मंडली को सम्मान राशि के रूप में 251 रुपये नगद प्रदान किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी आयोजन समिति के मोतीलाल निर्मलकर ,चंदराम निषाद , प्यारेलाल निषाद , कमलनारायण यादव, मानसिंह निर्मलकर ,पदुमलाल यादव , सेवकराम पटेल आदि ग्रामीणों ने दी है।

शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी पहुंचा जेल

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। थानांतर्गत ग्राम धौराभाठा की युवती के साथ शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को पीड़िता की शिकायत पर जेल भेजा गया। आरोपी महेश्वर दास मानिकपुरी, ग्राम धौराभाठा, थाना-कसडोल का निवासी है, जिसे जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश श्रीवास्तव ने आजीवन कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई थाना कसडोल की ओर शासकीय अधिवक्ता समीर अग्रवाल ने पैरवी की।

यह था मामला

अभियुक्त महेश्वर दास पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर वर्ष 2014 से शारीरिक संबंध बनाता रहा। तत्पश्चात पीड़िता से पीछा छुड़ाने के उद्देश्य से अचानक किसी लड़की से शादी कर लिया। शादी के उपरांत भी आरोपी महेश्वर दास पीड़िता को फोन करके तंग करता और भोली भाली पीड़िता को बहला-फुसलाकर उससे लगातार शारिरीक संबंध बनाता रहा, जिसके कारण पीड़िता गर्भवती हो गई और दिनांक 18 जनवरी 2019 को पीड़िता ने एक बच्ची को जन्म दिया। पीड़िता चुकी सतनामी जाति की थी अलग कास्ट के होने के कारण आरोपी महेश्वर दास ने पीड़िता से शादी के लिए इनकार कर दिया। साथ ही आरोपी से तंग आकर उक्त संबंध में पीड़िता ने थाना कसडोल पुलिस में उपस्थित होकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। कसडोल पुलिस के द्वारा आरोपी के विरुद्ध धारा 376 भादवी एवं 3(2)(1) एसटी एससी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम से अपनी सहकारी संस्था के कार्यों के प्रचार-प्रसार की विधा से

■ राज्य सहकारी संघ के आयोजन को मिली सराहना

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। 'ब्रांडिंग सेल्फ एण्ड आर्गेनाइजेशन थ्रो सोशल मीडिया'' विषय पर सहकारी प्रशिक्षण का आयोजन छग राज्य संघ मुख्यालय, रायपुर में 3 व 4 जनवरी को किया गया। फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मिडिया के माध्यम से अपनी तथा अपने संस्था की ब्रांडिंग करने आयोजित इस प्रशिक्षण का आयोजन छग राज्य संघ द्वारा किया गया। प्रथम दिवस का प्रशिक्षण प्रदेश के समस्त जिला सहकारी संघो के अध्यक्ष एवं प्रबंधकों व राज्य सहकारी संघ मुख्यालय के स्टाफ के लिए तथा द्वितीय दिवस का आयोजन राज्य स्तरीय सहकारी संघों, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक व राज्य संघ के जगदलपुर व बिलासपुर संभागीय कार्यालय के स्टाफ के लिए आयोजित किया गया। आईटीएम युनिवर्सिटी से आए प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण में सोशल मीडिया के बेहतर उपयोग से अपने संस्था की बेहतर ब्रांडिंग करने के तरीकों से अवगत कराया। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण की शुरुवात राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष झुनमुन गुप्ता एवं प्रशिक्षक डॉ. मोनिका सेठी द्वारा तथा द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण का शुभारम्भ उपाध्यक्ष रविन्द्र भाटिया व अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरवस्ती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रशिक्षण में आई.टी.एम. युनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. मोनिका सेठी व रिया सूद ने वाट्सअप, फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम के उपयोग तथा इनके माध्यम से स्वयं की तथा अपने संस्था की ब्रांडिंग कैसे की जाए इस पर विस्तृत जानकारी दी।

फिल्म प्रमोशन के लिए छालीवुड सुपरस्टार करण खान कसडोल पहुंचे

कसडोल। छत्तीसगढ़ी में 3 जनवरी को फ़िल्म ससुराल सिनेमाघरों में रिलीज हो चुका है जिसके प्रमोशन को लेकर आज फिल्म के मुख्य कलाकार छालीवुड सुपर स्टार करण खान कसडोल के बालाजी सिनेमाघर पहुँचे और लोगो से रूबरू हुए। करण के फैन अपने पसंदीदा हीरो से मिलने घण्टो सिनेमा घर के सामने इंतजार करते रहे और जब करण खान पहुचे तो लोग सेल्फी लेने उमड़ पड़े। छत्तीसगढ़ में कई सुपर स्टार हैं जिनमे से एक करण खान हैं जिसे न सिर्फछत्तीसगढ़ बल्कि दूसरे प्रदेशों में भी लोगो के चहेते बन चुके है, करन खान अपने सरल हसमुख मिजाज के लिए जाने जाते है मीडिया से बात करते हुए करन खान ने कहा फ़िल्म पूरी तरह पारिवारिक हैं फ़िल्म के नाम से ही फ़िल्म की सुधत्ता समझ आती हैं।

कांग्रेस के सुदेश मेश्राम ने भाजपा उम्मीदवार अनीता को 2 वोट से दी शिकस्त

■ सुदेश अध्यक्ष उमामहेश बने उपाध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़ । स्थानीय नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए आज चुनाव नगरपालिका परिषद के हाल में संपन्न हुआ जिसमें भाजपा के 11 पार्षद, कांग्रेस 10 एवम 3 निर्दलीय पार्षद ने भाग लिया भाजपा की ओर से वार्ड नंबर 9 से निर्दलीय जीत दर्ज करने वाली पार्षद अनीता इंदुरकर को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया था तो वहीं कांग्रेस ने वार्ड नंबर 14 से जितने वाले पार्षद सुदेश मेश्राम को अपना उम्मीदवार बनाया था भारी गहमा गहमी भरे माहौल में कांग्रेस के सुदेश मेश्राम को 13 और भाजपा की अनीता इंदुरकर को 11वोट मिले जिसमें कांग्रेस के सुदेश मेश्राम 02 वोट से जीत दर्ज की वहीं उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय पार्षद को कांग्रेस के उम्मीदवार उमा महेश वर्मा उतारा वहीं भाजपा के अमित छाबड़ा को 02 वोट शिकस्त कर जीत दर्ज की 24 सदस्यीय परिषद में भाजपा के 11 पार्षद वहीँ 10 पार्षदों वाली कांग्रेस ने भाजपा पार्षदों में सेंध लगाने में कामयाब रही वही नगर पालिका के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने कहा की डोंगरगढ़ शहर का विकास कराना उनका पहला लक्ष्य है और कहा कि डोंगरगढ़ में शिक्षा स्वास्थ्य साफ सफाई पर उनका विशेष फोकस रहेगा और लोगों को नगर पालिका में मिलने वाली सारीसुविधा मुहैया कराने की बात कही। वही डोंगरगढ विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि प्रदेश में भूपेश की सरकार ने 1 साल में जो विकास का काम कराया है उसका नतीजा है कि आज हम नगर पालिका में बहुमत के साथ अपना अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनाए हैं और प्रदेश के साथ-साथ डोंगरगढ़ का भी विकास होगा। साथ ही जिला ग्रामीण अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार चुनाव कांग्रेस पार्टी जीतते आ रही है और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी कार्य से प्रदेश की जनता खुश है ।

नगर पंचायत में भाजपा की सरकार बनने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

नवप्रदेश संवाददाता

डौण्डी। भाजपा मण्डल मनीष झा के नेतृत्व में डौण्डी नगर पंचायत में भाजपा की सरकार बनने पर भाजपा मंडल डौण्डी में भाजपाइयों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर खुशी मनाई। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमेश सोरी व उपाध्यक्ष रूपेश नायक ने कहा कि अब डौण्डी नगर पंचायत में विकास के अन्य छूटे कार्य कराए जाएंगे और सभी का पुनः समान विकास कराया जाएगा। वहीं डौण्डी नगर पंचायत में भाजपा की सरकार बनने पर भाजपाइयों ने जोरदार आतिशबाज छोड़कर व लडडू बांटकर सरकार बनने पर खुशी व्यक्त की। इस मौके पर दिनेश अग्रवाल, नीलेश जायसवाल ,विनय जायसवाल, रामनारायन धनकर, अंकित तिवारी,रूपेश ढ़ेलडिया, मदन जैन,र ाजेन्द्र नाहर, लाल चंद जैन,जीवन धनकर,अजय चौहान, संजीव मानकर,मातरम दास कोसरे,चाँदनी दीक्षित,रेखा चौहान, साधना सोरी सहित अन्य भी मौजूद रहे। नगर पंचायत डौण्डी के नव निर्वाचित 13 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह के बाद आज शाम साढ़े चार बजे मतगणना उपरांत भाजपा के पार्षद सोमेश सोरी को अध्यक्ष चुना गया वहीं भाजपा के ही रूपेश नायक को उपाध्यक्ष चुना गया है। जीत के बाद कार्यकर्ताओं के द्वारा मतगणना स्थल के पास जमकर आतिशबाजी करते हुए बाजे गाजे के साथ रैली निकाली गई।

कड़ाके की ठंड में अलाव का सहारा ले रहे लोग

कसडोल। इन दिनों बलौदाबाजार की ग्राम सिरीयाडीह अंचल में कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है ग्रामीण जगह-जगह अलाव जला रहे हैं। दिनभर ठंडी हवाएं चलने से हाथ पैर ठिठुरने के कारण अलाव का सहारा ले रहे हैं। गुरुवार को सुबह आकाश में पूरे दिन भर मेघा छाया रहा तथा दोपहर से बारिश की बूंदे धरा को छींटे देती रही साथ ही सुबह से कड़ाके की ठंड लोगों के बदन से गर्म कपड़े उतरने न दिया। साथ ही क्षेत्र में जन जीवन प्रभावित रहा।

महत्वकांक्षी योजनाओं की सतत् निगरानी करेंगे नोडल अधिकारी

गरियाबंद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप एवं मुख्य सचिव आर.पी. मंडल द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में कलेक्टर श्याम धावड़े द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना अभियान, आंगनबाड़ी शालाओं में सुपोषण,स्वास्थ्य,शिक्षा, फ्लेवर्ड-सोयादूध का वितरण,मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक, आश्रम-छात्रावास, उपस्वास्थ्य केन्द्र, सार्वभौम पीडीएस एवं एनजीजीबी के कार्यो तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों में सतत निगरानी एवं मॉनिटरिंग हेतु 62 नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसे आंशिक संशोधित करते हुए पुनः ड्यूटी लगाई गई है।

स्वास्थ्य अधिकारी ने किया ओपीडी का निरीक्षण

गरियाबंद। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आदेशानुसार समस्त शासकीय अस्पतालों में 01 जनवरी से नये समय सारणी अनुसार अस्पताल की संचालन व्यवस्था शुरू की गई है उक्त संबंध में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एन.आर. नवरत्न ने जिले के समस्त अस्पतालों हेतु नये समयानुसार ओपीडी संचालन सुनिश्चित करने के निदेश जारी किये है। अब नये समय सारणी के अनुसार जिला अस्पताल तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 02 सत्र में ओपीडी सेवा मरीजों को प्रदाय की जायेगी। जिसमें प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक प्रथम सत्र तथा संध्याकालीन ओपीडी शाम 4.00 बजे से 6.00 बजे तक संचालित किया जा रहा है। आपातकालीन सेवाएं 24 घण्टे सभी दिन चालू रहेगें। नये ओपीडी संचालन का जायजा लेने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एन.आर.नवरत्न ने मैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का संध्याकालीन ओपीडी का आकास्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संध्याकालीन ओपीडी में डॉक्टर एवं स्टॉफड्यूटी पर उपस्थित पाये गए।

अनदेखी | व्यापारी द्वारा नहर को मुरूम से किया जा रहा बंद, साल्हेवारा का मामला

नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी योजना की उड़ रही धज्जियां

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई/पंडरिया। छुईखदान विकासखंड क्षेत्र में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाडी की धज्जियां उडाई जा रही है। इसका ग्रामीणों ने विरोध किया है। एक व्यापारी द्वारा नहर को मुरूम से पाटा जा रहा है। इससे सिंचाई हेतु पानी नहीं मिल पाएगा।

यह मामला ग्राम साल्हेवारा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम साल्हेवारा निवासी अमीत अग्रवाल पिता बृजमोहन अग्रवाल द्वारा गांव में पेट्रोल पंप खोला जा रहा है। इनकी निजी जमीन पर नहर गुजरी है। पेट्रोल पंप खोलने के नाम पर व्यापारी द्वारा नहर में मुरूम पाटकर बंद किया जा रहा हैं कार्यालय जल संसाधन उप संभाग छुईखदान द्वारा श्री अग्रवाल को व्यवसाय करने हेतु नहर व बांध को बिना किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाने की षर्त पर अनुमति प्रदान की गई थी। साथ ही उनके जमीन का नक्षा मार्किंग कर प्रदाय किया गया था। जिसमें सिंचाई विभाग का नहर उनके जमीन के बीच में आ रहा है, प्रदायित नक्षे में उनकी निजी जमीन दर्षित है। उक्त व्यक्ति के द्वारा पेट्रोल पंप खोलने हेतु साल्हेवारा जलाषय से लगे हुए मुख्य नहर में मुरूम पाटने का कार्य किया जा रहा है एवं षासकीय नहर को क्षति पहुंचाया जा रहा है, इसके चलते किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पाएगा और फसल का नुकसान होगा । बांध के नीचे पेट्रोल पंप खोलना बिल्कुल उचित नहीं है। इस संबंध में व्यापारी को विभाग द्वारा पत्र भी लिखा जा चुका है लेकिन इनके द्वारा मनमानी की जा रही है। नियमों व विभाग के आदेश की अनदेखी करते हुए व्यापारी द्वारा मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना का खुलेआम धज्जियां उडाई जा रही हैं। व्यापारी के लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है।

निधन

भुखीन बाई साहू

डोंडी। ग्राम गुजरा धमतरी निवासी भुखीन बाई साहू 85 साल का शुक्रवार को उनके घर मे निधन हो गया वे पिछले कई महीनों से बीमार चल रही थी अंतिम सस्कार शनिवार को गाँव के मुक्तिधाम मे किया गया वे डोंडी के पत्रकार तेजराम साहू काँग्रेस नेता गोविंद साहू जनपद सदस्य दयाराम साहू की बड़ी मा तथा ओधन राम हलधर साहू की माँ थीं।

न्यूज गैलरी

वडोदरा इंटरनेशनल मैराथन में दौड़ेंगे एक लाख से ज्यादा धावक

बड़ौदा (वार्ता)। एमजी वडोदरा इंटरनेशनल मैराथन के 9वें संस्करण का आयोजन रविवार को किया जाएगा जिसमें विभिन्न वर्गों में एक लाख से ज्यादा धावक हिस्सा लेंगे। इस मैराथन में देश की सबसे बड़ी मैराथन फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.098 किमी), क्वार्टर मैराथन (10.5 किमी), दिव्यांग पैरालम्पिक रन, स्वच्छता रन, जवान रन, एनजीओ प्लेज रन और मैराथन रिले का आयोजन होगा। इस साल एमजी वडोदरा इंटरनेशनल मैराथन के लिए कुल 1,00,187 पंजीकृतों धावकों ने पंजीकरण किया है। इसमें 57 अंतरराष्ट्रीय धावक, 23294 कॉरपोरेट धावक, 1708 दिव्यांग प्रतिभागी, 37390 स्कूल धावक, 10285 कॉलेज विद्यार्थी और 21606 गैर सरकारी संगठनों के प्रतिभागी शामिल हैं।

पोप के अर्धशतक ने इंग्लैंड को संभाला

केपटाउन (वार्ता)। मध्य क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने नाबाद 56 रन की संघर्षपूर्ण अर्धशतकीय पारी खेलकर इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में पहले दिन शुक्रवार को संभाल लिया और दिन के खेल की समाप्ति तक नौ विकेट खोकर 262 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और उसके शीर्ष तथा मध्य क्रम के लगभग सभी बल्लेबाजों ने अपना योगदान दिया। पोप ने नौवां विकेट 234 रन पर गिरने के बावजूद मोर्चा संभाले रखा और टीम के स्कोर को 262 तक पहुंचा दिया। पोप 132 गेंदों पर नाबाद 56 रन में सात चौके लगा चुके हैं। बेन स्टोक्स ने ने 77 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाकर 47 रन बनाये। ओपनर डोमिनिक सिब्ले ने 34, जो डेनली ने 38, कप्तान जो रुट ने 35 और जोस बटलर ने 29 रन बनाये।

मानव ठक्कर अंडर-21 में बने नंबर वन

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के युवा प्रतिभाशाली टेबल टेनिस खिलाड़ी मानव ठक्कर अंडर-21 वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। जी सत्यन ने अगस्त 2019 की अपनी 30वीं रैंकिंग को बरकरार रखा है जबकि अचंत शरत कमल 34वें से एक स्थान का सुधार कर 33वें नंबर पर पहुंच गए हैं। महिला खिलाड़ी मणिका बत्रा ने अपनी 61वीं रैंकिंग को बरकरार रखा है। मानव मारखम में आईटीटीएफ चैलेंज प्लस कनाडा ओपन में अपनी खिताबी जीत की बदौलत अंडर-21 रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। ठक्कर नवम्बर में तीसरे स्थान पर थे लेकिन दिसम्बर में 10वें स्थान पर खिसक गए थे। ठक्कर 2018 में भी अंडर-18 विश्व रैंकिंग में नंबर एक बने थे।

स्विंग मास्टर इरफान का क्रिकेट को अलविदा

इरफान के लिए 2006 पाकिस्तान दौरा सबसे यादगार माना जा सकता है जिसमें हरभजन सिंह के बाद भारत के टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले मात्र दूसरे गेंदबाज़ बने थे

भारतीय क्रिकेट में एक समय अपनी स्विंग गेंदबाज़ी का लोहा मनवा चुके इरफान पठान ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर अपने 17 बरस के सुनहरे करियर पर विराम लगा दिया।

नई दिल्ली (वार्ता)। इरफान हालांकि लंबे अर्से से भारतीय क्रिकेट से बाहर चल रहे थे और राष्ट्रीय टीम की ओर से अपना आखिरी वनडे वर्ष 2012 में श्रीलंका के खिलाफ पल्लीकल तथा आखिरी ट्वंटी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच अक्टूबर 2012 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने आखिरी टेस्ट भारत की ओर से अप्रैल 2008 में खेला था। ऐसे में स्विंग गेंदबाज़ ऑलराउंडर का 17 वर्ष के अपने लंबे क्रिकेट करियर पर विराम लगाने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है। इरफान वर्ष 2007 में विश्व विजेता ट्वंटी 20 भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। अपने करियर के शुरूआती दौर में ही इरफान स्टीव वॉ और एडम गिलक्रिस्ट को अपनी रिवर्स स्विंग गेंदबाज़ी से चौंकाकर चर्चा में आ गये थे। उन्होंने जनवरी 2004 में सिडनी में प्रभावशाली प्रदर्शन के तीन वर्ष बाद विश्वकप टीम में जगह बनाई थी। इरफान का करियर हालांकि उतार चढ़ाव भरा रहा और भारत की ओर से उन्होंने करियर में 29 टेस्ट,120 वनडे तथा 24 ट्वंटी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह भारत के लिये टेस्ट प्रारूप में हैट्रिक लेने वाले भारतीय तेज़ गेंदबाज़ों की सूची में शामिल हैं। इरफान ने नवंबर 2003 में उस समय सुर्खियां बटोरी थीं जब उन्होंने लाहौर में बंगलादेश के खिलाफ अंडर-19 टीम की ओर से 16 रन पर नौ विकेट निकाले थे। वह वर्ष 2004 में भारत की अंडर-19 विश्वकप टीम का भी हिस्सा रहे और वर्ष 2003-04 में ही आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा बन गये।

- इरफान पठान ने शनिवार को क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है
- 2003 में पहली बार भारतीय टीम के लिए खेलने वाले पठान 2012 से इंटरनैशनल क्रिकेट से दूर थे
- वह पिछला रणजी ट्रॉफी जम्मू कश्मीर की ओर से खेले थे और इस टीम को कोचिंग भी दे रहे थे
- उन्होंने संन्यास के ऐलान के दौरान अपने चाहने वालों, पूर्व साथियों और कोचों को शुक्रिया कहा

भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल से अपने नए साल के सफर का आगाज करेगी

बुमराह की वापसी, विश्वकप से पहले युवाओं पर रहेगी नजर

भारतीय क्रिकेट टीम अपने नववर्ष के अभियान की शुरूआत श्रीलंका के खिलाफ करने जा रही है और रविवार को गुवाहाटी में सीरीज़ के पहले ट्वंटी 20 अंतराष्ट्रीय मुकाबले में उतरेगी जहां उसकी निगाहें आगामी विश्वकप से पूर्व अपनी युवा ब्रिगेड के प्रदर्शन पर लगी होंगी।

गुवाहाटी (वार्ता)। विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम को इस वर्ष आस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी ट्वंटी 20 विश्वकप में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, लेकिन उससे पहले टीम के लिये अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजन को तलाशना बड़ी चुनौती है। भारत ने हाल ही में अपने मैदान पर बंगलादेश और वेस्टइंडीज़ से ट्वंटी 20 सीरीज़ में काफी चुनौतियां झेली हैं और दोनों ही सीरीज़ में वह 2-1 के अंतर से जीतने में सफल हुआ। हालांकि भारतीय टीम को इन दोनों ही सीरीज़ में फील्डिंग, गेंदबाजी और बल्लेबाजी सभी विभागों में विपक्षियों से कड़ी चुनौती झेलनी पड़ी जो उसके लिये बड़ा सबक साबित हुई हैं। अब देखना होगा कि श्रीलंका के खिलाफटीम इंडिया के खिलाड़ी किन विभागों में कितने सुधार के साथ उतरते हैं। मौजूदा सीरीज़ में स्टार ओपनर रोहित शर्मा को आराम दिया गया है लेकिन टीम के प्रतिभाशाली तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह की वापसी अहम मानी जा रही है। प्रतिष्ठित विजडन की दशक की सर्वश्रेष्ठ ट्वंटी 20 अंतरराष्ट्रीय टीम में विराट के साथ अन्य भारतीय के रूप में स्थान बनाने वाले बुमराह वर्तमान में भारतीय टीम के बेहतरीन तेज़ गेंदबाज़ों में गिने जाते हैं जिनका लोहा सबसे अधिक डैथ ओवरों में माना जाता है।

- भारत और श्रीलंका के बीच टी-20 इंटरनैशनल सीरीज का पहला मैच रविवार को है
- भारतीय टीम के कैप्टन विराट कोहली इस मैच में श्रीलंका के लिए बड़ी चुनौती माने जा रहे हैं
- कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ 4 इंटरनैशनल टी-20 खेले हैं और सभी में हाफसेंचुरी लगाई है
- विराट कोहली का श्रीलंका के खिलाफ जबरदस्त रेकॉर्ड है

भारत-श्रीलंका मैच की तैयारियां पूरीं

स्टेडियम किले में तब्दील

गुवाहाटी (वार्ता)। असम में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत और श्रीलंका के बीच रविवार को होने वाले पहले टी-20 मुकाबले की सारी तैयारियां पूरी हो गयी हैं और सुरक्षा के लिहाज से स्टेडियम को जैसे किले में तब्दील कर दिया गया है।

भारतीय टीम इस मुकाबले के लिए शुक्रवार को यहां पहुंच गयी जबकि श्रीलंका की टीम गुरूवार को यहां पहुंच गयी थी। पहला मैच गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

मुकाबले के लिए भारतीय टीम ने शाम के सत्र में हल्का अभ्यास किया जबकि श्रीलंका की टीम सुबह खराब मौसम के कारण अपना अभ्यास नहीं कर पायी। मैच के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किये गए हैं और स्टेडियम को किले में तब्दील कर दिया गया है। रैपिड एक्शन फ़ोर्स के साथ-साथ स्थानीय पुलिस को स्टेडियम के चारों तरफतैनात किया गया है।

असम क्रिकेट संघ के सचिव देवजीत लोन सैकिया ने कहा कि इस मैच के लिए पिछले दो महीने से तैयारियां की जा रही थीं और हम इस मैच की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।सैकिया ने बताया कि अब तक 27 हजार टिकट बेचे जा चुके हैं और उन्हें उम्मीद है कि मैच हॉउसफुल रहेगा।

भारत गुवाहाटी में होने वाले पहले मैच में उतरते ही न्यूजीलैंड को पीछे छोड़कर सर्वाधिक टी-20 मैच खेलने वाला दूसरा देश बन जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड ने एक बराबर 126 टी-20 मैच खेले हैं। पाकिस्तान 149 टी-20 मैच खेलकर सबसे आगे है जिसके बाद भारत और न्यूजीलैंड हैं। गुवाहाटी का मुकाबला भारत का 127वां टी-20 मैच होगा।

टॉप-4 में बने रहना चाहेंगे मुम्बई और एटीके

मुम्बई (वार्ता)। अपने घर में दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में पहली जीत दर्ज करने के बाद मुम्बई सिटी एफसी एक बार फिर मैदान पर लौटने को तैयार है। अब उसका सामना हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन में शनिवार को दो बार के चैम्पियन एटीके से होना है और मुम्बई की टीम इस मैच को जीतकर घर में दूसरी जीत का जश्न मनाना चाहेगी।

छठे सीजन की खराब शुरुआत के बाद मुम्बई ने लगातार जीत दर्ज करते हुए 16 अंकों के साथ खुद को 10 टीमों की तालिका में चौथे स्थान पर बनाए रखा है। उसका प्रयास एटीके के खिलाफ तीन अंक हासिल करते हुए शीर्ष-4 में ही बने रहना होगा। एटीके के 10 मैचों से 18 अंक हैं और वह तालिका में दूसरे स्थान पर है। मुम्बई के सामने एटीके के फारवर्ड खिलाड़ियों को रोकने की चुनौती होगी। बीते तीन मैचों में हालांकि एटीके ने सिर्फ एक ओपन गोल खाया है। ऐसे में मुम्बई के डिफेंडरों को रॉय कृष्णा और डेविड विलियम्स को रोकने में परेशानी नहीं आनी चाहिए। मुम्बई की मुश्किल यह है कि इस मैच में उसके स्टार मिडफील्डर पाउलो माचादो नहीं होंगे। वह चोटिल हैं। कोच एंटोनियो हबास की टीम एटीके गोल करने में माहिर है। उसने इस सीजन में कुल 19 गोल किए हैं। उसके प्रतिभाशाली स्ट्राइकर मुम्बई की डिफेंस को परेशान करेंगे, जिसने बीते आठ मैचों से क्लीन शीट नहीं हासिल किया है। अगुस गार्सिया की गैरमौजूदगी में हबास को स्पेनिश डिफेंडर विक्टर मोंगिल को लेकर अपना डिफेंस मजबूत करना होगा। एटीके और मुम्बई के बीच का मुकाबला हमेशा से कड़ा और रोचक रहा है। बीते सीजन में दोनों ने रोमांचक 2-2 से ड्रॉ खेला था। अब देखने की बात है कि इस सीजन में दोनों के बीच होने वाले मुकाबले का नतीजा बदलता है या नहीं।

अभ्यास में फुटबाल पर इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने लगाया बैन

लंदन (वार्ता)। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज़ से पहले अभ्यास के दौरान ओपनर रोरी बर्न्स के चोटिल हो जाने के बाद सभी क्रिकेटरों को ट्रेनिंग के दौरान फुटबाल खेलने से सख्त मना कर दिया है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार टेस्टों की मौजूदा सीरीज़ से पूर्व बर्न्स ट्रेनिंग के दौरान फुटबाल खेलते हुये चोटिल हो गये थे जिससे वह शेष सीरीज़ से बाहर हो गये हैं।उनके स्कैन में पता चला है कि उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। बर्न्स की चोट के बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निदेशक एश्ले जाइल्स और मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने क्रिकेटरों को फुटबाल को वार्मअप के लिये खेलने से मना कर दिया है।

कप्तान प्रियम के शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

कप्तान प्रियम गर्ग की 110 रन की शानदार शतकीय पारी की बदौलत भारत ने चार देशों के अंडर-19 टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते मेज़बान दक्षिण अफ्रीका को आसानी से शुक्रवार को 66 रन से पीट दिया।

डरबन (वार्ता)। भारत ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 264 रन का मजबूत स्कोर बनाया और मेजबान टीम की चुनौती को नौ विकेट पर 198 रन पर रोक दिया। चार देशों के इस टूर्नामेंट की दो अन्य टीमें न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे हैं। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन इसकी शुरूआत खराब रही और उसने 29 रन तक दो विकेट गंवा दिये। कप्तान प्रियम ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिये 91 रन और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के साथ चौथे विकेट के लिये 104 रन की साझेदारी की। प्रियम ने 103 गेंदों पर 110 रन में नौ चौके और दो छक्के लगाये। तिलक ने 69 गेंदों पर 42 रन में चार चौके लगाये जबकि ध्रुव ने 74 गेंदों में 65 रन की पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से तेज़ गेंदबाज़ मोंडली खुमालो ने 53 रन पर चार विकेट लिये। मजबूत लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम कभी मुकाबले में दिखाई नहीं दी। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में विकेट निकलते हुए मेजबान टीम का स्कोर आठ विकेट पर 150 रन कर अपनी जीत सुनिश्चित कर ली। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कप्तान ब्राइस पार्सन्स ने सर्वाधिक 57 और ओपनर एंड्र्यू लोउ ने 45 रन बनाये।

डबल धमाल | **गोवा की टीम 11 मैचों से 21 अंक लेकर 10 अंक तालिका में टॉप पर**

गोवा को 2-1 से हरा दूसरे स्थान पर बेंगलुरू

करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री द्वारा किए गए दो गोलों की मदद से मौजूदा चैम्पियन बेंगलुरू एफसी ने श्री कांतिरावा स्टेडियम में एफसी गोवा को 2-1 से हराकर हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन की अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

बेंगलुरू (वार्ता)। मैच का पहला गोल छेत्री ने 59वें मिनट में किया था लेकिन हुगो बोउमोस ने 61वें मिनट में गोल करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। छेत्री यही नहीं रुके और 84वें मिनट में गोल करते हुए अपनी टीम को फिर 2-1 से आगे कर दिया। कांतिरावा स्टेडियम में शुक्रवार रात हुये मैच में गोवा की टीम 2017 में बेंगलुरू के आईएसएल में आने के बाद से कभी नहीं जीती है। असल में गौर्स नाम से मशहूर गोवा की टीम अब तक बेंगलुरू के खिलाफ सिर्फ एक मैच जीत सकी है। गोवा की टीम 11 मैचों से 21 अंक लेकर 10 टीमों की तालिका में अभी भी टॉप पर बनी हुई है जबकि बेंगलुरू 19 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। एटीके के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है।

पहला हाफ गोलरहित रहा जिसमें गोवा का बोलबाला रहा। 63 प्रतिशत बॉल गोवा के हिस्से रही। बेंगलुरू ने 37 फीसदी बॉल अपने कब्जे के बावजूद दो शॉट गोल पर लिए लेकिन वह भी गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमें बराबरी पर रहीं लेकिन बेंगलुरू ने 59वें मिनट में मिले एक कार्नर पर गोल करते हुए 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। छेत्री ने यह गोल डेल्गाडो द्वारा किए गए कार्नर पर हेडर के जरिए किया। गोवा ने दो मिनट बाद ही गोल करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। गोवा के लिए यह गोल बोउमोस ने कोरो के पास पर किया। बेंगलुरू ने हालांकि 85वें मिनट में अपने कप्तान की बदौलत सफलता हासिल की और 2-1 से आगे हो गया। छेत्री ने यह बेहतरीन गोल आशिक कुरूनियन के पास पर किया। छेत्री ने 86वें मिनट में एक और चांस बनाया लेकिन वह सफल नहीं हो सके। अंतिम पलों में इदु बेदिया ने गोवा को बराबरी दिलाने का भरसक प्रयास किया लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया और उनकी टीम इस सीजन की दूसरी हार को मजबूर हुई।

देवरिया में 65वीं राष्ट्रीय खो-खो चैम्पियनशिप शुरू

देवरिया (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के देवरिया में शुक्रवार से शुरू हुई 65वीं राष्ट्रीय बालक/बालिका खो-खो चैम्पियनशिप में विभिन्न राज्यों से आयी 60 टीमें भाग ले रही है। चैम्पियनशिप का उदघाटन महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के मैदान में प्रदेश सरकार के मंत्री जय प्रकाश निषाद ने किया। निषाद ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में विभिन्न राज्यों से करीब 60 टीमें भाग ले रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना ने खेलना चाहिये। उद्घाटन मैच उत्तर प्रदेश और दमन एवं दीव के बीच खेला गया। उत्तर प्रदेश की बालिका टीम ने एकतरफा मुकाबले में जबरदस्त जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश की काजल ने नौ मिनट के खेल में अपनी टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। मेजबान उत्तर प्रदेश की बालिका टीम ने एक तरफा मुकाबले में दमन एवं दीव की टीम पर शानदार जीत दर्ज की। प्रतिकूल मौसम में भी खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर था। बालिका वर्ग के खेले गए अन्य मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को एक अंक हराया। गुजरात की टीम ने हिमांचल प्रदेश पर नौ अंकों से दमदार जीत दर्ज की।

न्यूज गैलरी

पंचायत चुनावः नामांकन दाखिले के लिए अंतिम दो दिन शेष

रायपुर। प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिले के लिए अब सिर्फ अंतिम दो दिन शेष है। 6 जनवरी को नामांकन दाखिले का आखरी दिन है। इसे देखते हुए सभी जिलों में आज से नामांकन दाखिले की प्रक्रिया में और तेजी आ जाएगी। पंचायत चुनाव के लिए अब तक जिन अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल नहीं कर पाये है ऐसे अभ्यर्थियों को अब इन शेष दिनों के अंदर अपना नामांकन दाखिल करना होगा। ज्ञात हो कि त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव प्रदेश के सभी 27 जिलों में जनपद के 146, जिला पंचायत सदस्य के 400, जनपद पंचायत सदस्य के 2979, सरपंच के 11664 एवं पंच के 160725 पदों के लिए होगा।

मंत्री सिंहदेव नई दिल्ली प्रवास पर

रायपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव शनिवार को नई दिल्ली प्रवास पर गए हैं। वे दोपहर 02.50 बजे रायपुर से नियमित विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। वे शाम 04.50 बजे नई दिल्ली पहुंचे। श्री सिंहदेव 5 जनवरी को दोपहर 1.50 बजे नियमित विमान से नई दिल्ली से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 3.40 बजे वापस रायपुर पहुंचेंगे।

प्याज के दामों में आई गिरावट, लोगों को मिली थोड़ी राहत

रायपुर। कुछ दिन पूर्व चिल्हर में 120 रूपये प्रति किलो तक पहुंच चुका प्याज के दामों में अब गिरावट आनी शुरू हो गई है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिलने लगी है। शनिवार को राजधानी में प्याज चिल्हर में 70 रूपये प्रति किलो की दर से बिके। प्याज के दामों में आई इस गिरावट से लोगों को बहुत राहत मिली है।

फ्लोराइड, आर्सेनिक और खारे-पानी से प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

रायपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रदेश के फ्लोराइड, आर्सेनिक और खारे-पानी से प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कारगर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप प्रदेश में सभी लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर इस दिशा में बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में श्री बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के गठन उपरांत अब तक राज्य की जल गुणवत्ता से प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बस्तर जिले के फ्लोराइड से प्रभावित 33 ग्रामों के लिए 49 करोड़ 69 लाख रुपए की कोसारटेडा समूह जलप्रदाय योजना स्वीकृत की गई है। जिसमें सम्मिलित 29 ग्रामों में योजना का कार्य पूर्ण कर शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है।

गर्म रखने का जुगाड़

रायपुर(नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ में इस समय पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इधर राज्य के कई इलाकों में बारिश के बाद कोहरा और ओस का भी प्रकोप देखा जा रहा है।

अंडा और अछोटी गांव में बाघ ने किया मवेशी का शिकार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, बालोद और अब दुर्ग जिले में भी रॉयल बंगाल टाइगर ने अपनी दस्तक दे दी है। यहां इसने शिकार भी किया है जिससे वन विभाग का तमाम अमला पुलिस सहित जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। दुर्ग बालोद और राजनांदगांव जिले के बॉर्डर के लगभग सभी गांव में अलर्ट जारी किया गया है।

टाइगर इन तीनों जिलों के बॉर्डर के किसी भी गांव में पहुंच सकता है। रात को रॉयल बंगाल टाइगर के पहुंचने की जानकारी तब मिली जब दुर्ग जिले के अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अछोटी में गांव से कुछ दूरी पर खेत में एक गाय का शव मिला, पहले तो लोगों ने गाय की सामान्य मौत मान ध्यान नहीं दिया लेकिन जब पास से देखा तो गाय के गले में टाइगर के दांतों और पंजों के खरोंच से हुए जख्म से खून बहता दिख रहा था। वहीं आसपास के खेत और जमीन में पंजो के निशान भी साफदेखने से ग्रामीणों को पुख्ता हो गया कि यह किसी और का नहीं बल्कि टाइगर का हमला है। ग्रामीणों से जानकारी सरपंच के पास पहुंची सरपंच ने वन विभाग और पुलिस को सूचना दी। वन विभाग को सूचना मिलते ही कुछ ही घंटों में तमाम जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन का अमला गांव पहुंच गया। वन विभाग ने लोगो को सावधान रहने के निर्दश दिए हैं। साथ ही वन अमला बाघ के पंजों के निशान के जरिए बाघ की तलाश में जुट गया है।

स्वदेशी मेला का शुभारंभ आज से

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारतीय विपणन विकास केन्द्र द्वारा स्वदेशी मेले का का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेले का भव्य उद्घाटन रविवार संध्या 6 बजे मुख्य अतिथि-संतोष गंगवार, अध्यक्षता-मा. डॉ. रमन सिंह (पूर्व मुख्यमंत्री), विशिष्ट अतिथि- मा. सुनील सोनी (सांसद, रायपुर), मा. अरूण साव (सांसद, बिलासपुर), मान.गौरी शंकर अग्रवाल (पूर्व विधान सभा अध्यक्ष) विशेष अतिथि- रमेश मोदी, अमर पारवानी, अजय भंसाली, तिलाक बरड़िया, रमेश अग्रवाल, छगन मुदंड़ा, अजय सारडा, राजीव अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, चंदेश शाह, कन्हैयालाल छुगानी, मनमोहन सिंग सेलानी, अशोक बरड़िया, विजय दम्मानी उपस्थित रहेंगें। दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ गणेश वंदना से किया जाएगा ।

स्वदेशी मेला के संयोजक प्रवीण देवड़ा ने बताया कि रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई मैदान में हर साल की तरह इस साल भी स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 300 से ज्यादा घरेलू उपयोगी उत्पाद, लाईफ स्टाईल, आटोमोबाईल्स, हैण्डीक्राफ्ट एवं हैण्डलूम, इलेक्ट्रानिक्स एवं इलेक्ट्रीकल, कम्यूनिकेशन, बैंक एवं इन्श्योरेंस, रियल इस्टेट इत्यादि स्टॉल लगाये गए है, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यो के लोग के अपने-अपने स्वदेशी वस्तु व व्यंजन का स्टॉल लगाए जाऐंगें। 6 जनवरी को परिसर में दोपहर 3:00 से 4:30 बजे तक केश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में 821 विविध कार्यक्रमों का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित राज्य युवा महोत्सव में इस बार 821 विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य युवा महोत्सव में पहली बार छत्तीसगढ़ के पारम्परिक लोक गीत, नृत्य, खेल और छत्तीसगढ़ी व्यंजन का आनंद लोग उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में 15 से 40 वर्ष आयु और 40 वर्ष से अधिक आयु के दो वर्गों में ये सभी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में 613 और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 208 विधाओं में इस तरह कुल 821 विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की परंपरागत गीत, नृत्य, खेलों और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को भी पहली बार एक मंच में शामिल किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवा उत्सव में सांस्कृतिक विधाओं में हिंदुस्तानी-कर्नाटक शैली में शास्त्रीय गायन, सितार, बांसुरी, तबला, वीणा, मृदंगम, हारमोनियम, गिटार का वादन, शास्त्रीय नृत्य-मणिपुरी, ओड़िसी, भरतनाट्यम, कत्थक, कूचीपूड़ी के साथ-साथ पारम्परिक सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, करमा नाचा, सरहुल नाचा, बस्तरियां लोक नृत्य, राउत नाचा के रंग यहां देखने को मिलेंगे। इसके अलावा पारम्परिक खेलों में फुगड़ी, भौंरा, गेड़ी दौड़-चाल, रॉक बैण्ड (राज्य स्तर पर) के अलावा छत्तीसगढ़ी संस्कृति को उजागर करने के लिए पारम्परिक वेशभूषा प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी व्यंजन पर आधारित फूड फेस्टिवल प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर, पारम्परिक एवं आदिवासी शैली से संबंधित विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता को शामिल किया गया है। इसमें एकांकी नाटक (हिन्दी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी भाषा), वाद-विवाद (तात्कालिक, समसामयिक विषय), कबड्डी और खो-खो को भी शामिल किया गया हैं।

प्रदेश के किसानों से नेकॉफ खरीदेगा मक्का

- राज्य के कृषि मंडियों में होगी मक्का खरीदी
- किसानों को अग्रिम भुगतान पश्चात ही उठाया जाएगा मक्का
- मुख्यमंत्री का किसानों के हित में विशेष प्रयास

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल और विशेष प्रयास पर मक्का खरीदी की कार्रवाई शुरू हो गई है। खरीफएवं रबी विपणन वर्ष 2019-20 में छत्तीसगढ़ के किसानों से भारतीय राष्ट्रीय कृषक उपज उपार्जन, प्रसंस्करण एवं फुटकर सहकारी संघ (नेकॉफ) द्वारा मक्का की खरीदी की जाएगी। राज्य शासन द्वारा आज यहां मंत्रालय (महानदी भवन) से खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों से मक्का खरीदने के लिए नेकॉफको एनओसी जारी किया गया है।

खाद्य विभाग से जारी आदेश के अनुसार नेकॉफद्वारा किसानों को मक्का खरीदी की राशि का भुगतान अग्रिम रूप से किया जाएगा। किसानों को पहले उनके बैंक खाते में ऑनलाईन भुगतान करने के बाद ही मक्का का उठाव किया जाएगा। मक्का की खरीदी राज्य के कृषि उपज मंडियों में किया जाएगा। मक्का खरीदी के लिए राज्य के मंडियों को नियमानुसार देय मंडी शुल्क और निराश्रित शुल्क का भुगतान नेकॉफ द्वारा किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019-20 मौसम के लिए उचित, औसत गुणवत्ता के रबी एवं खरीफ मक्का के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 1760 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किया जाएगा। नेकॉफ द्वारा मक्का खरीदी के लिए किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। रबी खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में मक्का खरीदी का कार्य पूर्ण कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था के माध्यम से राशि का भुगतान किसानों के खाते में डिजिटल मोड से किया जाएगा।

धान उपार्जन संबंधी शिकायत, सुझाव एवं पूछताछ के लिए राज्य स्तरीय किसान हेल्पलाईन नंबर प्रारंभ धनहा एप भी प्रारंभ

रायपुर। खरीफवर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में पंजीकृत किसानों की शिकायत, सुझाव एवं पूछताछ के लिए राज्य स्तरीय किसान हेल्पलाईन नंबर 1967 तथा 1800-233-3663 प्रारंभ किया गया है। हेल्पलाईन नंबर सुबह सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक संचालित होगी। कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन ने बताया है कि पंजीकृत किसान अपना पंजीयन क्रमांक बताकर धान उपार्जन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है और अपनी शिकायत एवं सुझाव दर्ज करा सकता है। इसके अलावा पंजीकृत किसान अपनी शिकायत एवं सुझाव जनभागीदारी वेबसाईट पर ऑनलाईन दर्ज करा सकते है तथा पुलिस हेल्पलाईन नंबर 112 पर भी अपनी शिकायत एवं सुझाव दर्ज करा सकते है। पंजीकृत किसानों को धान खरीदी संबंधी जानकारी जैसे- खरीदी केन्द्र में धान बेचने टोकन, भुगतान आदि की जानकारी प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा धनहा एप प्रारंभ किया गया है।